CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 15°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 10 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 52 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 20 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



इस साल के अंत तक आ जाएगी अहमदाबाद विमान हादसे की अंतिम रिपोर्ट: नायडू पेज 2



ओलंपिक गोल्ड जीतना है अगला लक्ष्य : सूर्यकुमार खेल टाइम्स




टी-20 क्रिकेट : टीम इंडिया का वर्चस्व सम्पादकीय



पश्चिम एशिया संकट गहराने से शेयर बाजार धड़ाम पेज 2

# धामी सरकार ने किया 1.11 लाख करोड़ का बजट पेश

## गंगा कॉरिडोर समेत कई नई योजनाओं का ऐलान, बजट में नई योजनाओं, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष जोर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**गैरसैंण।** गैरसैंण। उत्तराखंड विधानसभा बजट सत्र गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा में चल रहा है, जिसके तहत सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2026-27 के लिए 1,11,703.21 करोड़ रुपये का बजट सदन में पेश किया। बजट में नई योजनाओं, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है।

उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने साल 2026-27 का बजट सदन में पेश किया, इस बार राज्य का कुल बजट आकार 1,11,703.21 करोड़ रुपये यानी एक लाख 11 हजार 703 करोड़ रुपये का रखा गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 10.41 फीसदी ज्यादा है। सरकार ने इस बजट को विकास, रोजगार, पर्यटन और आधारभूत ढांचे -शेष पृष्ठ दो पर

### हरिद्वार व ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के लिए 10-10 करोड़

धार्मिक पर्यटन और आध्यात्मिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए हरिद्वार गंगा कॉरिडोर परियोजना और ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के लिए 10-10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

### आपदा सखी योजना के लिए 19 करोड़ रुपये प्रस्तावित

आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 'आपदा सखी' योजना के लिए 2 करोड़ रुपये और रेस्क्यू सेंटर के लिए 19 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। ग्राम स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्राम प्रहरी योजना के लिए 5 करोड़ रुपये रखा गया है।

### साइबर सिक्योरिटी और एआई पर भी विशेष फोकस

तकनीकी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए साइबर सिक्योरिटी के क्रियान्वयन के लिए 5 करोड़ और इमरजिंग टेक्नोलॉजी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के लिए 10.50 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य: सीएम

**गैरसैंण।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प ज्ञान मॉडल के माध्यम से राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाना है। इस मॉडल में गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी सशक्तिकरण को विकास के चार प्रमुख स्तंभ के रूप में रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज -शेष पृष्ठ दो पर

## 20वां रोज़ा

### रोज़ा सब्र का प्याला और मगफिरत का उजाला है



बीसवां रोज़ा दरअसल मगफिरत के अशरे की आखिरी कड़ी है। जैसा कि पहले भी बयान किया जा चुका है कि ग्यारहवें रोज़े से शुरू होकर बीसवें रोज़े तक के बीच के दस दिनों की रोज़ेदार की परहेजगारी, इबादत, तिलावते-कुरआन और तकवा के साथ अल्लाह की फर्मांबरदारी ही मगफिरत की रोशनी का मुस्तहिक बनाती है। बीसवें रोजे की तश्बीह कुछ इस तरह होगी। रोज़ा रूहानी काउंटर है। तकवा तराज़ू है। पाकीज़गी और परहेजगारी पलड़े हैं। सब्र इस तराज़ू की डंडी या ग्रिप है। अल्लाह पर ईमान इसका बाट है। मगफिरत सामान है। यों भी कहा जा सकता है कि रोज़ा सब्र का प्याला और मगफिरत का उजाला है। सवाल यह उठता है कि मगफिरत का यह उजाला नसीब कैसे हो? इसका जवाब कुरआने-पाक की सूरह आले इमरान की आयत नंबर सत्तावन में इस तरह है- और जो ईमान लाए और अमल-ए-नेक करते रहे उनको खुदा पूरा-पूरा सिला देगा।

# इजरायल ने ईरान पर फिर किए ताबड़तोड़ हमले

## तेहरान-इस्फहान समेत कई शहरों को बनाया निशाना

**ईरानी शासन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर की जा रही एयरस्ट्राइक**

**ईरान ने कहा कि जब तक हमले जारी हैं, तब तक बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं**

**पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल**

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका - इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग का सोमवार को दसवां दिन था। इजरायल ने एक बार फिर ईरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले शुरू किए हैं। इजरायली सेना के मुताबिक राजधानी तेहरान, इस्फहान और दक्षिणी इलाकों में ईरानी शासन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर एयरस्ट्राइक की जा रही हैं।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि जब तक हमले जारी हैं, तब तक बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं है और ईरान निर्णायक जवाब देने पर ध्यान दे रहा है। लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में भी कई एयरस्ट्राइक की खबरें सामने आई हैं। इस बीच टाइम्स ऑफ इजरायल ने बताया कि ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार को तेल भंडार ठिकानों पर इजरायली हमलों के बाद फैला तेल शहर की नालियों में पहुंच गया है। इससे सड़कों के किनारे आग की नदी जैसे हालात बन गए। ईरान के सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी ने कहा है कि जो देश ईरान के खिलाफ युद्ध और दुश्मनी का रवैया रखते हैं, उन्हें अब समझ आ गया है कि ईरान की व्यवस्था मजबूत है और आगे भी कायम रहेगी। लारीजानी ने यह भी कहा कि नए नेतृत्व से देश में उम्मीद और एकजुटता बढ़ेगी। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के खिलाफ युद्ध के लिए उकसाया गया। उनका दावा है कि अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मिलकर साजिश की। अराघची के मुताबिक ग्राहम हाल के हफ्तों में कई बार इजरायल गए और वहां की खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात की। इन बैठकों में ईरान से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। अराघची का कहना है कि ग्राहम ने कहा था कि उन्हें इजरायल से ऐसी खुफिया जानकारी मिलती है, जो कभी-कभी अमेरिकी सरकार भी शेयर नहीं करती। इसी जानकारी के आधार पर ट्रम्प को ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए राजी किया गया। अराघची ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राहम ने इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को सलाह दी कि वे ट्रम्प को ईरान के खिलाफ सैन्य कदम उठाने के लिए कैसे मना सकते हैं। अराघची ने कहा कि किसी भी देश में ऐसा करना देशद्रोह जैसा माना जाएगा।



### ईरान ने इजरायली-अमेरिकी ठिकानों पर बरसाए क्लस्टर बम

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों ने सोमवार को पश्चिमी एशिया में अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर नए हमले किए। इन हमलों में ड्रोन के साथ-साथ हाइपरसोनिक और बैलिस्टिक मिसाइलों व क्लस्टर बम का भी इस्तेमाल किया गया। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' पूरी तरह सफल रहा। इसके तहत क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और इजरायल कब्जे वाले उत्तरी क्षेत्रों में कई स्थानों पर एक साथ हमला किया गया। बताया गया है कि इस ऑपरेशन में रणनीतिक ड्रोनों के अलावा खुर्रमशहर, फतह और खैबर मिसाइलों का उपयोग किया गया। सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने आईआरजीसी के हवाले से बताया कि ये हमले नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई के चुनाव के साथ ही किए गए। इस बीच, बहरीन के नेशनल कम्युनिकेशन सेंटर ने बताया कि ईरानी हमले के बाद मामीर गांव में बहरीन पेट्रोलियम कंपनी (बापको) के एक केंद्र में आग लग गई।

# दिल्ली शराब नीति केस: हाईकोर्ट का सभी 23 आरोपियों को नोटिस

**■ सीबीआई अफसरों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक ■ मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुनवाई नहीं करने का आदेश**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को दिल्ली शराब नीति केस में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित मनी लान्ड्रिंग (पीएमएलए) मामले में ट्रायल कोर्ट आगे की सुनवाई तब तक टाल दे, जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर आगे सुनवाई न कर ले। ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को इस मामले में सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया था। इसी आदेश को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सीबीआई ने अपनी 974 पेज की याचिका में कहा है कि ट्रायल कोर्ट ने चार्ज फ्रेमिंग के चरण में ही मिनी-ट्रायल जैसा व्यवहार किया। कोर्ट ने पूरे सबूतों को विस्तार से जांचना शुरू -शेष पृष्ठ दो पर

### शरजील इमाम को कोर्ट ने दी10 दिन की अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के आरोपी शरजील इमाम को कड़कड़डूमा कोर्ट से सोमवार को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने शरजील इमाम को अपने भाई की शादी में शामिल होने और बीमार मां की देखभाल करने के लिए 10 दिन की अंतरिम जमानत दी है। एडिशनल सेशन जज समीर बाजपेई की अदालत ने शरजील को 20 मार्च से 30 मार्च तक अंतरिम जमानत दी है। शरजील इमाम ने अदालत में अर्जी देकर 10 दिनों की अंतरिम रिहाई की मांग की थी। उनकी ओर से वकीलों ने दलील दी कि उनके सगे भाई की जल्द ही शादी होने वाली है, ऐसे में परिवार में उनकी मौजूदगी जरूरी है। साथ ही यह भी बताया गया कि उनकी मां की तबीयत काफी खराब है और उनकी देखभाल करने वाला कोई दूसरा नहीं है। इन परिस्थितियों और पारिवारिक जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए अदालत ने मानवीय आधार पर राहत देते हुए शरजील इमाम को 10 दिनों के लिए जेल से बाहर आने की अनुमति दे दी।

### ममता बनर्जी के धरने का चौथा दिन, रवींद्र संगीत सुनाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। सोमवार को धरना स्थल पर ममता ने रवींद्र संगीत दल के साथ गाना गाया। ममता ने आरोप लगाया कि उनके धरना स्थल पर भाजपा और उसकी एजेंसियां पर्चे बांट रहे हैं। ममता ने टीएमसी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे पर्चे बांट रहे लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दें। पर्चों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 14 मार्च को कोलकाता में होने वाली रैली का प्रचार किया जा रहा है।

# पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष का हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर नहीं हो पाई चर्चा**

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के कारण पश्चिम एशिया के बिगड़े हालात पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही सोमवार को दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

इसके कारण आज की कार्यसूची में होने के बावजूद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकी। एक बार के स्थगन के बाद अपरान्ह तीन बजे सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होते ही विपक्षी सदस्य पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग को लेकर फिर से हंगामा करने लगे। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद) के सदस्य अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर शोरगुल करने लगे। अपनी मांगों के समर्थन में कई सदस्य तख्तियां भी लिए हुए थे। कई सदस्य सदन के बीचोबीच आकर नारेबाजी कर रहे थे। कांग्रेस के मोहम्मद जावेद ने हंगामे के बीच ही कहा कि 50 लाख से अधिक भारतीय खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं, जो एक बहुत गंभीर मुद्दा है और इस पर तत्काल चर्चा कराई जानी चाहिए। कुछ सदस्य कह रहे थे कि पेट्रोल और डीजल का संकट शुरू हो गया है, अतः इस मुद्दे पर चर्चा कराना जरूरी है। इससे पहले इसी मांग को लेकर हंगामे के कारण दोपहर 12 बजे कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा आज की कार्यसूची में दर्ज थी, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित होने से इस पर चर्चा नहीं कराई जा सकी।




## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट में प्याज-लहसुन को तामसिक मानने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक वकील ने 5 पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (पीआईएल)/ जनहित याचिका फाइल की थीं। इनमें से एक में कहा गया था कि प्याज और लहसुन में तामसिक या नेगेटिव एनर्जी होती है या नहीं इसके लिए रिसर्च की मांग की गई थी। इस पर सोमवार को सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने एडवोकेट सचिन गुप्ता को फटकार लगाई। सीजेआई ने पूछा कि आधी रात को ये सब पिटीशन ड्राफ्ट करते हो क्या? सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने वकील की पांचों पीआईएल अस्पष्ट, फालतू और बेबुनियाद बताकर खारिज कर दीं। पिटीशनर ने जवाब दिया कि यह एक आम मुद्दा है और दावा किया कि गुजरात में खाने में प्याज के इस्तेमाल को लेकर कथित तौर पर एक तलाक हुआ था। सीजेआई बोले- आप जैन समुदाय की भावना को ठेस पहुंचाना चाहते हैं।

# ईरानी युद्धपोत पर भारत की भूमिका को लेकर सरकार ने दी सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा: फर्जी वीडियो के जरिये लोगों को भ्रमित कर रहा है पाकिस्तान ■ सेना प्रमुख द्विवेदी ने कथित वीडियो को फर्जी करार दिया**



**नई दिल्ली।** सरकार ने सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी के उस कथित वीडियो को फर्जी करार दिया है, जिसमें यह दावा किया गया है कि भारत ने श्रीलंका के निकट हिन्द महासागर में अमेरिकी हमले में नष्ट किए गए ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना की सटीक स्थिति इजरायल के साथ साझा की थी।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने सोशल मीडिया पर अपने फैक्ट चेक में सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार तंत्र ने इस वीडियो में डिजिटल रूप से बदलाव किया है और यह एआई जनित डीपफेक वीडियो है, जो फर्जी है। जनरल द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। सरकार ने कहा है कि पाकिस्तानी दुष्प्रचार अकाउंट भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी का डिजिटल रूप से बदला हुआ वीडियो साझा कर रहे हैं, जिसमें यह झूठा दावा किया गया है कि जब ईरानी जहाज अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में गया तो इजरायल के रणनीतिक सहयोगी के रूप में उसका सटीक स्थान बताना हमारा कर्तव्य था। सावधान रहें! यह एक एआई-जनित डीपफेक वीडियो है, जिसे जनता को गुमराह करने के लिए साझा किया गया है। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। सरकार ने कहा है कि आधिकारिक भाषणों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने वाली एआई-जनित सामग्री का प्रसार दुर्भावनापूर्ण तत्वों द्वारा तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करने का प्रयास है। सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के अनुसार एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना अनिवार्य है और डिजिटल प्लेटफॉर्म से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसे दिशानिर्देशों का पालन करें ताकि बदली हुई मीडिया सामग्री के प्रसार को रोका जा सके। पाकिस्तान ने जनरल द्विवेदी के ऑपरेशन सिंदूर पर एक मूल वीडियो में एआई से फेरबदल किया है और इस फर्जी वीडियो को लोगों को भ्रमित करने के लिए सोशल मीडिया पर जारी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विस चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस में तीन नए सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने आगामी असम विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन नए सचिवों की नियुक्ति की घोषणा की है। इस संबंध में सोमवार को पार्टी की ओर से आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। पार्टी महासचिव केसी वेगुगोपाल द्वारा जारी बयान के अनुसार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिए नए सचिवों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह नियुक्तियां मौजूदा सचिवों के अतिरिक्त की गई हैं और तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। जिन नेताओं को सचिव बनाया गया है उनमें पालाश पवन सैकिया, दीपांकर बोरा और जॉनसन संगमा शामिल हैं। गौरतलब है कि असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी खोई हुई जमीन को तलाशने में जुटी हुई है।

### लोनिवि के तकनीकी सलाहकार वीके सिंह का कार्यकाल बढ़ा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लोक निर्माण विभाग में फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक के कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित कराने के लिए सृजित तकनीकी सलाहकार के पद पर तैनात वी के सिंह के कार्यकाल की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ा दी गई है। जारी आदेश के मुताबिक सेवानिवृत्त प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष विजय कुमार सिंह को इस पद पर यथावत तैनात रखा गया है। पहले यह नियुक्ति 28 फरवरी 2026 तक के लिए की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 1 मार्च 2026 से 28 फरवरी 2027 तक कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि यह पद लोनिवि में नवीन तकनीक एफडीआर के कार्यों को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से लागू कराने के उद्देश्य से सृजित किया गया था।

# खाड़ी संकट पर राज्यसभा में चर्चा कराने की मांग

## भाकपा सांसद संदोष कुमार ने दिया नोटिस

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद संदोष कुमार पी ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव और वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा के मुद्दे पर राज्यसभा में नियम 267 के तहत चर्चा कराने का नोटिस दिया है। उन्होंने सोमवार को सदन में सामान्य कामकाज स्थगित कर इस गंभीर विषय पर तत्काल चर्चा कराने की मांग की है।

अपने नोटिस में उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से चल रहे तनाव के कारण खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा और मानवीय स्थिति गंभीर होती जा रही है। इससे वहां काम कर रहे लाखों भारतीयों की सुरक्षा, आजीविका और आवागमन को लेकर चिंता बढ़ गई है। सांसद ने कहा कि खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय कामगार, पेशेवर और उनके परिवार रहते हैं, जो भारत की अर्थव्यवस्था और मेजबान देशों दोनों के लिए महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ऐसे में मौजूदा हालात को देखते हुए भारत सरकार को स्थिति पर लगातार निगरानी रखनी चाहिए और भारतीय समुदाय के लिए प्रभावी सहायता तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने सरकार से यह भी मांग की कि संसद में इस मुद्दे पर स्पष्ट बयान दिया जाए और जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तथा संभावित निकासी की तैयारी की जाए।

### पश्चिम एशिया संकट पर लोकसभा में चर्चा कराई जाए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने पश्चिम एशिया संकट के कारण भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर बढ़ रहे प्रभाव पर लोकसभा में चर्चा कराने के लिए स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। उन्होंने सदन का कामकाज स्थगित कर इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर तत्काल चर्चा कराने की मांग की है। अपने नोटिस में वेणुगोपाल ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव, भारत की अर्थव्यवस्था, रणनीतिक हितों और विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा कर रहा है।

# देश के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं: अखिलेश

## कहा: युद्ध जैसे हालात में संसद और सरकार की प्राथमिकताएं उसी के अनुरूप तय हों

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जब संसद के बजट सत्र का अंतराल हुआ था, तब परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन आज युद्ध जैसे हालात बन जाने के कारण देश के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। ऐसे संकट के समय संसद और सरकार की प्राथमिकताएं भी उसी के अनुरूप तय होनी चाहिए।

सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि इस समय सबसे पहले युद्ध की स्थिति में भारत का स्पष्ट पक्ष और राय सामने रखने की जरूरत है। इसके साथ ही विदेश नीति को किसी दबाव में गिरवी रखने का सवाल भी गंभीर है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरागत स्वतंत्र विदेश नीति हमेशा देशहित को ध्यान में रखकर चलती रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि तेल जैसी महत्वपूर्ण आपूर्ति के मामले में भी



■ भारत की परंपरागत स्वतंत्र विदेश नीति हमेशा देशहित को ध्यान में रखकर चलती रही है

भारत को आत्मनिर्णय का अधिकार होना चाहिए। यदि किसी विदेशी दबाव या अमेरिकी आदेश के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं, तो इससे देश की संप्रभुता और आत्मनिर्भरता पर सवाल उठते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध से प्रभावित क्षेत्रों में काम कर रहे या पर्यटक के रूप में गए भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। वहां फंसे सभी भारतीयों को सुरक्षित और शीघ्र भारत वापस लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ विदेश दौरे पर गए कुछ पत्रकार और मीडियाकर्मी भी युद्ध शुरू होने के कारण वापस नहीं लौट पाए हैं।

सरकार को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें सुरक्षित देश वापस लाने की व्यवस्था करनी चाहिए। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि युद्ध की स्थिति में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए सरकार को जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति नियमित और सुनिश्चित रखने के साथ-साथ उनके बढ़ते दामों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

## उप्र में बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों को न्याय मिलेगा

# जनसमस्याओं का समयबद्धता से निस्तारण करें अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री स्वयं लोगों के बीच पहुंचे, उनके प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित, प्रभावी और पारदर्शी समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जन आकांक्षाओं के अनुरूप सेवा, सुरक्षा और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिना किसी भेदभाव के सभी को न्याय मिलेगा और जनसमस्याओं का शीघ्र व प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। योगी ने जनपदों के प्रशासनिक और पुलिस



■ जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं

अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हर शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। जनता दर्शन के दौरान दो उद्यमियों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर यूपीसीडा और जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर इकोसिस्टम तैयार किया गया है और सिंगल विंडो सिस्टम जैसी पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए और उद्योग विकास में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। जनता दर्शन में आए एक पीड़ित ने पुलिस से जुड़ी शिकायत रखते हुए कार्रवाई में देरी का मुद्दा उठाया। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित पुलिस अधीक्षक को मामले का तत्काल संज्ञान लेकर समयबद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एक अन्य प्रकरण पारिवारिक विवाद से जुड़ा था, जबकि अवैध कब्जे की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसे मामलों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि प्रदेश सरकार आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### निर्धारित शासनादेश के अनुसार ही लिया जाए परीक्षा शुल्क: योगेन्द्र उपाध्याय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने राज्य विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया है कि परीक्षा शुल्क शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी विश्वविद्यालय द्वारा तय सीमा से अधिक शुल्क वसूला जाता है तो उसकी ऑडिट कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। सोमवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में परीक्षा शुल्क और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में विश्वविद्यालयों की शुल्क संरचना और शासनादेशों के अनुपालन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा को सुलभ, सस्ता और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि फीस में अनावश्यक वृद्धि से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है, इसलिए विश्वविद्यालयों को छात्रहित को प्राथमिकता देते हुए निर्णय लेना चाहिए।

# ईद के बाद शुरू कराया जाए यूपी बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन: महेंद्र सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने योगी सरकार से मांग की है कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य ईद-उल-फितर के बाद शुरू कराया जाए। उनका कहना है कि इससे शिक्षक अपने धार्मिक पर्व को सम्मान और शांति के साथ मना सकेंगे। महेंद्र सिंह ने कहा कि जैसे हिदू समाज के लिए होली और दीपावली बड़े और महत्वपूर्ण पर्व हैं, उसी तरह मुस्लिम समाज के लिए ईद भी अत्यंत पवित्र और अहम त्योहार है। इसलिए सरकार को सभी धर्मों की भावनाओं का समान रूप से सम्मान करना चाहिए और ऐसे निर्णय लेने चाहिए जिनसे किसी समुदाय को अपने पर्व मनाने में परेशानी न हो। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 18

■ आम आदमी पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने उठाई मांग

मार्च से यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू कराने की तैयारी की जा रही है। इसी दौरान 20 मार्च को अलविदा जुमे की नमाज और 21 मार्च को ईद-उल-फितर का पर्व पड़ रहा है। मूल्यांकन के दौरान कई बार सार्वजनिक अवकाश भी निरस्त कर दिए जाते हैं और रविवार को भी कॉपियों की जांच कराई जाती है। ऐसे में बड़ी संख्या में शिक्षक, खासकर मुस्लिम शिक्षक, अपने सबसे बड़े त्योहार को परिवार और समाज के साथ पूरी तरह नहीं मना पाएंगे।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 78918.90
निफ्टी 24450.45



सोना 159409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 263210
प्रति किलो



# पश्चिम एशिया संकट गहराने से शेयर बाजार धड़ाम

**मुंबई, वार्ता**

पश्चिम एशिया में जारी संकट और गहरा जाने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट देखी गई और प्रमुख सूचकांक करीब तीन प्रतिशत लुढ़क गए। ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों वाले दूसरे पश्चिमी एशियाई देशों पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। इससे तमाम एशियाई शेयर बाजारों के साथ भारतीय शेयर बाजारों में भी बड़ी गिरावट देखी गई, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 20 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गई और डॉलर की तुलना में रुपया 51 पैसे गिर गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,862.15 अंक गिरकर 77,056.75 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 2,241.23 अंक (2.84 प्रतिशत) की गिरावट में 76,677.67 अंक पर था। बीच कारोबार में एक समय यह 2,496 अंक उतर गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 582.40 अंक गिरकर 23,868.05 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 682.65 अंक यानी 2.79 प्रतिशत नीचे 23,767.80 अंक पर था।



कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आज ब्रेंट क्रूड की कीमत 20 प्रतिशत से अधिक उछलकर 107 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास क्रूड 22 प्रतिशत से ज्यादा महंगा हुआ और 115 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया। रुपया फिलहाल 51 पैसे की गिरावट में 92.33 रुपये प्रति डॉलर पर है। घरेलू शेयर बाजारों में सभी सेक्टर पर भारी दबाव है। बैंकिंग, वित्त, ऑटो, मीडिया, धातु और रसायन सेक्टरों के सूचकांक चार प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट में हैं। सेंसेक्स की सभी कंपनियां लाल निशान में हैं। सबसे ज्यादा गिरावट वाली 10 कंपनियां क्रमशः इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी, लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक रहे।

### कच्चा तेल साढ़े तीन साल बाद 100 डॉलर प्रति बैरल के पार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनैतिक संकट के बीच सोमवार को कच्चे तेल के मूल्य में बड़ा उछाल आया और यह साढ़े तीन साल बाद 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस पर 92-69 डॉलर पर बंद होने वाला लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा आज 99.75 डॉलर प्रति बैरल पर खुला और एक समय 119.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था। खबर लिखे जाते समय यह 12.80 प्रतिशत ऊपर 104.55 डॉलर प्रति बैरल पर था। अगस्त 2022 के बाद पहली बार कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर निकला है। अमेरिकी वेस्ट टेक्सस क्रूड भी 119.48 अंक तक पहुंचने के बाद 12.18 प्रतिशत ऊपर 101.97 डॉलर प्रति बैरल पर था। गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर किए गए हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी प्रतिक्रिया से पश्चिम एशिया में कच्चे तेल का उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला दोनों पर असर पड़ा है।

# चावल, चीनी मजबूत, गेहूं नरम दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी में तेजी रही, जबकि गेहूं में नरमी देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 103 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 44 रुपये टूटकर 2,810 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटा भी 62 रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में तुअर दाल औसतन 161 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल की कीमत 126 रुपये और मसूर दाल की 118 रुपये बढ़ गई। मूंग दाल 70 रुपये मजबूत हुई। वहीं उड़द दाल 10 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 203 रिंगिट चढ़कर 4,570 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 2.78 प्रतिशत की बढ़त में 68.43 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 189 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। पाम ऑयल 60 रुपये और सोया तेल 44 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 38 रुपये की गिरावट में रहा। सरसों तेल और वनस्पति की कीमत 72.72 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 49 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7736.75 रुपये, मसूर काली 8087.58 रुपये, मूंग दाल 10131.67 रुपये, उड़द दाल 10723.98 रुपये, तुअर दाल 11201.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2809.85 रुपये और चावल 3856.19 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3283.88 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4294.63 रुपये और गुड़ 4976.84 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17600.72 रुपये, मूंगफली तेल 18395.67 रुपये, सूरजमुखी तेल 16717.38 रुपये, सोया तेल 14151.71 रुपये, पाम ऑयल 12802.65 रुपये और वनस्पति 14523.34 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धामी सरकार...** को मजबूत करने पर केंद्रित बताया है। सरकार ने इस बजट में विभिन्न विभागों की पूंजीगत योजनाओं के लिए भी महत्वपूर्ण धनराशि का प्रावधान किया है। शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए 542.84 करोड़ रुपये, उच्च शिक्षा विभाग के लिए 146.30 करोड़ रुपये और तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए 98.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, स्वास्थ्य क्षेत्र में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 195.46 करोड़ रुपये और चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए 126.37 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पेयजल विभाग को 1,827.91 करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास विभाग को 1,642.20 करोड़ रुपये और शहरी विकास विभाग को 1,401.85 करोड़ रुपये का प्रावधान दिया गया है। ऊर्जा विभाग के लिए 1,609.43 करोड़ रुपये और लोक निर्माण विभाग के लिए 2,501.91 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिससे सड़क और अन्य आधारभूत ढांचे के विकास को गति मिलेगी। इसके अलावा सरकार ने कई नई योजनाओं की भी घोषणा की है। कुंभ मेले के लिए अवस्थापना विकास के लिए भारत सरकार से 1,027 करोड़ रुपये के अनुदान का प्रस्ताव रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन के लिए 705.25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्भया फंड के लिए 112.02 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए अवस्थापना निर्माण के लिए 100 करोड़ बजट रखा गया हैं। इसके अलावा महक क्रांति योजना के लिए 10 करोड़ रुपये, हाउस ऑफ हिमालयाज के लिए 5 करोड़ रुपये और उत्तराखंड एवं भारत दर्शन योजना के लिए 4.50 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, सरयू और अन्य रिवर फ्रंट योजनाओं के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है।इसके साथ ही युवाओं और गति. विधियों को बढ़ावा देने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर स्टेडियम निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नशा मुक्ति केंद्रों के लिए 4.50 करोड़ रुपये और पुस्तकालय निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये का बजट भी प्रस्तावित किया गया है। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विदेश रोजगार प्रकोष्ठ के लिए 3.73 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार का कहना है कि इन योजनाओं के माध्यम से राज्य में पर्यटन, रोजगार, तकनीक और सामाजिक विकास को नई गति दी जाएगी।

**उत्तराखंड को...** के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उत्तराखंड को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इसी दृष्टि से बजट में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को उत्तराखंड के भविष्य का रोडमैप बताते हुए कहा कि यह केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं बल्कि राज्य के समग्र विकास की दिशा तय करने वाला बजट है। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि लगभग 1.11 लाख करोड़ रुपये का यह बजट विकास, विरासत, संस्कृति और आधुनिकता के संतुलन को दर्शाता है और विकसित भारत के लिए विकसित उत्तराखंड की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**दिल्ली शराब नीति...** कर दिया, जैसे कि पूरा केस चल रहा हो। जबकि इस स्तर पर केवल सरसरी नजर से मामला देखा जाता है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एजेंसी फिलहाल डिस्चार्ज आदेश पर रोक नहीं चाहती, लेकिन यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ट्रायल कोर्ट का फैसला ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच को प्रभावित न करे। हाईकोर्ट ने एक्साइज पॉलिसी केस की जांच करने वाले सीबीआई ऑफिसर के खिलाफ डिपार्टमेंटल एक्शन लेने के ट्रायल कोर्ट के ऑर्डर पर रोक लगा दी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को मामले में आरोपी बनाए गए दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 23 लोगों को बरी कर दिया था। फैसला आने के 6 घंटे के बाद ही सीबीआई ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील कर दी थी। सीबीआई ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट से इसे रद्द करने की मांग की है। वहीं, बरी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। आज ये साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं।

# स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में 100 फीसद ओडीएफ प्लस राज्य बना उत्तर प्रदेश

**लखनऊ, वार्ता**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत उत्तर प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस राज्य बनने का कीर्तिमान हासिल किया है। वहीं पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि प्रदेश की ग्राम पंचायतें स्वच्छता के क्षेत्र में देश के लिए मिसाल बन रही हैं और सरकार भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर काम करती रहेगी।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रथम चरण में प्रदेश को पहले ही 100 प्रतिशत ओडीएफ राज्य घोषित किया जा चुका है। इस चरण में उत्तर प्रदेश में 2.74 करोड़ से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण किया गया, जिससे राज्य देश में सर्वाधिक शौचालय निर्माण करने वाला प्रदेश बनकर उभरा। मिशन के दूसरे चरण में ओडीएफ की स्थिति को स्थाई बनाए रखने के साथ-साथ ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश के 95,767 गांवों ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था के साथ स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित किया है, जबकि 94,723 से अधिक गांवों को ओडीएफ प्लस का दर्जा मिल चुका है। दूसरे चरण के तहत अब तक 57,25,291 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए 59,165 सामुदायिक शौचालयों का भी निर्माण कराया गया है। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है। ग्राम पंचायतों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस श्रेणी में लाकर स्वच्छता को स्थाई आदत बनाना है।

■ सरकार भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर काम करती रहेगी

### इस साल के अंत तक आ जाएगी अहमदाबाद विमान हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किजरापू ने सोमवार को कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में पिछले साल 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे की अंतिम रिपोर्ट इस साल के अंत तक आ जाएगी। नायडू ने राज्यसभा में में बताया कि एयर इंडिया विमान हादसे की जांच तेजी से की जा रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय जांच में जुटे हवाई दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) को सभी जरूरी संसाधन मुहैया करा रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी अंतिम रिपोर्ट इस साल के अंत तक आ जाएगी। उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जा रही उड़ान संख्या एआई171 पिछले साल 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। टेकऑफ के बाद विमान पर्याप्त ऊंचाई हासिल नहीं कर सका।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



20वां रोज़ा इफ्तार
10 मार्च मंगलवार
सुन्नी...................... 06:26
शिया...................... 06:39

21वां रोज़ा सहरी
11 मार्च बुधवार
सुन्नी...................... 05:08
शिया...................... 04:14



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

## क्षत-विक्षत शव पड़ा देख राहगीरों ने दी पुलिस को सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कस्बे के जानसठ रोड स्थित रेलवे फाटक के पास रविवार देर रात एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार देर रात कुछ राहगीरों ने रेलवे ट्रैक पर एक युवक का क्षत-विक्षत शव पड़ा देखा, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर शव की पहचान कराने का प्रयास किया।

काफी देर की मशक्कत के बाद मृतक की पहचान 26 वर्षीय अजीत, पुत्र पिलोरी, निवासी गांव भलवा थाना जानसठ के रूप में हुई। पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक काफी देर से रेलवे फाटक के आसपास संदिग्ध स्थिति में घूमता देखा गया था। इसी दौरान वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से कटने का प्रतीत हो रहा है।

हालांकि घटना के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

## रेलवे ट्रैक के पास मिला हिमाचल प्रदेश के युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

■ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** सोमवार तड़के खतौली क्षेत्र में तबित्ता रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक के समीप एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सुबह के समय कुछ ग्रामीणों ने तबित्ता फाटक के पास रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने के लिए उसके कपड़ों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान जेब से मिले आधार कार्ड और पैन कार्ड के आधार पर युवक की पहचान 36 वर्षीय गफ्फार अली पुत्र जहूर हुसैन, निवासी ग्राम पट्टी नथा सिंह, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) के रूप में हुई। प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। हालांकि यह भी संभावना जताई जा रही है कि वह किसी ट्रेन से गिर गया हो, जिससे उसका शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है।

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पूरन सिंह के समर्थन में आई भाकियू टिकैत

## किसान सम्मान बचाओ महापंचायत का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नसीरपुर गांव में बच्चों के विवाद के बाद दर्ज मुकदमे और तीन लोगों की गिरफ्तारी के मामले ने तूल पकड़ लिया है। भारतीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह के समर्थन में अब भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) भी खुलकर सामने आ गई है। मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश महासचिव धीरज लाटियान सोमवार को नसीरपुर स्थित पूरन सिंह के आवास पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। पूरन सिंह ने पुलिस कार्रवाई के विरोध में 14 मार्च को नसीरपुर में किसान सम्मान बचाओ महापंचायत बुलाने का ऐलान किया है।



दरअसल तितावी थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर में कश्यप समाज के कुछ लोगों के साथ मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह सहित कई लोगों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दर्ज मुकदमे में नंदू उर्फ विजय प्रताप पुत्र पूरन सिंह, सागर सिंह, रवि पुत्र सुक्का, दीक्षित पुत्र प्रताप, विक्की पुत्र महकार सिंह और अनिकेत को नामजद किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन वांछित आरोपियों नंदू उर्फ विजय प्रताप, रवि पुत्र सुक्का और अनिकेत को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। इस कार्रवाई के बाद किसान संगठनों में रोष देखने को मिल रहा है। पूरन सिंह के आवास पर पहुंचकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश महासचिव धीरज लाटियान ने पूरे प्रकरण की जानकारी ली और प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए। धीरज लाटियान ने आरोप लगाया कि बच्चों के बीच हुए विवाद को प्रशासन ने गंभीर मामला बनाकर पूरन सिंह और उनके परिजनों के खिलाफ कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि शासन के दबाव में मामले को घुमाया जा रहा है और मजदूर-किसानों की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला तो किसान संगठन आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरन सिंह को भारतीय किसान यूनियन टिकैत का पूर्ण समर्थन है।उधर, पूरन सिंह ने पुलिस कार्रवाई के विरोध में 14 मार्च को नसीरपुर में किसान सम्मान बचाओ महापंचायत बुलाने का ऐलान किया है। महापंचायत की तैयारियों को लेकर मंगलवार को उनके आवास पर संगठन के पदा. धिकारियों की आकस्मिक बैठक भी बुलाई गई है।

## किशोर की गला दबाकर हत्या का प्रयास

**छपार।** एक किशोर के साथ पिता - पुत्र ने मारपीट की गला दबा कर जान से मारने का प्रयास किया। पीड़ित के पिता ने पुलिस चौकी में दोनों आरोपियों के तहरीर दी है। गांव बसेड़ा निवासी चांद का तेरह वर्षीय पुत्र रिहान सोमवार को दोपहर के समय अपने घर के बाहर खेल रहा था। उसी वक्त गांव के ही जितेंद्र व उसका पुत्र अंश आये ओर रिहान के साथ मारपीट करते हुए उसका गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। शोर सुनकर पड़ोसियों के आने पर दोनों आरोपी छोड़कर भाग गये। चांद ने दोनों के विरुद्ध पुलिस में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की करने की मांग की है।




मुजफ्फरनगर: मातृशक्ति का अभिनंदन कार्यक्रम में राज्यमंत्री कपिल देव और सशक्त महिलाएं।

# बेलडा गंगनहर मे बहता रहा अज्ञात शव

■ झाड़ियों में अटके शव से घंटों अंजान रही भोपा पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** सोमवार को सुबह बेलडा गंगनहर पर उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणो ने गंगनहर मे अज्ञात शंव झाडियो मे अटका देखा ग्रामीणो ने यह सूचना सीकरी चौकी प्रभारी को दी।

बेलडा व धीराहेड़ी के ग्रामीणो ने आज सुबह के समय बेलडा गंगनहर पुल के पास एक अज्ञात शंव झाडियो मे अटका देखा तो ग्रामीणो की भीड जमा हो गई सूत्रो का कहना है अज्ञात शंव किसी महिला का प्रतीक हो रहा है जो काफी पुराना लग रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की शंव की काफी तलाश कराई मगर नही मिला गंगनहर मे पानी अधिक होने के कारण बह गया हो फिर भी शंव की तलाश कराई जा रही है।



# मंत्री कपिल देव ने किया महिला सशक्तिकरण का अनोखा प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सशक्त नारी 'समृद्ध उत्तर प्रदेश' थीम पर आईटीआई परिसर में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राज्यसभा सांसद गीता शाक्य मुख्य अतिथि के तौर पर व मंत्री कपिल देव मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, मुजफ्फरनगर द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सशक्त नारी समृद्ध उत्तर प्रदेश की भावना को साकार करने हेतु आज 9 मार्च 2026, सोमवार को अपराह्न 3 बजे आई.टी.आई. परिसर, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर में एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा, कौशल एवं आत्मनिर्भरता के माध्यम से सशक्त बनाते हुए समाज में उनकी भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास तथा सामाजिक भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता तथा समाज में उनकी बढ़ती भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कई विशिष्ट जनप्रतिनिधियों नगरपालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आंचल तोमर,पूर्व नगरपालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल, पूर्व विधायक सुशीला अग्रवाल,अन्नू अग्रवाल धर्मपत्नी मंत्री कपिलदेव अग्रवाल सहित समाजसेविका ममता अग्रवाल रीना अग्रवाल पूनम चौधरी नीति अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं की शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

उन्होंने जनपद के सामाजिक संगठनों, छात्राओं तथा महिलाओं की अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता कर इसे सफल बनाने का धन्यवाद अदा किया। महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम में मंत्री कपिलदेव अग्रवाल सहित मुख्यातिथियों ने प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह देकर पटका पहनाकर अभिनंदन सम्मानित किया ओर उनका हौसला अफजाई भी किया,महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में सेकडो की संख्या में महिलाएं छात्राएं मौजूद रही

## मंडी समिति को लौटानी होगी जीएसटी

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को जिलाधिकारी के आदेश पर मंडी समिति सभागार में मंडी समिति के सभापति एवं नगरमजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, मंडी सचिव विरेन्द्र चन्देल, जी.एस.टी. विभाग के आयुक्त प्रशासन शोभित श्रीवास्तव व प्रतिभा सिंह ए.सी.सेक्टर-1 के साथ दी गुड़ खाण्ड़सारी एण्ड़ ग्रेन मर्चेन्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। जिसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि मंडी समिति नवीन मंडी स्थल के व्यापारियों से किराये के ऊपर 2017 जबसे जी.एस.टी. शुरू हुई है तब से जी.एस.टी. वसूल कर रही है। जबकि जी.एस.टी. के कानून में इस जी.एस.टी. पर व्यापारियों को आई.टी.सी. का लाभ मिलना चाहिए। इस सम्बन्ध में अनेको बार मंडी समिति को लिखा गया मगर मंडी समिति ने उसको पोर्टल पर अपलोड़ नहीं किया। मंडी समिति इस राशि को बी.2बी. के स्थान पर बी.2सी. में कन्वर्ट कर रही है। मंडी सचिव ने कहा जिनका जी.एस.टी. नम्बर सही मिलेगा उन्हें आई.टी.सी. का लाभ दिला दिया जायेगा। यदि किसी बिल पर व्यापारी द्वारा गलत गाड़ी न. या दिनांक ड़ाल दिया जाता है और वह गाड़ी पकड़ी जाती है तो जी.एस.टी. अधिकारी द्वारा बिल पर जितना टैक्स लगा होता है उतना ही जमा कराकर माल छुड़ा लिया जाता है। जबकि जी.एस.टी. में प्रावधान है कि इस प्रकार की गलती पर 2000/- रूपये जुर्माना लगाकर माल छोड़ा जा सकता है। इस पर जी.एस.टी. आयुक्त ने कहा कि ऐसे आदेश सभी अधिकारियों को पहले ही किये जा चुके है एवं पुनः कर दिये जायेंगे। मंड़ी समिति से सम्बन्धित कहा गया कि खाद्य तेलो पर लगने वाले यूजर चार्ज को मुख्यमंत्री जी ने 170 वी बैठक में कुछ शर्तो के साथ खत्म कर दिया था।



मुजफ्फरनगर: गुड़ मंडी की समस्याओं को दूर कराने को हुई बैठक में अधिकारी और व्यापारी।

# खतौली पालिका बोर्ड बैठक पर विवाद

## सभासदों ने बजट प्रक्रिया पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर पालिका परिषद खतौली में प्रस्तावित बोर्ड बैठक और वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। वार्ड-10 के सभासद मनोज कुमार सहित कई सभासदों ने बैठक की प्रक्रिया और बजट प्रस्तावों को नियमों के विरुद्ध बताते हुए लिखित आपत्ति दर्ज कराई है।

सभासदों का आरोप है कि 24 फरवरी को जारी किए गए एजेंडे में शामिल 26 प्रस्ताव नियमों की अनदेखी कर तैयार किए गए हैं और इन्हें मनमाने तरीके से पारित कराने का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना है कि इस तरह की प्रक्रिया पूरी तरह असंवैधानिक है।

सभासद मनोज कुमार का कहना है कि वह जून 2023 से नगर पालिका में कथित अनियमितताओं को लेकर लगातार शिकायत करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक शासन स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका का संचालन नियमों के बजाय निजी संस्था की तरह किया जा रहा है। इसके साथ ही सभासदों ने यह आशंका भी जताई कि बोर्ड बैठक की कार्यवाही तत्काल रजिस्टर में दर्ज करने के बजाय बाद में उसमें बदलाव कर लिखा जाता है। इसी कारण उन्होंने अपनी आपत्ति पहले ही लिखित रूप में दर्ज कराते हुए इसे कार्यवाही पुस्तिका में शामिल करने की मांग की है। सभासदों ने अपने पत्र की प्रति जिलाधिकारी को भी भेजते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। विरोध के चलते आगामी बोर्ड बैठक में हंगामे की संभावना भी जताई जा रही है।

पंजाब नैशनल बैंक ..... भरोसे का प्रतीक! | punjab national bank ... the name you can BANK upon!

मंडल कार्यालयः योजना एवम विकास, प्लॉट सं-1-4, शाकुन्तलम, मुजफ्फरनगर 251001
(फोन नं. 0131-2604866, 2601126) ईमेलः comznpnd@pnb.co.in

**वित्तीय साक्षरता काउंसलर की आवश्यकता**

पंजाब नैशनल बैंक को मुजफ्फरनगर जिले मे वित्तीय साक्षरता काउंसलर की आवश्यकता है। जिनका पारिश्रमिक नीचे दिया गया है।

| शहरी | अर्द्ध-शहरी | ग्रामीण |
|---|---|---|
| रु. 25000 | रु. 20000 | रु. 20000 |

पात्रता • ऐसे व्यक्ति जो बैंक से सेवानिवृत्त हुए हो साथ ही क्रेडिट संभालने एवं ग्रामीण / अर्ध-शहरी क्षेत्रो में काम करने का अनुभव हो।

• व्यक्ति बैंक से सम्मान पूर्वक सेवानिवृत्त होना चाहिए तथा स्वतंत्र रूप से काम करने में सक्षम होना चाहिए। इसके अतिरिक्त उसे कंप्यूटर, पावर प्वाइंट, एक्सेल जैसे सॉफ्टवेयर का ज्ञान होना चाहिए एवं इंटरनेट संचालित करने में भी सक्षम होना चाहिए।

• इस कार्य हेतु आवेदन करते समय आवेदक की उम्र 62 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।

• काउंसलर की प्रारंभिक नियुक्ति तीन वर्ष के लिए होगी, जो कि वार्षिक आधार पर समीक्षा के अधीन होगी साथ ही सीएमओ से अच्छे स्वास्थ्य का मेडिकल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर एकवर्षक विस्तार किया जा सकता है। कार्य विस्तार की अवधि 65 वर्ष की अधिकतम सीमा के अधीन होगा।

इच्छुक उम्मीदवार से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन पीएनबी मंडल कार्यालय, प्लॉट- I-4, शाकुंतलम मुजफ्फरनगर में **26.03.2026** तक जमा करें। अधिक जानकारी के लिए **https://pnb.bank.in** पर जाएं। इस विज्ञापन को बिना कारण बतायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार मंडल कार्यालय को होगा।

**मंडल प्रमुख**

# महिलाएं हर क्षेत्र में लहरा रही हैं प्रतिभा का परचम: मीनाक्षी

## विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट महिलाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के एमबीए, एमसीए व डीएलएड विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को एक प्रेरणादायक महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद की चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, समाजसेविका मनि पटपटिया, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार गुप्ता, रितू मित्तल, डॉ. विभूति अग्रवाल व पारूल कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सभी ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। नगर पालिका परिषद की चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, क्रांतिकारी शालू सैनी, समा. जसेविका मनि पटपटिया, एस.डी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य भारती तिवारी तथा वर्धमान हॉस्पिटल की डॉ. वंदना जैन को पटका पहनाकर व स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, चिकित्सा, विज्ञान और व्यवसाय जैसे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें।

क्रांतिकारी शालू सैनी ने कहा कि आज की महिला आत्मनिर्भर और जागरूक हो चुकी है। यदि समाज और परिवार उन्हें समान अवसर दें तो वे हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकती हैं। वहीं समाजसेविका मनि पटपटिया ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा करना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं व अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण के संदेश को समाज तक पहुंचाने का संकल्प लिया।




## अपहरण बलात्कार मे आरोपी धीरज को बीस वर्ष की सजा

**मुजफ्फरनगर।** 14 साल की बालिका का अपहरण कर बलात्कार के मामले मे आरोपी धीरज उर्फ कल्लू को बीस साल की सज़ा और 25 हजार रुपये का जुर्माना किया गया हे मामले की सुनवाई विशेष अदालत पॉस्को की पीठासीन अधिकारी मंजुला भलोटिया की कोर्ट मे हुई कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि जुर्माने की कुल रकम 25 हजार रुपये पीड़िता को दी जाए गी अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता प्रदीप बालियान व दिनेश कुमार शर्मा ने पेर रवि की अभियोजन पक्ष की कहानी के अनुसार गत 30 अगस्त 2019 को थाना छपार के ग्राम रामपुर मे 14 साल की बालिका का बाइक पर आरोपी धीरज ने अपहरण कर बलात्कार किया गया पुलिस ने धारा 363,376 अई पी सी पॉस्को मे मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है

माहे रमजान की दिली मुबारकबाद

डॉ0 रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ0 मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)

डॉ0 मौ0 शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)

डॉ0 जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)

दिवान हॉस्पिटल
सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

# हिन्दू बाहुल्य गौशाला मौहल्ले में मकान खरीद का मुददा फिर आया चर्चाओं में

**मुजफ्फरनगर।** शहर के थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पश्चिमी गौशाला मौहल्ले में मकान की खरीद-फरोख्त को लेकर जारी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हिंदू संघर्ष समिति के पदाधिका. रियों ने पुलिस प्रशासन पर समझौते का पालन न कराने का आरोप लगाते हुए सोमवार को एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। समिति का साफ कहना है कि यदि तय शर्तों के अनुसार मकान खाली नहीं कराया गया, तो वे एक बार फिर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

विवाद की शुरुआत बीती 20 जनवरी को हुई थी, जब हिंदू संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने पश्चिमी गौशाला मोहल्ले में एक मकान के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ कर धरना दिया था। समिति का आरोप था कि एक हिंदू बहुल बस्ती में मुस्लिम समाज के व्यक्ति ने मकान खरीदा है, जहाँ बाहरी लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। समिति ने इसे 'लैंड जिहाद' की साजिश करार देते हुए कड़ा विरोध जताया था

मामले को शांत कराने के लिए नगर मजिस्ट्रेट पंकज राठौर और सीओ सिटी सि)ार्थ के मिश्रा की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई थी। नरेंद्र पंवार (अध्यक्ष, हिंदू संघर्ष समिति) के अनुसार, उस समय यह लिखित सहमति बनी थी कि 20 फरवरी तक संबंधित मकान को खाली कर दिया जाएगा और बाद में इसकी बिक्री हिंदू समाज के ही किसी व्यक्ति को कर दी जाएगी।

सोमवार को एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत से मुलाकात के दौरान नरेंद्र पंवार ने आरोप लगाया कि समझौते की समय सीमा बीते कई दिन हो चुके हैं, लेकिन मकान खाली नहीं किया गया। अब मुस्लिम पक्ष मकान खाली करने से साफ इंकार कर रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि प्रशासन की ढील के कारण मोहल्ले में तनाव की स्थिति बनी हुई है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसपी सिटी ने समिति के पदाधिका. रियों की बातों को गंभीरता से सुना और मामले की जांच कर नियमानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस का कहना है कि शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है और पुराने समझौते के पहलुओं की समीक्षा की जा रही है।

# गांव मंदवाड़ा में कृषक गौष्ठी हुई आयोजित

**बुढ़ाना।** आज गांव मंदवाड़ा में युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा के आवास पर अलबाग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रति. निधि द्वारा एक किसान गोष्ठी आयोजित कराई गई। जिसमें कंपनी के रीजनल मैनेजर सचिन त्यागी और एमडीओ अंकित सहरावत सहित अन्य कई अधिकारियों ने आसपास के सभी किसानों को अपनी कंपनी की दवाई के बारे में विस्तार से बतलाया और कहा कि हमारी दवाई बहुत ही उच्च क्वालिटी की मिलेगी और सस्ती भी मिलेगी।

हमारी कंपनी लगभग पिछले 40 सालों से कार्य कर रही है और हमेशा किसानों के बीच में रहती है और किसानों के हित में ही कार्य करती रहती है। हमारी दवाई बुढाना में त्यागी कीटनाशक, बीज भंडार लव त्यागी और भारत टाकिज के पास चंधेडी रोड पर स्थित एक दुकान पर इस कंपनी के सारे प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। इस गोष्ठी में यहां पर कई किसानों ने प्रतिभाग किया। जिसमें मुख्य रूप से गय्यूर अली, जुल्फिकार राणा, मासूम राणा, हाजी यूनुस, इशफाक राणा, इरशाद राणा, जाबिर राणा, राजपाल कश्यप, मुस्तकीम, पालू कश्यप, संजीव कुमार सैनी, मोकिन राणा, सबर राणा, उमर राणा, जाकिर राणा, वकील राणा, रिजवान राणा, अजहर राणा और शाहरुख राणा आदि किसान भी उपस्थित रहे।



गौष्ठी का संचालन वकील राणा ने किया। गौष्ठी में आए सभी किसानों का गौष्ठी के आयोजक तैमूर अली राणा ने दिल से आभार जताया।

# डॉ. अनुराधा सोबती को नेपाल से मिला स्त्री शक्ति सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हरिद्वार उत्तराखंड की कवयित्री तथा कम्पोजिट विद्यालय बरला पुरकाजी की शिक्षिका डॉ. अनुराधा सोबती बब्बर को नेपाल में सम्मानित किया गया है।

आठ मार्च रविवार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नैपाल में कवयित्री तथा शिक्षिका डॉ. अनुराधा सोबती बब्बर को स्त्री शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया है।

नेपाल भारत मैत्री विकास, मिथिला तथा अवध सांस्कृतिक पर्यटन विकास, देवनागरी लिपि के संरक्षण संवद्धन, हिंदी तथा नेपाली भाषा को मैत्री भाषा के रूप में प्रचार प्रसार करने तथा देश विदेश की विभिन्न क्षेत्र की महिला प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में अनुराधा सोबती को सम्मानित किया गया है। शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल द्वारा अनुराधा सोबती के साथ नेपाल, भारत सहित विश्व के सात देश की 300 महिला कवयित्रियों, लेखिकाओं, समाज सेविकाओं और शिक्षिकाओं को ई प्रशस्ति पत्र सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया है स अनुराधा सेबती जिले की एक प्रसि) लेखिका, कवयित्री और शिक्षिका हैं, इनकी सैकड़ों रचनाएं विभिन्न पत्रिकाओं तथा संकलनों में प्रकाशित हो चुकी है। संस्था के अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु ने डॉ. अनुराधा सोबती बब्बर को सम्मानित करते हुए कहा - उत्तराखंड की धरती बहुमुखी प्रतिभाओं से भरी है, इसी धरती की होनहार प्रतिभा के रूप में आज डॉ. अनुराधा सोबती बब्बर को सम्मानित कर गर्व हो रहा है। ऐसी रचनात्मक क्षमता की धनी प्रतिभाओं की राज्य और केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहयोग तथा सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

ज्ञात हो कि शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त संस्था बन चुकी है जो समय समय पर विकास विभिन्न भौतिक तथा ऑनलाइन कार्यक्रमों का आयोजन कर विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओ को प्रोत्साहित करती आई है। कवयित्री अनुराधा को देश विदेश से दर्जनों प्रतिष्ठित सम्मान मिल चुके हैं। सम्मान ग्रहण करते हुए अनुराधा जी ने संस्था को धन्यवाद देते हुए कहा - शब्द प्रतिभा हम सभी साहित्य सर्जकों के लिए वरदान बनकर सामने आया है, संस्था के कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए कम ही है। देश विदेश के हजारों कवि, लेखक, साहित्यकार और शिक्षकों को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने में संस्था की प्रशंसनीय भूमिका रही है। प्रतिभा चयन समिति संयोजक डॉ प्रीति प्रसाद प्रीत ने सम्मानित सभी प्रतिभाओं को बधाई देते हुए भविष्य के आयोजनों में सक्रियता से सहभागी होने के लिए अनुरोध किया है।

# कृभकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**पुरकाजी।** पुरकाजी थाना क्षेत्र के शेरपुर सहकारी समिति में कृभको द्वारा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को खेती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में लगभग 80 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर किसानों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया तथा उन्हें अपने घर, खेत और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान किसानों को नि:शुल्क झाड़ू, डेटॉल एवं डस्टबिन का वितरण भी किया गया, ताकि स्वच्छता को व्यवहार में अपनाया जा सके।इस अवसर पर डॉ. वेद प्रकाश द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल प्रबंधन एवं खेती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। वहीं रोहित यादव द्वारा किसानों को कृभको के सभी उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान रोहित यादव द्वारा किसानों को किसान गोष्ठी कर कृभको की पूरी जानकारी दी गई।



## ट्रक चालक के खिलाफ हुई रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना/भौरांकला।** एक ग्रामीण ने एक ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि चालक ने ट्रक की टक्कर मारकर उसके पुत्र को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार लोकेन्द्र पुत्र प्रकाश सिंह निवासी गांव सध्दरुद्दीनगर थाना भौरांकला ने भौराकलां पुलिस को्ष एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 21 फरवरी को उसका लडका रितिक कुमार अपने घर से बाइक लेकर किसी की शादी में जा रहा था। वह लालूखेडी रोड पर भौरांकला खुर्द पुलिया के पास किसी का खडे होकर इन्तजार कर रहा था। लगभग सुबह साढ़े आठ बजे के करीब अचानक तेज गति और लापरवाही से गलत दिशा में आए एक ट्रक के चालक ने ट्रक की टक्कर उसके पुत्र को मारी दी। जिससे उसके पुत्र को गम्भीरे चोटें आयी। दुर्घटना के तुरन्त बाद मेरे पुत्र को बघरा हास्पिटल ले जाया गया। हास्पिटल में उनको मृतक घोषित कर दिया गया। घटना के दौरान काफी भीड़ भी हो गयी थी। पीड़ित ने पुलिस से ट्रक चालक के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने फरार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### नाम और जन्म तिथि में परिवर्तन

मेरा नाम राज सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पीनना थाना कोतवाली नगर जिला-मुजफ्फरनगर पिन-251001 उ.प्र. है।

EX सर्विसमैन सर्विस न. -15689330P

रैंक-नायक

मेरी माता का नाम राकेश देवी तथा जन्म तिथि 01/07/1965 सहवन गलती हो गया है। जबकि सही नाम राकेश और जन्म तिथि 02/10/1960 है।

### जन्म तिथि परिवर्तन

मेरा नाम राज सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पीनना थाना कोतवाली जिला-मुजफ्फरनगर पिन-251001 उ.प्र. है।

EX सर्विसमैन सर्विस न. -15689330P है। मेरे पिता की जन्म तिथि गलती से 01/07/1963 लिखी गई थी जबकि सही जन्म तिथि 04/09/1955 है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैने अपना नाम इमरान अली से बदलकर इमरान रख लिया है। भविष्य में मुझे **इमरान** पुत्र यामीन ग्राम भैसरहेडी मुजफ्फरनगर के नाम से जाना जाये।

### सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स.354/01.01.22 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्री का नाम दर्ज नही कराया गया। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम ऐलिस सांगवान है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**पिंकू कुमार,**
**निरमाँना, मुज़फ्फरनगर**

# बाइक चोरी की सूचना पर पुलिस घंटों दौड़ी

**बुढ़ाना।** एक ग्रामीण की मोटर साइकिल चोरी होने की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस घंटों तक दौड़ी। बाद में ग्रामीण की मोटर साइकिल मिल गयी तो पुलिस और ग्रामीण की जान में जान आई। मिली जानकारी के अनुसार हुआ यूं कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मंदवाडा का निवासी सरताज अली पुत्र मास्टर शराफत सोमवार की दोपहर अपने गांव मंदवाडा से अपनी लगभग सवा साल पहले खरीदी हुई स्पलेंडर प्लस मोटर साइकिल पर बैठकर बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर नगर पंचायत के समीप स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में अपने खाते से कुछ रुपये निकालने के लिए आया हुआ था। वह अपनी मोटर साइकिल को बैंक के बाहर खड़ी करके बैंक के अंदर रुपये निकालने के लिए चला गया। वह कुछ देर बाद रूपये निकालकर जैसी ही बैंक से बाहर निकला तो वहां पर उसकी मोटर साइकिल नहीं थी। उसने अपनी मोटर साइकिल को इधर उधर देखा और आसपास के लोगों से पूछा तो मोटर साइकिल का कोई भी सुराग नहीं लग सका। ग्रामीण सरताज ने इसकी सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी तो पुलिस ने घंटों की भागदौड़ के बाद मोटर साइकिल सीसीटीवी कैमरों की मदद से गांव असारा के एक युवक से बरामद कर ली। दरअसल युवक भूल से अपनी मोटर साइकिल के बदले सरताज की मोटर साइकिल ले गया था। घर जाकर पता लगा कि वह किसी और की मोटर साइकिल ले आया तो वह तुरंत मौके पर पहुंचा तो वहां पर मिली पुलिस व युवक को पूरी बात बताई। कुल मिलाकर दोनों ग्रामीणों की अपनी अपनी मोटर साइकिल मिल गयी तो पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

# श्रीराम पॉलिटैक्निक में सिविल इंजीनियरिंग पर सेमिनार का आयोजन

**सफलता के लिए छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान लेना जरूरी**

**शाह टाइम्स संवादाता**

**मुजफ्फरनगर।** रूड़की रोड स्थित श्री राम पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियर्स कलब केन्द्रीय शाखा, मुजफ्फरनगर के संयुक्त तत्तवावधान में सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए सिविल इंजीनियरिंग, व्यवहारिक ज्ञान विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इं0 संजय त्यागी प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग, मुजफरनगरऋ इंजीनियर क्लब के सचिव इं0 बसंत कुमार गोयल, प्रधानाचार्य डॉ0 अश्वनी कुमार तथा सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विभाग अध्यक्षा एप्लाइड साइंस स्नेहलता गर्ग द्वारा किया गया।

मुख्य वक्ता इंजीनियर संजय त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सफलता के लिए केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं बल्कि व्यवहारिक अनुभव भी अत्यंत आवश्यक है। सेमिनार के दौरान छात्रों को सिविल इंजीनियरिंग के महत्वपूर्ण विषयों जैसे OPc~ सीमेंट, च्च्ब् सीमेंट, सीमेंट ग्रेड, कंक्रीट, सीमेंट की सामर्थ्य ,क्यूरिंग, च्ब्ब, त्ब्ब् तथा अन्य तकनीकी शब्दों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उनके व्यवहारिक उपयोग को समझाया गया।उन्होंने अपने प्रजेंटेशन के दौरान छात्र-छात्राओं से सवाल-जवाब भी किएं जिनका जवाब छात्र-छात्राओं ने बडी शाल. ीनता से दिया, और छात्रों को साइट पर कार्य करने के अनुभव और तकनीकी दक्षता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

इंजीनियर क्लब के सचिव इंजीनियर बसंत कुमार गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सेमिनार छात्रों को तकनीकी क्षेत्र की वास्तविक चुनौतियों से परि. चत कराते हैं और उनके आत्मब्श्विास को बढ़ाते हैं।सेमिनार में उत्कृष्ट सहभागिता के लिए आशु सैफी, नेहा, प्रशांत कुमार, जावेद और मोहम्मद तलहा को प्रशस्ति प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान कर सम्मानित किया गया प्रधानाचार्य डॉ0 अश्वनी कुमार ने मुख्य अतिथि इं0 संजय त्यागी का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति-चिह्न के रूप में एक पौधा भेंट किया।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ0 अश्वनी कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सिविल इंजीनियरिंग देश के विकास की आधारशिला है और छात्रों को अपने विषय में गहराई से अध्ययन कर व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष जोनी कुमार, नितिन गुप्ता, शुभम गुप्ता, छवि, अध्यापक मुकुल पुलस्त्य, विवेक धीरयान और विपुल शर्मा नीतीश कुमार गोयल, अनुपम त्यागी, विक्रांत पांचाल, नरगिस, अरुण कश्यप एवं विशु शर्मा सहित संस्थान के अन्य अध्यापक उपस्थित रहे। सेमिनार में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।सेमिनार में सिविल इंजी. नियरिंग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

### गुमशुदा की तलाश



ये व्यक्ति कई दिनों से लापता है। किसी व्यक्ति को कोई भी जानकारी व सूचना मिले तो दिये गये मो.न. 8218060336, 7060187150

**नाम-नरेन्द्र सिंह**
**पिता का नाम -दिलसुख**
**गांव व पोस्ट पिनना,**
**जिला-मु.नगर**
**थाना कोतवाली मु.नगर**
**मो.न.8218060336, 7060187150**

## अवैध निर्माण करने वाले तहसीलकर्मियों को देख भागे

**बुढ़ाना।** बंजर भूमि पर अवेध निर्माण किए जाने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कुछ तहसीलकर्मियों को दूर से देखकर अवैध निर्माण कार्य करने वाले युवक मौके से भाग खड़े हुए। फिलहाल तहसीलकर्मियों ने अवैध निर्माण कार्य बंद करा दिया है। बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव चंधेडी में एक स्थान पर कुछ बंजर भूमि है। जिस पर गांव का ही दबंग जगमेहर अवैध रुप से कब्जा कर उस पर अपना घेर बनाना चाहता है। सोमवार की सुबह जगमेहर ने बंजर भूमि पर अवैध कब्जा करने नीयत से दर्जनों मजदूर और मिस्त्री बुलवाकर अवैध रुप से घेर बनाने का कार्य शुरु कर दिया। तब किसी ग्रामीण ने इस बात की सूचना तहसील के अधिकारियों को दी तो कुछ ही देर बाद मौके पर कुछ तहसील कर्मी तुरंत पहुंच गये। इससे पहले तहसीलकर्मी अवैध निर्माण कार्य करने वाले को पकड़ते तब तक आरोपी जगमेहर तहसील कर्मियों को दूर से देखकर फरार हो गया था। तहसील कर्मियों ने चेतावनी दी कि अगर किसी ने इस भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया तो उसके विरुद्ध कडी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। समाचार लिखे जाने तक अवैध निर्माण कार्य रुक गया था और कथित तौर पर कहे जाने वाले आरोपी जगमेहर का भी कोई पता नहीं लग पाया था।



**बुढाना: चेयरपर्सन उमा त्यागी संग जिम का उद्घाटन करते सैंकडों गणमान्य लोग।**

# बुढ़ाना में प्रथम ओपन जिम का हुआ उद्घाटन

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में सबसे पहले ओपन जिम का महाराजा श्री अग्रसैन महाराज पार्क वार्ड नंबर 7 में सभासदों व गणमान्य लोगों के साथ नगर पंचायत बुढ़ाना की अध्यक्षा श्रीमति उमा त्यागी कौशल ने उद्घाटन किया। अध्यक्षा उमा त्यागी ने कहा कि ओपन जिम बनने से युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। अब आप पार्क में टहलने के साथ ही व्यायाम भी कर सकेंगे। उम्मीद है कि कस्बे के लोग इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाएंगे और नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे। स्वस्थ समाज ही एक मजबूत व खुशहाल समाज की नींव होता है। हमारा सतत प्रयास है कि बुढ़ाना के विकास और जनता की सुविधाओं के लिए लगातार ऐसे कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर सभासद नियम पंवार, सभासद इमरान कुरैशी, सभासद नसीम सिद्दीकी, सभासद सुनीता देवी, सभासद सलीम कुरैशी, राशिद मंसूरी, प्रवीण कुमार, लक्ष्मण चौहान, इकबाल कुरैशी, अग्रसैन युवा संगठन के अध्यक्ष दीपक गर्ग, व्यापारी नेता राजेश संगल, अनुज गर्ग, चीनू गर्ग, बाल किशोर त्यागी, राधेश्याम ठेकेदार, योगेश मित्तल, अंकुर संगल, अनिल शर्मा, प्रताप त्यागी, व्यापारी नेता रवि वर्मा, तनवीर कुरैशी, राजू पांचाल, डोला अग्रवाल, पुनीत गर्ग, दीपक प्रजा. पति, लोकेश पंडित, वेदपाल ठेकेदार, नौशाद उस्मानी, अरविंद भटनागर, मोहम्मद खालिद, अहसान सैफी, टिंकू पाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### सार्वजनिक सूचना

भायला पी0जी0 कॉलेज, भायला सहारनपुर में स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु बी0बी0ए0, बी0सी0ए0, विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर विज्ञान, बायोकैमेस्ट्री व कला संकाय में हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र एवं वाणिज्य संकाय हेतु यू0जी0सी0/विश्वविद्यालय मानकानुसार अर्ह योग्यता धारक प्राध्यापकों की आवश्यकता है। आवेदन सादे कागज पर सभी प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रतियों के साथ स्वयं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा 15 दिन तक स्वीकार किये जायेंगे। वेतन उत्तर प्रदेश सरकार के मानकों के अनुसार देय होगा।

कंवरपाल सिंह
(सचिव)

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा लडका दीपक गलत संगत मे उठता बैठता है तथा आवारा किस्म का व्यक्ति है तथा आये दिन नशा आदि करके मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली गलौच करता रहता है इस कारण मै अपने पुत्र दीपक की उपरोक्त हरकतो से काफी तंग व परेशान आ चुका हूँ। इसलिये मै अपने पुत्र दीपक को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। दीपक के द्वारा किये गये किसी भी अच्छे बुरे कार्य के लिये मै जिम्मेदार नही होगा, उक्त दीपक अपने द्वारा किये गये अच्छे बुरे कार्य के लिये स्वंय जिम्मेदार होगा।

**ऋषिपाल पुत्र फूलचन्द निवासी गाँधीनगर कूकडा थाना नई मण्डी जिला मुजफ्फरनगर**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा दत्तक पुत्र कुलदीप व उसकी पत्नि लक्ष्मी मेरे कहने सुनने में नहीं रही है अब इन्होंने हालात ऐसे पैदा कर दिये है कि मैने इनसे अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये है तथा इन दोनों को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है यदि मेरा यह पुत्र व पुत्र वधू कोई गलत काम करते है या लेन देन करते है तो अपने किये की वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी या मेरी पुत्रीयों से उनका कोई मतलब वास्ता नही होगा।

**श्रीमती राजकली पत्नि स्व.मुरारी निवासी ग्राम बसेडी थाना पुरकाजी जिला-मुजफ्फरनगर**

# अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला विंग ने मनाया होली रंगा रंग पर्व एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला विंग द्वारा जी.सी. पब्लिक स्कूल जूनियर विंग नई मंडी में होली मिलन एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम मुख्य अतिथि अन्नू अग्रवाल, ममता अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष, रेखा मित्तल एवं बबीता गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में हास्य व्यंग, चूटकुले, हास्य कविता, तंबोला, सरप्राइस गिफ्ट, डांस गीत संगीत आदि की बहुत अच्छे ढंग से प्रस्तुति की गई। सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया ।। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नीति अग्रवाल, जिला महामंत्री वनीता गर्ग, जिला कोषाध्यक्ष पारुल गर्ग एवं कार्यक्रम संयोजिका चंचल सिंघल ,अलका अग्रवाल एवं सहसंयोजिका अंशु गर्ग, गुंजन गर्ग रही एवं इनके अलावा रेनू सिंघल, पूजा, सुनीता, सीमा गोयल, सुरभि, गुंजन, अंजू, सौम्या नूतन सुशील, स्वाति , प्रीति आदि ने कार्यक्रम में भरपूर आनंद लिया। सभी ने कार्यक्रम उपरांत होली सेल्फी ली, गुलाल आदि लगाकर एक दूसरे को बधाई दी।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने किया महिलाओं को जागरूक

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने महिलाओं को रस्सा खींच प्रतियोगिता में हराया। जनपद मुजफ्फरनगर में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा हे जिसमें आज उत्साह, खेल भावना और प्रतिभा का संगम बना एसडीपब्लिक स्कूल का महिला दिवस समारोह मुजफ्फरनगर एसडी पब्लिक स्कूल में 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य, प्रेरणादायक एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालि. का अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी स्वरूप रहीं। विशेष अतिथियों के रूप में श्रीमती पल्लवी स्वरूप तथा श्रीमती नीलम महाना उपस्थित रही। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर हार्दिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खेल ध्वज फहराने एवं शपथग्रहण के साथ हुआ, जिसमें महिला प्रतिभागियों ने खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा आकर्षक ड्रिल प्रस्तुत की गई, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों और दर्शकों का मनमोह लिया। इसी क्रम में विद्यालय की डायरेक्टर चंचल सक्सेना ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएँ समाज की वास्तविक शक्ति हैं और उनके बिना किसी भी समाज की प्रगति संभव नहीं है।उन्होंने सभी महिलाओं को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए सभी को आत्मब्श्विास के साथ आगे बढ़ने, शिक्षा को जीवन का आधार बनाने तथा समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे शतरंज, खो-खो, सेवन स्टोन्स, शटल रिले रेस तथा अन्य मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गयाअंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस जीवंत कार्यक्रम में स्टोन्स, शटल रिले और टग ऑफ वार जैसी प्रतियोगिताओं के साथ शिक्षिकाओं ने समूह गीत व लेजी डांस प्रस्तुत किया। बच्चों की माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और श्रीमती नोनिका को सर्वश्रेष्ठ खेल उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मीनाक्षी स्वरूप ने शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया।यह कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जो उन्हें समाज में अपनी एक सशक्त पहचान बनाने के लिए प्रेरित करता है।




### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

में वलेल सिह पुत्र सुन्दरा निवासी ग्राम ढुंडार थाना कांधला तहसील कैराना जिला शामली का निवासी हूं। मेरा पुत्र गौरव व पुत्रवधू श्रीमति गुड्डी उर्फ गुडिया मेरे कहने सुनने में नहीं हैं और न ही मेरे या मेरे परिवार के किसी भी कार्य में कोई मदद करते हैं। वे मेरे और मेरी पत्नि संग भी दुर्व्यवहार करते हैं और आए दिन झगडा फसाद कर परिवार की शांति भंग रखते हैं। मेरी पुत्रवधू गुड्डी उर्फ गुडिया लंबे समय से अपने मायके रह रही है। यदि दोनों भविष्य में कोई गलत कृत्य करते हैं तो वे दोनों जिम्मेदार होंगे मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इसलिए में आज से अपने पुत्र गौरव व पुत्रवधू श्रीमति गुड्डी उर्फ गुडिया पत्नी गौरव को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं।

# तावली सहकारी समिति में भ्रष्टाचार का मुद्दा गर्माया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के गांव तावली स्थित प्रारंभिक कृषि ऋण सहकारी समिति में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का मामला गर्मा गया है। जिला पंचायत वार्ड नंबर-17 के सदस्य सत्येंद्र बालियान के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और समिति के एमडी संजीव कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। किसानों का आरोप है कि एमडी पिछले 7 वर्षों से एक ही जगह जमे हुए हैं और किसानों का आर्थिक व मानसिक शोषण कर रहे हैं।

जिला पंचायत सदस्य सत्येंद्र बालियान ने जिलाधिकारी को सौंपे प्रार्थना पत्र में सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि एमडी संजीव कुमार लोन रिन्यूअल करने के नाम पर 5000 रुपये और लोन की सीमा(लिमिट) बढ़ाने के नाम पर 3000 रुपये की अवैध वसूली करते हैं। इतना ही नहीं, आरोप है कि मोटी रिश्वत लेकर उन लोगों को भी धड़ल्ले से लोन बांटा गया है जो अन्य बैंकों में पहले से ही 'डिफॉल्टर' घोषित हो चुके हैं।

किसानों का कहना है कि एमडी की मनमानी यहीं नहीं रुकती। ऋण की पूरी अदायगी करने के बावजूद किसानों के खातों में जबरन अतिरिक्त ब्याज जोड़ा जा रहा है।

इस मामले की शिकायत पहले भी विभाग में की गई थी, जिस पर 25 फरवरी 2026 को जांच अधिक.ारी मौके पर पहुंचे थे। लेकिन आरो.प है कि एमडी ने जांच में सहयोग



करने के बजाय अभद्रता की और अधिकारी को बैरंग वापस लौटना पड़ा।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि भ्रष्ट कार्यप्रणाली पर लगाम नहीं लगी और किसानों को राहत नहीं मिली, तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# विवाहिता से रेप का प्रयास, विरोध पर सरिया मारकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** एक युवक ने एक घर में घुसकर एक विवा.हता के साथ दुराचार करने का प्रयास किया। विरोधध होने पर युवक ने विवाहिता को लोहे का सरिया मारकर घायल कर दिया और फरार हो गया। पुलिस ने विवा.हिता के पति की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सर्किल के एक गांव के निवासी एक ग्रामीण ने थाना रतनपुरी पहुंचकर पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 6 मार्च को वह मजदूरी करने के लिए घर से बहार गया हुआ था। घर पर मेरी पत्नी और बच्चे अकेले ही थे। तब देर रात लगभग 08 बजे मेरे ही गांव का सोमान पुत्र उमर मेरे घर में घुस आया। जिसके हाथ में सरिया था। वह मेरी पत्नी को डरा धमक.ाकर छेडखानी करने लगा तथा गलत काम करने को कहने लगा। तब उसकी पत्नी ने विरोध किया तो सोमान ने मेरी पत्नी के सिर में सरिये से वार किया। जिससे उसकी पत्नी को चोटें आई। जब उसकी पत्नी ने शोर मचाया तो मेरे ही गांव के कुछ लोग मौके पर आए। जिन्होंने उससे मेरी पत्नि को बचाया। आरोपी फरार हो गया। उसकी पत्नि ने उसे फोन पर पूरी घटना बताई तो वह तुरंत घर आया और थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने महिला को हस्पताल ले जाकर उसका मेडिकल करवाया। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर रतनपुरी थाने की पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर फरार आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने व पुलिस पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**तितावी।** थाना तितावी पुलिस द्वारा दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने व पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत फायरिंग करने वाले एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर जिला कारागार मु0नगर भेजा गया है। अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी रंगदारी , जान लेवा हमला करने जैसे गंभीर आपराधिक मामले दर्ज है।बिलाल पुत्र अहसान निवासी ग्राम जसोई थाना तितावी जनपद मु0नगर ने थाना हाजा आकर तहरीर कराया कि अमीर हमजा व ओसाम पुत्र गण मुल्ला अखलाक निवासी ग्राम जसोई थाना तितावी जनपद मु0नगर उसके भाई से रंगदारी के रुप में 2,00,000 दो लाख रुपये ऋ की मांग कर रहे थे तथा रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे । सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी तितावी द्वारा तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु कुशल टीम का गठन किया गया। थाना तितावी पुलिस टीम को सूचना मिली कि हमजा ग्राम छतैला के जंगलो मे छुपा हुआ । टीम द्वारा छतैला के जंगलो में पहुची तो अभियुक्त ने पुलिस टीम पर फायरिंग करना शुरु कर दिया । पुलिस टीम द्वारा अपने कौशल कर प्रयोग कर अभियुक्त हमजा उपरोक्त को गिरफ्तार कर थाना हाजा लाकर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर जिला कारागार मु0नगर भेजा गया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने पक्षी हॉस्पिटल की एम्बुलेंस का किया उद्घाटन

**मुज़फ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित सकल जैन समाज द्वारा संचालित पक्षी हॉस्पिटल में घायल एवं बीमार पक्षियों की सेवा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिसमे तहत रविवार, दिनांक 8 मार्च 2026 को पक्षियों को त्वरित सूचना पर लाने-ले जाने के लिए स्वगह्णय इन.रमेश चन्द्र जैन की पुण्य स्मृति में नई एम्बुलेंस सेवा की व्यवस्था की गई, जिसका उद्घाटन मुज़फ्फरनगर के मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया।

गौरतलब है कि जानसठ रोड स्थित इस पक्षी हॉस्पिटल का संचालन श्रीश्वे. तांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के युवा शाखा प्रदेश अध्यक्ष पुनीत जैन द्वारा पिछले कई वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। इस हॉस्पिटल में घायल व बीमार पक्षियों का उपचार कर उनकी सेवा की जाती है।

एम्बुलेंस उद्घाटन से पूर्व एक स्वागत एवं सम्मान सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी गणमान्य अतिथियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पक्षी हॉस्पिटल द्वारा किए जा रहे जीव दया के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार पक्षी सेवा के कार्य निरंतर जारी रहने की शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी कमलकिशोर देशभूषण कंडारकर जैन व उनके माता पिता भी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जैन एकता मंच युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सपा नेता गौरव जैन, लोहा मंडी गाजियाबाद के अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया टेक्निकल इंस्टीटड्शंस उत्तर प्रदेश के महासचिव अतुल जैन, गौशाला मुरादनगर के अध्यक्ष एवं जीव दया प्रेमी सुनील जैन, युवा जैन समाज रत्न मुजफ्फरनगर विप्लव जैन, तथा एडवोकेट निपुण जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील जैन द्धराष्ट्रीय उपाध्यक्ष, गुरु सेवक परिवार) ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन आशीष जैन द्धराष्ट्रीय मार्गदर्शक एवं सलाहकार, गुरु सेवक परिवारऋ द्वारा किया गया।अंत में सभी अतिथियों ने पक्षी हॉस्पिटल की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जीव दया की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरुण जैन श्कांधलाश,देवेन्द्र दहिया, सुनील जैन मास्टर जी,नीरज जैन,सचिन जैन,अरिहंत जैन,अंकुर जैन,हंस राज जावला,रूपक राणा,वासु जैन,;षभ जैन आदि सेकड़ो लोग उपस्थित रहे ।

# बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष की माता का हुआ निधन

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना के पूर्व अध्यक्ष अशोक राठी की माता का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर पाकर अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गयी।

आज इसी को लेकर सभी अधिवक्ताओं की एक शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना सभी अधिवक्ताओं के द्वारा ईश्वर से की गई। इसी दौरान सभी अधिवक्ताओं की सहमति से लिए गए निर्णय के अनुसार अधिवक्ता सोमवार के दिन आपात मीटिंग के बाद न्यायिक कार्यो से भी पूर्णत विरत रहे। बताया जाता है कि बार एसोसिएशन बुढ़ाना के पूर्व अध्यक्ष अशोक राठी की माता लगभग 78 वषह्णया श्रीमति राजबाला राठी काफी समय से अस्वस्थ चल रही थी। वह विगत दिवस मेरठ चिकित्सालय में भतह्ण हुई थी। तब उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। इस घटना की सूचना से बार एसोसिएशन बुढ़ाना में शोक छा गया और सभी अधिवक्ताओं की शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की गई। सबकी सहमति से लिए गए निर्णय के अनुसार अधिवक्ता न्यायिक कार्यो से पूर्णत विरत रहे। आपात शोक सभा में यहां पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद त्यागी, महासचिव ओमपाल घसिंह मलिक डुंगर, ज्ञानेंद्र मलिक, मौहम्मद मियां रिजवानी, संदीप जयंत, रविंद्र कुमार, आबाद कुरैशी, संजय त्यागी और अलीम सिद्दीकी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# तीन केन्द्रों पर होगा बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्धयूपी बोर्डऋ की परीक्षाएं आगामी 12 मार्च को संपन्न होने जा रही हैं, जिसके तुरंत बाद बोर्ड कापियों के मूल्यांकन की कवायद शुरू हो जाएगी। शासन ने इस वर्ष 19 मार्च से 2 अप्रैल तक मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने की तिथि निर्धारित की है। मुजफ्फरनगर जनपद में मूल्यांकन कार्य को शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने तीन प्रमुख केंद्रों का प्रस्ताव बोर्ड को भेजा है।

इन केंद्रों पर जांची जाएंगी कॉपियां

डीआईओएस राजेश कुमार श्रीवास ने जानकारी देते हुए बताया कि मूल्यांकन के लिए पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज, एसडी इंटर कॉलेज (रोडवेज बस स्टैंड) और डीएवी इंटर कॉलेज (आर्य समाज रोड) को केंद्र बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष की कमियों को देखते हुए इस बार इस्लामिया इंटर कॉलेज को केंद्र सूची से बाहर रखने की संस्तुति की गई है। सीसीटीवी और मजिस्ट्रेट की कड़ी निगरानी रहेगी

मूल्यांकन कार्य प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इसकी निगरानी के लिए लगभग 2000 परीक्षकों की डडूटी लगाई जाएगी। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और बोर्ड द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे। खास बात यह है कि डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से ही मूल्यांकन कक्षों की लाइव निगरानी की जाएगी, जिसके लिए शिक्षकों की तीन शिफ्टों में डडूटी लगाई गई है।

कार्य शुरू होने से पूर्व परीक्षकों को 'मॉडल उत्तर पुस्तिकाएं' दिखाई जाएंगी, ताकि मूल्यांकन की प्रक्रिया में एकरूपता बनी रहे। 15 दिनों तक चलने वाले इस सघन अभियान के जरिए समयब) तरीके से परिणाम तैयार करने की योजना है।

## श्री प्यारे जी महाराज मंदिर के मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बुढ़ाना।** फुगाना के गांव रायपुर अटेरना में श्री प्यारे जी महाराज मंदिर में सोमवार की सुबह सवेरे विधिध विधान से पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं की पूजा आरंभ हुई। आसपास के देहात तथा दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने मंदिर में श्री प्यारे जी महाराज के दर्शन कर उनके चरणों में शीश झुकाकर प्रसाद चढ़ाया। इस दौरान मंदिर कमेटी रायपुर अटेरना के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष होली के 06 दिन बाद लगने वाले इस मेले में विधभिन्न राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु आते है। श्रद्धालुओं की मनो.कामना पूरी होने के कारण प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। विशेष आकर्षण के केंद्र मंदिर के भीतर स्थित भूलभुघ्लैया वाली कुंज गली में श्रद्धालुओं की भारी भीड रही। ग्राम प्रधान सहित ग्रामीण मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा में जुटे रहे।

# हिन्दू मुस्लिम लोगों का संगम देखने को मिला

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** हिंदू व मुस्लिमों के बीच सांप्रदायिक सौहार्द को और भी अधिक मजबूती देने वाले कस्बा बुढ़ाना के निवासी हिंदू युवक रविंद्र कंसल ने सैंकड़ों मुस्लिम लोगों को पिछले तीन वर्षों की भांति इस बार भी अपने कांधला रोड पर स्थित स्टेट बैंक मार्किट बुढ़ाना में अपने प्रतिष्ठान पर आमंत्रित करते हुए उन्हें रोजा इफ्तार कराकर वाहवाही लूटने का काम किया। जिसकी चारों और खूब प्रशंसा हो रही है। इस समय रमजान का महीना चल रहा है और मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे एक महीने रोजे रखते हैं और शाम को इफ्तारी करते हैं लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि एक हिंदू शख्स मुसलमानों को पीछे तीन सालों से रोजा इफ्तार करा रहा है और आज भी सैंकड़ों मुस्लिम लोगों को रोजा इफ्तार कराकर उसमें हिंदू समाज के लोगों को भी जोड़ने का काम किया। धर्म और परंपराओं की विविधता के लिए पहचाने जाने वाले कस्बा बुढ़ाना में एक ऐसी मिसाल भी है जो आपसी सद्भाव और आस्था का अनोखा उदाहरण बन गई है।

व्यापारी रविंद्र कंसल चार सालों से रमजान के महीने में मुस्लिमों को खुद रोज़ा इफ्तार करा रहे हैं। रविंद्र कंसल ने बताया कि उनके लिए यह सिर्फ एक धार्मिक परंपरा नहीं बल्कि आस्था और सम्मान की बात है। वह मानते हैं कि इंसानियत और सद्भाव ही सबसे बड़ा धर्म है। वह यह भी बताते हैं कि अगर मेरा बेटा अभय कंसल आगामी समय में इस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहे तो उन्हें बहुत खुशी होगी लेकिन अगर वे ऐसा नहीं करते तो भी वह उन पर कोई दबाव भी नहीं डालेंगे। दरअसल रविंद्र खुद हिंदू होकर इस नफरती दौर में मुस्लिमों की एक बड़ी



तादाद को अपने प्रतिष्ठान पर रोजा इफ्तार कराकर जहां एक बड़ी मिसाल पेश कर रहे है वहीं हमें भी उनसे सबक लेने की जरुरत है कि हम मुस्लिम भी हिंदू त्योहार पर कुछ ऐसा करें ताकि नफरती चिंटूओं को अपनी करनी पर मलाल हो। वैसे यह खबर बुढ़ाना की गंगा जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की खूबसूरत तस्वीर भी पेश कर रही है। रोजा अफ्तारी में बार संघ मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, बुढ़ाना ब्लाक प्रमुख विनोद मलिक, व्यापारी नेता राजेश संगल, वसीम कुरैशी, अनुराग संगल, सभासद इमरान कुरैशी, अभिनव त्यागी एडवोकेट, तनवीर कुरैशी, इनाम मेहर, टीटू, बंटी कंसल और मोंटी कंसल आदि सैंकड़ों गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# चलो पॉलिटैक्निक अभियान के चलते जागरूकता शिविर लगाया

**मुजफ्फरनगर।** सस्था गांधी पॉलिटेक्निक में संचालित सी डी टी पी योजना के अंतर्गत राजवंश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, ग्राम कूकड़ा में साइबर क्राइम, सोलर ऊर्जा एवं पॉलिटेक्निक चलो अभियान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के लगभग 100 छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया, जागरूकता शि.विर में आमंत्रित किए गए विशेषज्ञ अभिषेक अग्रवाल ने श्रोताओं को सौर ऊर्जा की उपयोगिता और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के विषय में जागरूक किया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समा.जसेवी गौरव स्वरूप ने समस्त श्रोताओं को साइबर क्राइम से किस तरीके से सुरक्षित रहना है और सौर ऊर्जा के लाभ के विषय में जागरूक किया, प्रवक्ता सचिन कुमार कश्यप ने साइबर क्राइम की कुछ घटनाओं से अवगत कराया एवं उनसे बचाव के बारे में बताया, अनुदेशक आर के शर्मा ने पॉलिटेक्निक चलो अभियान से सभी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया और उसकी महत्वता को समझाया, और कार्यक्रम के अंत में सीडीटीपी योजना समन्वयक चमन लाल ने जागरूकता शिविर की महत्वता से अवगत कराया, सलाहकार काजल ने सीडीटीपी योजना की जानकारी दी, इस अवसर पर राजवंश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के निदेशक नमन राजवंशी, राजवंश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य समुद्र सेन, गांधी पॉलिटेक्निक एल्यूमिनी संगठन संरक्षक सतीश शर्मा, जूनियर कंसलटेंट सागर, एवं अतिथि प्रशिक्षक अशोक कुमार, सचिन सैनी, मनीष गहलोत, रुचिका गहलोत आदि मौजूद रहे।

# धानी के दावेदारों का ठंडा पड़ता जोश, चुनाव की तस्वीर साफ न होने से सियासी हलचल धीमी

**चरथावल।** ब्लॉक में ग्राम प्रधान चुनाव को लेकर कभी जोश और चर्चाओं से गर्म रहने वाला माहौल अब धीरे-धीरे ठंडा पड़ता दिखाई दे रहा है। चुनाव की तारीख और स्थिति स्पष्ट न होने के कारण प्रधानी का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे संभावित उम्मीदवारों का उत्साह कम होता नजर आ रहा है।सर्दियों के दिनों में जहां संभावित प्रत्याशी पूरे जोश के साथ चुनावी मैदान में सक्रिय दिखाई दे रहे थे और अधिकांश लोग अप्रैल-मई में चुनाव होने की उम्मीद जता रहे थे, वहीं समय बीतने और गर्मी बढ़ने के साथ-साथ दावेदारों का उत्साह भी कम होता जा रहा है। पहले गांवों की बैठकों और चौपालों में सिर्फ एक ही चर्चा होती थीकृगांव की सरकार यानी प्रधान का चुनाव किसके पक्ष में जाएगा और कौन मैदान में मजबूत दावेदार बनकर उभरेगा।चरथावल ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में चरथावल देहात को बड़ी पंचायतों में गिना जाता है। इस पंचायत की खास बात यह है कि देहात के साथ-साथ आसपास के कई माजरों के मतदाता भी यहीं के प्रधान का चुनाव करते हैं। करीब पांच माजरों के जुड़ने के कारण यह ग्राम पंचायत काफी बड़ी और प्रभावशाली मानी जाती है।यही वजह है कि चरथावल देहात की प्रधानी का चुनाव हमेशा रोचक बना रहता है। स्थानीय राजनीति में भी इसका खास महत्व रहता है, क्योंकि नगर पंचायत के चेयरमैन समेत कई राजनीतिक खेमे अपने समर्थक उम्मीदवार को प्रधान बनवाने के लिए पूरी ताकत झोंकते हैं।हालांकि फिलहाल चुनाव की स्थिति स्पष्ट न होने के कारण संभावित प्रत्याशियों की गतिविधियों में कमी देखी जा रही है। ऐसे में चरथावल क्षेत्र में अब सबकी निगाहें पंचायत चुनाव की आधिकारिक घोषणा पर टिकी हुई हैं।

# तीन वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार कर भेजे जेल

**बुढ़ाना।** न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए बुढ़ाना पुलिस ने सोमवार के दिन अलग अलग स्थानों से तीन वारंटी अभियुक्तों को मुखबिरों की सटीक सूचना के आधार पर उनके मकानों से गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना पुलिस ने बताया कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी का रहने वाला हसरत किसी मामले में न्यायालय में गैरहाजिर चल रहा था। न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया है। दूसरी घटना में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर गांव परासौली निवासी वारंटी अभियुक्त मन्साद को पोक्सो एक्ट की धारा में उसके घर से गिरद्धतार किया। तीसरी घटना में बुढ़ाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कस्बे की कैंतवाली मस्जिद के पास से आसिफ को उसके घर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों वारंटी अभियुक्तों का चालान कर कोर्ट के आदेश पर उनको जेल भेज दिया है।

# शुकतीर्थ में धूमधाम से मनाया जाएगा श्री हनुमत जयंती महोत्सव

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित हनुमधाम में श्री हनुमत जयंती महोत्सव की तैयारी जोरो से चल रही है। जिसमें हनुमान जी की विशाल प्रतिमा को सिंदूर का चोला चढ़ाया जा रहा है।

महामण्डलेश्वर स्वामी केशवानन्द सरस्वती महाराज ने बताया कि गोलोकवासी चक्र जी महाराज की प्रेरणा से श्री हनुमत जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए मध्य प्रदेश व कलकत्ता के कारीगरों द्वारा हनुमान जी की विशाल प्रतिमा पर सिंदूर का चोला चढ़ाया जा रहा है तथा विश्व भर की वानर प्रजातियों की मूर्तियों की रंगाई पुताई की जा रही है। महोत्सव के दौरान 29 मार्च से एक अप्रैल तक कथा व्यास आचार्य मनोज अवस्थी के द्वारा अपराह्न तीन से शाम छह बजे तक सुनिए कथा राम भक्त हनुमान की अमृत वर्षा की जाएगी। इसके अलावा 27 मार्च को श्री रामनवमी महोत्सव, 29 को श्री शुकतीर्थ परिक्रमा, 30 को श्री



सुन्दरकांड महायज्ञ, 31 को नेत्र चिकित्सा शिविर, एक अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम व दो अप्रैल को सात सौ करोड़ राम नाममयी 77 फुट उंची हनुमान जी की विशाल प्रतिमा का चरणाभिषेक होगा। इसके अलावा एक अप्रैल की शाम को दीपों के साथ हनुमान जी की दिव्य आरती व नगरी में हनुमान जी की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें पंडित छोटेलाल शर्मा के चंदौसी के निर्देशन में श्रीमहाकाली का भव्य और रोमांचकारी नृत्य का आयोजन किया जाएगा।

# प्रीमियर लीग-2 में देवभूमि रॉयल्स की शानदार जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रीमियर लीग-2 क्रिकेट मुकाबले में देवभूमि रॉयल्स ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आरपीएल राइडर्स को 39 रन से पराजित कर दिया। टीम की जीत में आस मोहम्मद की विस्फोटक शतकीय पारी निर्णायक साबित हुई।

चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग-2 के मैच संख्या-25 में देवभूमि रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आरपीएल राइडर्स को 39 रन से हरा दिया। मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए आस मोहम्मद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी देवभूमि रॉयल्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से आस मोहम्मद ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 75 गेंदों में 119 रन की नाबाद पारी खेली। उनकी पारी में 13 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। इसके अलावा बादल सिंह ने 35 और हर्ष भाटी ने 25 रन का योगदान देकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। आरपीएल राइडर्स की ओर से गेंदबाजी में मनीष कश्यप ने 2 विकेट झटके, जबकि अतीफ राणा को 1 विकेट मिला।221 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरपीएल राइडर्स की टीम ने भी अच्छा संघर्ष किया, लेकिन निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 191 रन ही बना सकी। टीम की ओर से ब्विवेंद्र ने 69 गेंदों में 117 रन की नाबाद पारी खेलकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि नवीन मिश्रा ने 17 रन बनाए।देवभूमि रॉयल्स की ओर से गेंदबाजी में हर्ष भाटी, मोहम्मद शारिक और अर्नव सोढम ने एक-एक विकेट हासिल किया। इस जीत के साथ देवभूमि रॉयल्स ने टूनार्मेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। मैच के बाद आस मोहम्मद को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। यह सम्मान पूर्व लॉन टेनिस खिलाड़ी विजय वर्मा ने देवभूमि टीम के ओनर सुमित रोहल, उद्योग.पति अमित गर्ग तथा मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के भूपेंद्र यादव, संजय शर्मा, ओम देव सिंह, विकास राठी, रोहित चौधरी, इंद्र माथुर, रोहन त्यागी, अक्षय चौधरी और विनीत चौधरी की मौजूदगी में दिया वहीं फाइटर ऑफ द मैच का खिताब ब्विवेंद्र को शशांक जैन क्रिस्टल बालाजी के हाथों प्रदान किया गया।

# आधी रात तक मना टी-20 विश्व कप जीत का जश्न

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय क्रिकेट टीम की टी-20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत के बाद रविवार देर रात तक जश्न का माहौल रहा। शहर के हृदय स्थल शिव चौक पर हजारों लोगों ने एकत्र होकर ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और तिरंगा लहराकर टीम इंडिया की जीत का उत्सव मनाया। अहमदाबाद में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरी बार विश्व कप ट्रॉफी जीती। इसी दिन अंडर-19 टीम ने भी विश्व जीतकर इस खुशी को दोगुना कर दिया। मैच का परिणाम सामने आते ही मुजफ्फरनगर में उत्सव का माहौल बन गया। शिव चौक, नई मंडी और रुड़की रोड समेत शहर के प्रमुख स्थानों पर क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। युवा अपने हाथों में तिरंगा लेकर ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते नजर आए। 'चक दे इंडिया' और 'भारत माता की जय' के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। इस दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल, नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप भी समर्थकों के साथ लोगों के बीच पहुंचे। सभी ने भगवान शिव को नमन कर देश की जीत की खुशी साझा की और उपस्थित लोगों को बधाई दी। शहर के विभिन्न मोहल्लों में जीत की खुशी में जमकर आतिशबाजी की गई।

# पालिका बोर्ड बैठक में बजट और विकास योजनाओं पर मंथन

## पालिका परिसर में ईद मिलन समारोह कराने की मांग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर पालिका परिषद खतौली की बोर्ड बैठक में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के मूल बजट समेत शहर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में 21 से अधिक एजेंडों पर विचार करते हुए आगामी योजनाओं और व्यवस्थाओं का खाका तैयार किया गया।

बैठक का प्रमुख मुद्दा वित्तीय वर्ष 2026-27 का मूल बजट रहा। इसके अलावा 15वें वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन और कान्हा गौशाला योजना के अंतर्गत शहर में विभिन्न विकास कार्यों को गति देने के प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल किए गए। नगर के सौंदर्यकरण तथा पालिका कार्यालय के मरम्मत कार्य को लेकर भी चर्चा की गई। आगामी श्रावण शिवरात्रि और कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए पालिका प्रशासन ने तैयारियों का प्रारूप भी प्रस्तुत किया। प्रस्ताव के अनुसार गंगनहर पटरी और अन्य प्रमुख मार्गों पर मिटी भराव, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जाएगी। कांवड़ियों के ठहरने के लिए वॉटरप्रूफ पंडाल, पेयजल की सुविधा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाने की योजना बनाई गई है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विभिन्न स्थानों पर अस्थायी सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेडिंग और साउंड सिस्टम लगाने का प्रस्ताव रखा गया। शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए नए कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग, सफाई उपकरणों की खरीद और कूड़ा डंप करने के लिए जमीन किराए पर लेने के प्रस्तावों पर भी विचार किया गया। इसके अलावा आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के समाधान के तहत आवारा कुत्तों और बंदरों को पकड़ने की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान वार्ड-21 के सभासद मौ. सद्दाम ने अधिशासी अधिकारी को पत्र सौंपते हुए ईद-उल-फितर के अवसर पर पालिका परिसर में ईद मिलन समारोह आयोजित करने की मांग की। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों को 2100 रुपये की सम्मान राशि और शॉल देकर सम्मानित किया जाए। साथ ही कस्बे के पत्रकारों को भी पालिका स्तर पर सम्मानित करने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने ईदगाह और मस्जिदों के बाहर 72 वाट की स्ट्रीट लाइट लगाने तथा पुष्प वर्षा की व्यवस्था कराने का भी प्रस्ताव रखा। बैठक में श्रावणी छड़ियान मेले की ठेका नीलामी, पालिका की संपत्तियों और दुकानों की नीलामी, सफाई कर्मचारियों को सर्दी-गर्मी की वर्दी वितरण तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नए नियम लागू करने जैसे प्रस्ताव भी चर्चा के लिए रखे गए।



मुजफ्फरनगर: पक्षी चिकित्सालय की एम्बुलेंस का शुभारंभ करते सीडीओ।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते हुए लाइनमैन को दबोचा

## मीटर लगाने के नाम पर ग्रामीण से 10 हजार रुपए की मांगी थी रिश्वत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के गांव ढुढार स्थित बिजलीघर पर तैनात एक संविदा कर्मी को मीटर लगाने के नाम पर उपभोक्ता से 10 हजार रुपये की श्वित लेते हुए सहारनपुर की एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव ढुढार निवासी शिवम पुत्र ओमपाल ने सहारनपुर स्थित एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी कि गांव के बिजलीघर पर तैनात संविदा कर्मचारी रामबीर सिंह पुत्र रमेश, निवासी ग्राम गढ़ीरामकौर, बिजली मीटर लगाने के नाम पर उससे 10 हजार रुपये की श्वित मांग रहा है। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि आरोपी लगातार उस पर पैसे देने का दबाव बना रहा था। पीड़ित के पास श्वित मांगने की बातचीत की ऑडियो




रिकॉर्डिंग भी मौजूद थी, जिसे उसने शिकायत के साथ एंटी करप्शन टीम को उपलब्ध कराया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने मामले की जांच शुरू की। निरीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए योजना बनाई गई। तय योजना के तहत सोमवार को एंटी करप्शन टीम शिकायतकर्ता के साथ ढुढार बिजलीघर पहुंची। टीम ने शिकायतकर्ता को 10 हजार रुपये के नोटों का बंडल दिया और उसे आरोपी के पास भेजा। जैसे ही संविदा कर्मचारी रामबीर सिंह ने मीटर लगाने के नाम पर श्वित की रकम ली, पहले से मौके पर तैनात एंटी करप्शन टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से बिजलीघर परिसर में हड़कंप मच गया। टीम आरोपी को पकड़कर थाने ले आई, जहां उससे पूछताछ की गई। जांच के दौरान आरा.
प सही पाए जाने पर एंटी करप्शन निरीक्षक मुकेन्द्र कुमार की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एंटी करप्शन टीम के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पूरे मामले की विस्तृत जांच भी की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं इस तरह की अवैध वसूली में अन्य लोग भी शामिल तो नहीं हैं। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली कनेक्शन और मीटर लगाने के नाम पर कई बार उपभोक्ताओं से अवैध रूप से पैसे मांगने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। ऐसे में एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। फिलहाल पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की तैयारी कर रही है, जबकि एंटी करप्शन टीम मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

### जांच के दायरे में अन्य कर्मचारियों की भूमिका

एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई के बाद विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारियों में भी हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस और एंटी करप्शन टीम यह जांच करने में जुटी है कि आखिर संविदा कर्मचारी किसकी शह पर उपभोक्ता से 10 हजार रुपये की श्वित मांग रहा था।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी सरकारी कर्मचारी श्वित लेकर काम नहीं करेगा। इसके बावजूद भी सरकारी महकमे में भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे है ताजा उदाहरण संविदा कर्मचारियों की गिरफ्तारी है।

# कस्बे में बाइकों का चालान काटने को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

## उच्चाधिकारियों से मिलकर वार्ता करेंगे व्यापारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान लगातार किए जा रहे बाइक चालानों को लेकर व्यापारियों में नाराजगी देखने को मिल रही है। इस संबंध में थानाभवन व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एक बैठक कर अपनी चिंता व्यक्त की और जल्द ही उच्च अधिकारियों से वार्ता करने की बात कही।

व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष सुधीर गर्ग ने बताया कि थानाभवन में शामली बस स्टैंड से मुख्य बाजार की ओर जाने वाले रास्ते पर पिछले काफी समय से पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान गांव देहात से बाजार में खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों की बाइकों के चालान काटे जा रहे हैं, जिससे ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसका असर सीधे तौर पर बाजार के व्यापार पर भी पड़ रहा है और व्यापारियों को ग्राहकों की शिकायतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पुलिस के उच्च अधिकारियों को फोन के माध्यम से भी अवगत कराया गया था लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो व्यापार मंडल के पदाधिक. ारी एकजुट होकर उच्च अधिका. रियों से मिलकर इस मामले में उचित निर्णय लेने की मांग करेंगे। व्यापारियों का यह भी कहना है कि शामली बस स्टैंड से मुख्य बाजार की ओर जाने वाले रास्ते पर ई-रिक्शा चालकों को पुलिस द्वारा नहीं रोका जाता जिसके कारण वहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष सुधीरगर्ग, संदीप गोयल,मनीराम, विपुल, आकाश गर्ग, विकास गोयल, सहित अनेको व्यापारी मौजूद रहे ।

# सड़क पार करते युवक को ट्रक ने कुचला, मौत

## झिंझाना-करनाल रोड पर हुआ दर्दनाक हादसा, हिरासत में चालक

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। झिंझाना-करनाल रोड पर चंदनपुरी कट के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रविवार और सोमवार की दरमियानी रात करीब 1:30 बजे चंदनपुरी कट के पास एक युवक सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान बिडोली की ओर से आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक वहां पहुंच गया और युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गिर पड़ा और ट्रक की चपेट में आ गया। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय



लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही झिंझाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस ने मौके पर मौजूद ट्रक को भी अपने कब्जे में ले लिया और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ट्रक बिडोली की ओर से आ रहा था। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हादसा तेज रफ्तार और लाप. रवाही से वाहन चलाने के कारण हुआ या अन्य कोई वजह थी। कुछ समय बाद मृतक युवक की पहचान अरविंद पुत्र सुखबीर निवासी गांव लक्ष्मणपुर के रूप में हुई। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी, जिसके बाद परिवार में को. हराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

# भव्य रथयात्रा सहयोगियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** अतिशय क्षेत्र में विराट वार्षिक रथयात्रा महोत्सव में सहयोग देने वालों को सोमवार को मन्दिर प्रबन्ध समिति द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह मे वक्ताओ सम्बोधन मे संतो के भ्रमण से जलालाबाद क्षेत्र मे ईश्वरीय ख्रपा एवं पार्श्वनाथ अतिशय क्षेंत्र की महिमा का वर्णन किया उन्होने कहा कि पूरे क्षेत्र मे समृद्धि एवं विकास इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है यह पूरा क्षेत्र धर्मक्षेत्र के समान है।

पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद जैन मंदिर प्रांगण में सोमवार में देर शाम रथयात्रा महोत्सव के सहयोगी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भगवान पार्श्वनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके उपरांत सचिन जैन द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संच. ालन भाजपा नेता डॉ मुकेश शास्त्री ने किया गया। कार्यक्रम मे विगत रविवार में संपन्न विराट वार्षिक रथयात्रा महोत्सव में मीडियाकर्मियों, नगर पंचायत कर्मचारियों, सामाजिक रुप से सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों को मंदिर कमेटी की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अशरफ अली के प्रतिनिधि के रूप मे उनके बेटे शायान अली ने अपने सम्बोधन मे कहा कि प्रत्येक धर्म हमें एक दूसरे धर्म के सम्मान करने की शिक्षा देता है।

वर्तमान समय में हम सभी को जागकर कार्य करना होगा।यह धर्मक्षेत्र है यहां समय समय पर मुनियो संतो का भ्रमण क्षेत्र है जो इस क्षेत्र की समृद्धि एवं विकास को दर्शाता है । जिस क्षेत्र पर संतो का आशीर्वाद समागम रहता है । वहां समृद्धि का वास होता है। महोत्सव के दौरान सभी धर्मो के अनुयायियों के द्वारा सहयोग देने पर उनका अभिवादन किया। इस सहयोग को उन्होने जलालाबाद कस्बे की अनूठी संस्ख्रति बताया। इस दौरान समिति के सुशील जैन, के प्रयास की सराहना की।

सफाई नायक निसार अहमद संजीव अग्रवाल , तुलसी नायक, महोत्सव के निरंतर पथ प्रदर्शन के लिए श्रीकांत आहूजा, ओमप्रकाश सैनी, नेत्रपाल, राजकुमार उपाध्याय, टीटू सैनी, श्रीकांत आहूजा, अमन कोरी, पण्डित सनत जैन, सतीश जैन, राहुल जैन, सचिन जैन, बबली गोंयल, राजेन्द्र प्रसाद अमित कोरी, , भीम सैनी, मांगेराम, नीटू सैनी, वैष्णव नायक, अक्षय कोरी, को सम्मानित किया।

# मेडिकल स्टोर के बाहर से बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के मेन बस स्टैंड के पास स्थित अली मेडिकल स्टोर के बाहर से मेडिकल संचालक की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। रात्रि करीब 8:30 बजे हुई यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में भी चिंता का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार कस्बे के मेन बस स्टैंड के पास स्थित अली मेडिकल स्टोर के बराबर में मेडिकल संचालक इरशाद ने अपनी बाइक खड़ी की हुई थी और वह दुकान पर काम कर रहे थे। इसी दौरान दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे और मौका पाकर बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। चोरों ने काफी दुस्साहसिक तरीके से वारदात को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार पहले एक चोर बाइक के पास पहुंचा और इधर-उधर निगरानी करने के बाद बाइक का लॉक तोड़ दिया। इसके बाद वह वहां से चला गया। कुछ देर बाद दूसरा चोर मौके पर पहुंचा और बाइक को लेकर फरार हो गया। चोरों की यह पूरी करतूत पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ तौर पर कैद हो गई है। घटना का पता चलने पर आसपास के लोगों और व्यापारियों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। व्यापारियों का कहना है कि बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। पीड़ित मेडिकल संचालक इरशाद ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

## ऑपरेशन सवेरा में कैराना पुलिस की बड़ी सफलता

# 40 लाख की स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद शामली में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान '" ऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर''' के तहत कैराना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 200 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार सहारनपुर परिक्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी और बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जिले में भी पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक




सुमित शुक्ला के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम सक्रिय रूप से नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही है।

इसी क्रम में रविवार की रात कैराना कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक गौरव चौहान को मुखबिर खास से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध स्मैक के साथ इलाके में मौजूद है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उपनिरीक्षक गौरव चौहान ने अपनी टीम के साथ तत्काल कार्रवाई की। पुलिस टीम ने कस्बे की नई बस्ती काजी का बाग निवासी सोनू उर्फ इनाम पुत्र नसीर को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 200 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 40 लाख रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना कैराना में आरोपी के खिलाफ मुकदमा संख्या 161/26, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपी से पूछताछ की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह स्मैक कहां से लाता था और किन-किन लोगों को इसकी सप्लाई करता था। पुलिस उसके फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाल रही है, ताकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य तस्करों तक भी पहुंचा जा सके और पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पहले भी कैराना थाने में चोरी और आर्म्स एक्ट से संबंधित कई मुकदमे दर्ज हैं। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गौरव चौहान, हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल सचिन और कांस्टेबल भानू शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




# शामली की स्वाति रोझा लखनऊ में सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस कर्मियों के परिवारों की प्रेरणादायक महिलाओं और बेटियों को सम्मानित करने के क्रम में जनपद शामली की बेटी स्वाति रोझा को पुलिस मुख्यालय लखनऊ में सम्मानित किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में वामा सारथी की अध्यक्ष द्वारा उप निरीक्षक कर्मबीर सिंह की पुत्री स्वाति रोझा को उनके साहसिक एवं प्रेरणादायक कार्यो के लिए सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।

स्वाति रोझा एक लोकप्रिय यूट्यूबर, मोटोव्लॉगर और पेशे से फिजियोथेरेपिस्ट हैं। सोशल मीडिया पर उनकी पहचान तेजी से बढ़ रही है और उनके यूटड्यूब चौनल पर करीब 4.5 लाख सब्सक्राइबर जुड़े हुए हैं। स्वाति ने मोटरसाइकिल से देश के 12 ज्योतिर्लिंगों की धार्मिक यात्रा पूरी कर साहस, आत्मवि श्वास और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है। उनकी इस यात्रा को लोगों ने काफी सराहा है। स्वाति की यह उपलब्धि खासतौर पर युवाओं और महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही है। उन्होंने यह साबित किया है कि यदि मन में दृढ़ निश्चय हो तो किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनकी साहसिक यात्रा से प्रभावित होकर आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने भी उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने अपने निजी खर्च पर स्वाति को आंध्र प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा भी कराई थी। स्वाति रोझा की इस उपलब्धि से पुलिस विभाग में भी खुशी का माहौल है। अधिकारियों ने उनकी उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बलवा चौराहे के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के गांव जसाला निवासी अमन चौहान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनके पिता ऋषिपाल पुत्र जगदीश 6 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे अपने घर से बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से शामली की ओर जा रहे थे। जब वह बलवा चौराहे के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। आरोप है कि कार चालक लापरवाही और तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऋषिपाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। बाद में उसकी पहचान आदिल पुत्र इरफान निवासी मोहल्ला पीरजादगान, झिंझाना के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से घायल को तत्काल जिला अस्पताल शामली में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेरठ के आनंद अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि अस्पताल में ऋषिपाल को आईसीयू में भर्ती किया गया है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और फरार कार चालक की तलाश में जुट गई है।

# मार्च की शुरुआत में गर्मी ने दिखाया असर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मार्च माह की शुरुआत के साथ ही मौसम का मिजाज बदलने लगा है और गर्मी का असर महसूस किया जाने लगा है। जिले में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिसके कारण दोपहर के समय तेज धूप लोगों को परेशान करने लगी है। हालात यह हैं कि दिन चढ़ने के साथ ही सड़कों और बाजारों में लोगों की आवाजाही कम दिखाई देने लगी है। लोग केवल जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं और धूप से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

सोमवार को जिले में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय मौसम अपेक्षाख्रत सामान्य और हल्का ठंडा रहा, जिससे लोगों को राहत मिली। हालांकि जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, धूप तेज होती चली गई और दोपहर तक गर्मी का असर साफ महसूस होने लगा। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को बाहर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज गर्मी के चलते दोपहर के समय बाजारों की रौनक भी कम नजर आई। कई दुकानों पर ग्राहक कम दिखाई दिए और लोग सिर पर कपड़ा, टोपी या छाता लगाकर ही बाहर निकलते नजर आए। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों की ओर भी रुख कर रहे हैं। शहर में जूस, लस्सी और ठंडे पेय पदार्थों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है।

वहीं गर्मी से राहत पाने के लिए बच्चे नहरों और तालाबों में नहाते और डुबकी लगाते भी दिखाई दे रहे हैं। दोपहर के समय कई स्थानों पर बच्चे पानी में मस्ती करते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्च के शुरुआती दिनों में ही इस तरह की गर्मी महसूस होना थोड़ा असामान्य लग रहा है। यदि तापमान इसी तरह बढ़ता रहा तो आने वाले दिनों में गर्मी का असर और अधिक बढ़ सकता है। मौसम जानकारों का भी मानना है कि अगले कुछ दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में लोगों को दोपहर के समय तेज धूप से बचने, हल्के कपड़े पहनने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी जा रही है।

# पीएम मातृत्व योजना के तहत एचआरपी-डे कैंप आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के सरकारी अस्पताल में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित योजना के अंतर्गत एचआरपी द्धहाई रिस्क प्रेग्नेंसीऋ डे कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आई गर्भवती महिलाओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं।

कैंप में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। चिकित्सकों की टीम ने महिलाओं का ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, वजन और अन्य जरूरी स्वास्थ्य परीक्षण किए। जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने महिलाओं को संतु. लित आहार लेने, नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने और गर्भावस्था के दौरान डॉक्टरों की सलाह का पालन करने के लिए जागरूक किया। साथ ही सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पताल में ही डिलीवरी कराने की सलाह दी गई, ताकि मां और बच्चे दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके। सरकारी चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित योजना के तहत यह एचआरपी डे कैंप आयोजित किया गया है। इस



योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के मामलों की समय रहते पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि कैंप में नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आई सैकड़ों गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। जिन महिलाओं में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के लक्षण पाए जाते हैं, उन्हें विशेष निगरानी में रखा जाता है, ताकि प्रसव के समय किसी प्रकार की जटिलता न हो और समय रहते उचित चिकित्सा सहायता दी जा सके। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस तरह के शिविरों से गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच और उपचार की सुविधा मिलती है, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में भी मदद मिलती है।

# लापरवाही व देरी नहीं की जाएगी बर्दाश्त:मनीषा अहलावत

## महिला जनसुनवाई में 21 प्रकरणों की हुई सुनवाई





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय दिलाने के उद्देश्य से सोमवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत ने की। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने महिलाओं से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने अपनी समस्याएं और शिकायतें आयोग के समक्ष रखीं। इस दौरान कुल 21 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इनमें मारपीट, घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद और जमीन से जुड़े मामलों सहित कई अन्य शिकायतें शामिल रहीं। मनीषा अहलावत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए, ताकि पीड़ित महिलाओं को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्राप्त शिकायतों के आधार पर उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों, वन स्टॉप सेंटर तथा अन्य विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। जनसुनवाई के दौरान अपने संबोधन में श्रीमती मनीषा अहलावत ने उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में उनकी भागीदारी को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल हैं और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अतुल बंसल, क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निम्बाडिया, सहायक श्रमायुक्त अरविंद कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन, जिला कार्यक्रम अधिकारी यामिनी रंजन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी सुधीर त्यागी, महिला थाना प्रभारी मोनिका चौहान, उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. सीमा वर्मा द्धप्रतिनिधि जिला विद्यालय निरीक्षकत्रु, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नामित अधिवक्ता अजय शर्मा, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक गजाला त्यागी सहित महिला कल्याण विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के माध्यम से कई महिलाओं को अपनी समस्याएं सीधे आयोग के समक्ष रखने का अवसर मिला, जिससे उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। अधिकारियों ने भी भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों का शीघ्र और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

## घर में घुसकर चाचा-भतीजे पर लाठी-डंडों से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला छड़ियान खारी कुई में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर चाचा-भतीजे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला छड़ियान खारी कुई निवासी नसीम अहमद पुत्र असगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि छह मार्च की रात करीब दस बजे मोहल्ले के ही दिलशाद पुत्र हाफिज अ"याज, फारुक पुत्र इनाम, फरदीन पुत्र फारुक, शादान पुत्र फारुक, हमजा पुत्र फारुक और फैज पुत्र फारुक एकजुट होकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में नसीम अहमद और उनका भतीजा शहजाद पुत्र रईस अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने कैराना थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में नामजद छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## धारदार हथियार से हमले का आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव ऊंचागांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में कैराना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार 4 मार्च को गांव ऊंचागांव निवासी प्रियाशु पुत्र जगबीर अपने ताऊ वीरसैन और ताऊ के बेटे निखिल के साथ गांव में मौजूद था। इसी दौरान गांव के ही अवनीश, अंकुर और अंशुल वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे तीनों घायल हो गए। पीड़ित प्रियाशु की तहरीर पर कैराना कोतवाली में नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी अंशुल चौहान पुत्र जसबीर सिंह निवासी ग्राम ऊंचागांव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है, जबकि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक पवन कुमार और हेड कांस्टेबल आकाशदीप शामिल रहे।

## सीसीटीवी में कैद हुई बकरे की चोरी, बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कैराना।** क्षेत्र के गांव मन्ना माजरा में घर के सामने घास चर रहे बकरे को बाइक सवार दो अज्ञात युवक बोरी में डालकर चोरी कर ले गए। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मन्ना माजरा निवासी इरफान पुत्र किताबू ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि सात मार्च को करीब तीन बजे उनका बकरा घर के सामने घास चर रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे और बकरे को पकड़कर बोरी में डाल लिया। इसके बाद आरोपी बाइक से मौके से फरार हो गए। कुछ देर बाद जब बकरा दिखाई नहीं दिया तो परिजनों ने आसपास उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो उसमें दो युवक बकरे को बोरी में डालकर बाइक से ले जाते हुए दिखाई दिए। पीड़ित ने कोतवाली कैराना में तहरीर देकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## रोडवेज बस की बैटरी चोरी का खुलासा

**झिंझाना।** थाना झिंझाना पुलिस ने ग्राम बहैड़ा में रोडवेज बस की बैटरी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बैटरी भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार ग्राम बहैड़ा निवासी अनिल कुमार पुत्र विक्रम सिंह उत्तर प्रदेश परिवहन निगम मुजफ्फरनगर डिपो की बस के चालक हैं। वह प्रतिदिन डयूटी समाप्त करने के बाद बस को अपने गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास खड़ा कर घर चले जाते थे। एक जनवरी की रात भी उन्होंने बस वहीं खड़ी कर दी थी। अगले दिन सुबह बस स्टार्ट करने पर पता चला कि अज्ञात व्यक्ति बस की बैटरी चोरी कर ले गया है। इस संबंध में चालक अनिल कुमार की तहरीर पर थाना झिंझाना में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देश पर चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन और व्यक्ति चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मुज्जमिल पुत्र जरीफ निवासी ग्राम बिडौली थाना झिंझाना को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी की गई बैटरी बरामद हुई।

# लोक अदालत प्रचार वाहन को जिला न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन और आमजन को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को जनपद न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों ने लोगों से लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराकर इसका लाभ उठाने की अपील की।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार यह अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष इंदर प्रीत सिंह जोश ने न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देगा और उन्हें अपने लंबित मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर कराने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम का संयोजन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिभा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश इंदर प्रीत सिंह जोश ने सभी न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराया जाए, ताकि वादकारियों को जल्दी न्याय मिल सके और उन्हें कोर्ट-कचहरी के लंबे चक्कर न लगाने पड़ें। प्रचार वाहन को रवाना करते समय जागरूकता के लिए एक नारा भी लगाया गया। ''हम सब वादकारियों ने ठाना है, कोर्ट-कचहरी के चक्कर नहीं लगाना है, लोक अदालत में मामला निपटाना है और हंसते-हंसते घर जाना है।'' इस दौरान जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले, धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, बिजली और जल बिल से संबंधित मामले, श्रम वाद, राजस्व वाद, भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद सहित अन्य सिविल मामलों का निस्तारण आपसी सहमति से किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी सीमा वर्मा, परिवार न्यायालय के न्यायाधीश बृजेश मिश्रा, न्यायाधीश अंकित कुमार, जिला बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्ता, मध्यस्थगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्य, पीएलवी कर्मचारी तथा पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर दबंगों ने किया हमला, महिला से अभद्रता का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला आलदरम्यान में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर परिवार पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर पिता-पुत्र को घायल कर दिया, जबकि बीच-बचाव करने आई महिला के साथ अभद्रता करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कई नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि छह मार्च को दोपहर करीब दो बजे पीड़ित परिवार का युवक मस्जिद से जुमे की नमाज अदा कर बाहर निकला था। आरोप है कि उसी दौरान मोहल्ले के शाहनवाज और उसके साथ मौजूद कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उसी दिन रात करीब दस बजे शाहनवाज, सरफराज, इरफान, इमरान, इस्माईल, नदीम, मुकीम व शहीद समेत 8-10 अज्ञात लोग लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। हमले में परिवार के मुखिया और उनके बेटे को चोटें आईं, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि बीच-बचाव करने आई महिला के साथ आरोपियों ने मारपीट करते हुए अभद्रता की और उसके कपड़े फाड़ दिए। शोर-शराबा होने पर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नो हेलमेट नो फ्यूल में काटे 432 चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस शामली द्वारा जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने, आमजन के अमूल्य जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नो हेलमेट नो फ्यूल नीति के अंतर्गत व्यापक, सघन, सुनियोजित एवं सख्त सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं प्रवर्तनात्मक अभियान संचालित किया गया।

यातायात निरीक्षक निधि चौधरी के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा जनपद के प्रमुख एवं अत्यधिक व्यस्त चौराहों बलवा चौराहा, टिकैत तिराहा, दिल्ली रोड, झिंझाना रोड पुल, रोडवेज बस अड्डा, बनत चौराहा, शिव चौक, धीमानपुरा फाटक, अंजता चौक, बस अड्डा, फव्वारा चौक, विजय चौक सहित अन्य मुख्य स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया । अभियान का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों में हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जनसामान्य की जिम्मेदारी को सुदृढ़ करना रहा। अभियान के दौरान विभिन्न पेट्रोल पंपों एवं प्रमुख चौराहों पर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को ईंधन उपलब्ध न कराए जाने की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया गया । साथ ही वाहन चालकों को हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग, यातायात नियमों के पालन एवं जिम्मेदार वाहन संचालन के प्रति जागरूक किया गया ।यातायात पुलिस द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि हेलमेट न पहनने की स्थिति में ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, क्योंकि हेलमेट का प्रयोग न करना सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु एवं गंभीर चोट का एक प्रमुख कारण है । दोपहिया चालकों को हेलमेट की स्ट्रैप ठीक प्रकार से बांधने तथा चारपहिया चालकों को एयरबैग एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच कराने की सलाह दी गई। वरिष्ठ नागरिकों एवं स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चौराहों एवं व्यस्त मार्गो पर विशेष सावधानी बरतने पर बल दिया गया । नशे की अवस्था में वाहन संचालन को दंडनीय एवं अत्यंत खतरनाक बताते हुए शून्य सहिष्णुता की नीति दोहराई गई। वाहन चालकों को समय-समय पर वाहन की सर्विसिंग, ब्रेक एवं टायर की जांच कराने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त प्रवर्तनात्मक कार्रवाई करते हुए कुल 432 वाहनों के चालान किए गए। जिनमें से 376 चालान बिना हेलमेट वाहन चलाने के पाए गए ।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह द्वारा आमजन से आग्रह किया गया कि वे सड़क सुरक्षा को केवल कानूनी बाध्यता न मानकर अपनी व्यक्तिगत एवं सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में ग्रहण करें । उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से मानक हेलमेट धारण करने, चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक स्थिति में यातायात नियमों का पूर्णत: पालन करने की अपील की । उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त एवं निरंतर वैधानिक कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

# ठाकुर पूर्ण सिंह के समर्थन में उतरी युवा जन सेवा समिति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुए विवाद के मामले में दर्ज मुकदमे को लेकर अब सामाजिक संगठनों की सक्रियता बढ़ने लगी है। टीम युवा जन सेवा समिति ने ठाकुर पूर्ण सिंह के समर्थन में खुलकर सामने आने का निर्णय लिया है। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आसिफ ने घोषणा करते हुए कहा कि संगठन नसीरपुर में होने वाली पंचायत में भाग लेकर अपनी बात मजबूती से रखेगा। डॉ. आसिफ ने कहा कि दो दिन पहले हुए झगड़े को प्रशासन द्वारा गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। उनका आरोप है कि मामूली विवाद को अलग रूप देकर ठाकुर पूर्ण सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया, जो पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समिति इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करती है और जब तक सत्य सामने नहीं आता, तब तक संगठन पीड़ित पक्ष के साथ खड़ा रहेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि नसीरपुर में होने वाली पंचायत में समिति के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। पंचायत के माध्यम से पूरे मामले पर चर्चा की जाएगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी। उनका कहना है कि यदि किसी के साथ अन्याय होता है तो समाज को उसके समर्थन में खड़ा होना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से भी अपील की कि मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए ताकि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि कानून पर सभी का भरोसा बना रहना चाहिए, लेकिन प्रशासन को भी निष्पक्षता बनाए रखनी होगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पंचायत में क्षेत्र के गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण भी बड़ी संख्या में शामिल होने की संभावना है। पंचायत में यह भी तय किया जाएगा कि यदि जरूरत पड़ी तो मामले को लेकर आगे कानूनी और सामाजिक स्तर पर भी कदम उठाए जाएंगे। टीम युवा जन सेवा समिति ने साफ किया कि उनका उद्देश्य किसी प्रकार का तनाव पैदा करना नहीं है, बल्कि न्याय की मांग करना है। संगठन ने सभी लोगों से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील भी की है। वहीं नसीरपुर पंचायत को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

**सूचना**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443**

**कार्यालय पता:- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# मिशन शक्ति को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**शाहटाइम्स संवाददाता**

**शामली** जनपद में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला पुलिसकर्मियों द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली एन. पी. सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक श्री सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में यह अभियान मुख्य रूप से बाजारों, बस स्टेशनों और रेलवे स्टेशनों में केंद्रित रहा।

अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा के प्रति सजग करना, उत्पीड़न, छेड़छाड़ और हिंसा जैसी घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करना और महिला सुरक्षा के लिए उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराना था। महिला पुलिसकर्मियों ने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं और बच्चों से संवाद कर हेल्पलाइन नंबर, पुलिस सहायता केंद्र और सुरक्षित मार्गों की जानकारी दी। इसके साथ ही महिलाओं को आत्मरक्षा के सरल उपायों और डिजिटल माध्यम से मदद प्राप्त करने के तरीकों से भी अवगत कराया गया। अभियान के दौरान विशेष रूप से यह संदेश दिया गया कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सतर्क रहना चाहिए और किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करना चाहिए। महिला पुलिसकर्मियों ने पोस्टर, ब्रोशर और जागरूकता संदेश वितरण के माध्यम से आम जनता में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। शामली पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान केवल पुलिस उपस्थिति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा और समाज में सशक्त भूमिका की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि पुलिस-जन सहयोग के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। अभियान के माध्यम से जनपद में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सुरक्षा उपायों का पालन सुनिश्चित करने और नागरिकों में पुलिस सहयोग की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया गया। मिशन शक्ति अभियान से महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता और सुरक्षा संस्कृति को जन आंदोलन के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**शाह टाइम्स शामली में कार्यरत संवाददाताओं की सूची**

**शाह टाइम्स समाचार पत्र में विज्ञापन, विज्ञप्ति, सूचना या समाचार आदि के लिए सम्पर्क करे।**

**shahtimesshamli441985@gmail.com**

| क्र.सं. | नाम | स्थान ( पद ) | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|
| 1 | सुनील वर्मा | जिला प्रभारी शामली | 8630354443<br>9897943340 |
| 2 | मोहसीन रहमानी | संवाददाता कांधला | 7900300510 |
| 3 | हरेन्द्र मलिक | संवाददाता झिंझाना | 9758552640 |
| 4 | इनशाद राणा | संवाददाता चौसाना | 9756562666 |
| 5 | जयवीर सिंह ( बब्लू ) | संवाददाता थानाभवन | 8218012821 |
| 6 | समीउल्लाह खान | संवाददाता जलालाबाद | 9719215832 |
| 7 | सादिक चौधरी | संवाददाता बिडौली | 9719049885 |

**जिला कार्यालय**

**पता- ओम प्लाजा मार्कीट, प्रथम तल निकट इलाहाबाद बैंक धीमानपुरा शामली**

# छत पर खेल रहा बालक एचटी लाइन की चपेट में आकर झुलसा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मकान की छत पर खेल रहा बालक वहां से गुजर रही एचटी लाइन की चपेट में आकर करंट लगने से झुलस गया। स्वजन ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। मकान स्वामी ने छत के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन को स्थानांतरित कराने की मांग प्रशासन से की है।

तल्हेड़ी चुंगी से गोहर जाने वाले रास्ते पर फहीम का मकान है। उसका 11 वर्षीय पुत्र फरहान रविवार शाम बच्चों के साथ मकान की छत पर खेल रहा था। इस दौरान वहां से गुजर रही एचटी लाइन पर उसका हाथ पड़ा और करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया। बच्चों के शोर की आवाज सुनकर स्वजन छत पर पहुंचे और गंभीर हालत में फरहान को रेलवे रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। फरहान के पिता फहीम के मुताबिक उनकी छत के बिल्कुल ऊपर से एचटी लाइन गुजर रही है। बार बार मांग के बावजूद भी लाइन को स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया है कि उनके बच्चे की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। परिवार के लोगों ने एसडीएम से छत के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन को स्थानांतरित कराए जाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी युवराज सिंह कहना है कि वह ऊर्जा निगम के अधिकारियों से इस संबंध में बात करेंगे। समस्या निदान का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## नारी शक्ति वंदन समारोह का हुआ आयोजन

**देवबन्द।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर साहित्य संगम जन जागृति सामा. जिक मंच के तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन समारोह का आयोजन हुआ। श्री रामकृष्ण सेवा सदन अस्पताल परिसर में हुए कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंडलेश्वर साध्वी आशु गिरि ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि महिला देवी स्वरूप होती है। महिलाओं का सम्मान देवों ने भी किया है। मुख्य अतिथि उषा राठौर, डा. फौजिया, शाइस्ता खान, रीता सिंह, संस्था अध्यक्ष ममता वर्मा ने भी विचार रखें। अदिति वर्मा, निधि वर्मा, ज्योति वर्मा, डा. शालिनी खोराना, प्रियंका गर्ग, मधुलिका तंवर आदि शामिल रही।

# कमेटी ने ईद की नमाज का लिया निर्णय



**देवबन्द।** ईदगाह वक्फ कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज सवेरे सवा सात बजे अदा कराए जाने का फैसला लिया गया। साथ ही इस बार का एक आदमी का सदका-ए-फितर 50 रुपये तय किया गया है। कमेटी ने मुस्लिम समाज से ईद की नमाज सडकों पर अदा न करने का आहवान किया।

शेखुल हिंद हाल में आयोजित हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ईदगाह में ईदुल फितर की नमाज सवेरे सवा सात बजे, दारुल उलूम वक्फ की अतियाबुल मस्जिद में 7.30 बजे, दारुल उलूम की रशीद मस्जिद में 7.45 बजे और जामा मस्जिद में आठ बजे अदा की जाएगी। ईदगाह में प्रसिद्ध आलिम मुफ्ती अफ्फान मंसूरपुरी नमाज अदा कराएंगे। कमेटी के सचिव अनस सिद्दीकी ने बताया कि इस बार एक आदमी का सदका-ए-फितर 50 रुपये तय किया गया। अध्यक्ष डॉ. अनवर सईद ने पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग को पत्र भेजकर ईदगाह के आसपास साफ-सफाई कराए जाने की मांग की है। इस मौके पर दारुल उलूम के नायब मोहतमिम मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी, जामा मस्जिद के मुतवल्ली खुर्रम उस्मानी, अहमद फराज, तहसीन खां, सईद अंसारी, सुहैल सिद्दीकी, मुफ्ती रिहान, मौलाना दिलशाद कासमी, फहीम सिद्दीकी आदि शामिल रहे।

# जिला महामंत्री ने जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री अहसान राव ने पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति पर उससे रंगदारी मांगने और न देने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

भाजपा नेता अहसान राव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि देवीकुंड रोड निवासी सुधीर नामक व्यक्ति सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर लोगों से अवैध वसूली करता है। आरोप है कि सुधीर व उसके एक साथी ने कुछ दिन पहले उससे रंगदारी मांगी थी और न देने पर उसकी छवि समाज में खराब करने व जान से मारने की धमकी दी थी। इसी के चलते आरोपी सोशल मीडिया पर बेबुनियाद वीडियो डालकर उसकी छवि खराब कर रहा है।

तहरीर में आरोपी से जान माल का खतरा बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने भाजपा नेता की तहरीर पर नामजद आरोपी सुधीर व उसके साथी के खिलाफ बीएनएस की धारा 308 (2), 356 (2), 352 व 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए जांच की जा रही है तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता का लिया आशीर्वाद

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देवबन्द।** शीतला माता मंदिर में सोमवार को वार्षिक मेले का आयोजन हुआ। इसमें पहुंचे श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया।

नगर के कुटी रोड स्थित शीतला माता मंदिर में प्रसाद चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में मीठे पूड़े, फल फूल व जल आदि चढ़ाकर माता शीतला की पूजा की और बच्चों की सलामती तथा परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी निरंजन भगत ने बताया की गर्मी का प्रभाव बढने के साथ ही चेचक व खसरा समेत अन्य बीमारियां बच्चों को घेर लेती है। शीतला माता इन बीमारियों से बचाती है। इसलिए ही हर वर्ष गर्मी की आमद के साथ ही माता शीतला की विशेष पूजा की जाती है।

उधर, मंदिर परिसर में लगे मेले का बच्चों ने आनंद लिया। साथ ही श्रद्धालुओं ने मेले में लगी दुकानों से खरीदारी की।

## ईद पर दर्जियों की दुकानों पर बढ़ी भीड़

**अफजलगढ़।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के दर्जियों की दुकानों पर कपड़े सिलाई कराने वालों की भीड़ बढ़ती जा रही है। ईद उल फितर हर अमीर-गरीब खास व आम नए कपड़े पहन कर ही ईद की नमाज अदा करता है। हालांकि रेडीमेड कपड़ों का चलन काफी बढ़ गया है, परन्तु उम्र दराज लोग रेडीमेड पैंट शर्ट के मुकाबले सिली हुई पेंट शर्ट पहनना अध्कि पसंद करते हैं। इसी तरह रेडीमेड कुर्ता-पजामा के मुकाबले लोग अध्कितर सिला हुआ कुर्ता पजामा पहनने को अहमियत देते हैं।

ईद पर कुर्ता पजामा हर उम्र के व्यक्ति की पहली पसंद होता है, इसलिए कुर्ता पजामा पहनने वालों की भीड़ दर्जियों की दुकानों पर बढ़ती जा रही है। काम का बोझ कम करने व समय पर पूरा काम करने की गरज से क्षेत्र के समस्त टेलर दो से तीन सिफ्टो में सिलाई के कार्य को अंजाम दे रहे हैं। कासमपुर गढ़ी के हाफिज नसीमुद्दीन टेलर, गुल्लू टेलर, हाफिज अय्यूब टेलर, अलतमश टेलर, मुस्तकीम टेलर एंव ग्राम मानियावाला के कारी फरीद टेलर, जयपाल सिंह टेलर, मौहम्मद मुकर्रम टेलर, जावेद टेलर आदि ने बताया कि आम दिनों के मुकाबले ईद के मौके पर समय का खास ध्यान रखा जाता है।

## एक नजर

### स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश



**बिजनौर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति संगठन द्वारा दयानंद इंटर कॉलेज बुखारा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन की ओर से 200 महिलाओं को नि:शुल्क शुगर जांच मशीनें वितरित की गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन की जिलाध्यक्ष पूनम गोयल ने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण आज शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। इसलिए महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना बेहद जरूरी है। संगठन की महामंत्री शिवानी चौहान ने कहा कि महिलाएं अक्सर परिवार की जिम्मेदारियों में अपने स्वास्थ्य को पीछे छोड़ देती हैं। महामंत्री गार्गी अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि समय पर जांच और जागरूकता से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने महिलाओं से अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपील की। मंत्री निधि वर्मा ने कहा कि आज के दौर में जागरूकता ही सबसे बड़ा उपचार है। इस अवसर पर वंदना गुप्ता, शिखा गुप्ता, संतोष, रिंकी, पूनम शर्मा, करुणा अग्रवाल, मनीषा गुप्ता, रश्मि तोमर, नीलम चौधरी, शिखा अग्रवाल, अंशु विश्नोई, सुनीता शर्मा तथा मीडिया प्रभारी माही मसीह सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नियमित जांच कराने का संदेश दिया।

### ब्लॉक परिसर में सफाई की मांग

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक ब्लॉक प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी बलजीत सिंह ने कहा कि ब्लॉक परिसर में बने शौचालय बेहद गंदे हैं। गंदगी के कारण आम लोग शौचालय का प्रयोग नहीं करते हैं। ब्लॉक में मूलभूत सुविधाओं का भी टोटा है। ब्लॉक के अधिकारी तथा कर्मचारी इस ओर कोई ध्यान नहीं देते हैं। उन्होंने मांग की कि ब्लॉक के जर्जर शौचालयों का पुनर्निर्माण कराया जाए तथा शौचालयों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए। ब्लॉक परिसर में भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की। इस दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। जनपद को गुलदार मुक्त बनाने की मांग की गई। किसानों को निर्वाध बिजली आपूर्ति करने, फसलों को नुकसान पहुंचा रहे निराश्रित गोवंशों को गोशाला भेजना सुनिश्चित करने की मांग की गई। बैठक का संचालन राहुल चौधरी ने किया। बैठक को ओमराज सिंह, जसराम, फैयाज, तेजपाल सिंह, सोवीर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राजपाल सिंह, राजवीर सिंह, भूदेव, घासीराम आदि ने संबोधित किया।

### शिविर में कौशल विकास कार्यशाला



**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस ग्राम नौरंगाबाद पंचायत घर में आयोजित किया गया। शासन द्वारा निर्धारित विषय 'कौशल विकास हेतु युवा' के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं एवं ग्रामीण महिलाओं के लिए कौशल विकास एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। वहीं शिक्षिका प्रियंका जैन ने जुंबा तकनीक के माध्यम से व्यायाम कराया। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेविकाओं को व्यावहारिक कौशल सीखने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता डॉ. मीनाक्षी सिंह (सहायक प्रोफेसर, गृहविज्ञान विभाग) ने सिलाई, कढ़ाई, मेहंदी तथा लैपटॉप के बेसिक उपयोग से संबंधित जानकारी दी। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने कढ़ाई के नमूने तैयार किए तथा सिलाई के अंतर्गत पैटर्न बनाकर कुर्ती व ट्राउजर की कटिंग और सिलाई का अभ्यास किया। कार्यशाला को सफल बनाने में श्रीमती संतोष, रोहित, अर्जुन एवं मनोज का विशेष योगदान रहा।

### 'सबरंग' द्वारा काव्य गोष्ठी आयोजित

**बिजनौर।** नगर की प्रमुख साहित्यिक संस्था 'सबरंग' की होली मिलन तथा महिला दिवस के अवसर पर वृहद काव्य गोष्ठी का कल जैन धर्मशाला में आयोजन किया गया। संस्था के संरक्षक ओमप्रकाश परमार के सौजन्य से आयोजित गोष्ठी के अध्यक्ष डॉ. अनिल चौधरी, मुख्य अतिथि वार्ड 24 के सभासद तुफैल अहमद व विशिष्ट अतिथि सुरेश चन्द्र शर्मा रहे। मनोरंजन शर्मा के संचालन में सरस्वती वंदना से प्रारंभ गोष्ठी में डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने कहा- 'शिकवे सारे दूर हों चढ़े प्यार का रंग/रूठे भी गलहार हो मन में भरे उमंग।'

सुरेश शर्मा ने कहा- 'सैयां के भैया ने मुझे खूब सताया/ होली खेलन में सखी बड़ा मजा आया।' मनोरंजन शर्मा ने कहा- 'सियासी रंग तो बिखरे बहुत सी बार फागुन में/ चलों इस बार हम करें प्यार की बौछार फागुन में।' राशि अग्रवाल ने महिला दिवस पर कहा 'हे नारी तुम निश्छल धारा, तुम प्रेम मंत्र की भक्ति हो कई रूप जगत में है तेरे, हे नारी तुम शिवशक्ति हो।' गोष्ठी में ओमप्रकाश परमार, डॉ. सतेन्द्र शर्मा 'अंगिरस', संजीव 'एकल', विकास कुमार अग्रवाल, सुमन चौधरी, बीआर पाल, हुक्का बिजनौरी आदि ने भी काव्य पाठ किया। गोष्ठी के द्वितीय चरण में संस्था के संस्थापक सदस्य आरिफ गांधी का 'सबरंग' द्वारा सम्मान किया गया तथा उनसे कई गजलें सुनी गईं। अन्त में जहां मुख्य अतिथि तुफैल अहमद ने होली एवं महिला दिवस की सबको शुभकामनाएं दीं वहीं अध्यक्ष डॉ. अनिल चौधरी से कई गजलें सुनी गईं। 'सबरंग' के निदेशक हुक्का बिजनौरी द्वारा आभार व्यक्त करने के साथ गोष्ठी का समापन हुआ।

# एसडी कॉमर्स में पोस्ट बजट वेबिनार का आयोजन




**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के प्रांगण में अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के लिए एम आई सी द्वारा संचालित गतिविधि-बजट के बाद का वेबिनार 2026-27 का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत सबका साथ सबका विकास -जनता की अकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण छात्र ध छात्राओं को दिखाया गया।

इस वेबिनार का मुख्य विषय शिक्षा, कौशल और विश्वविद्यालय टाउनशिप था जिसके अन्तर्गत सम्बन्धित मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई व उनके द्वारा छात्र ध छात्राओं को बताया गया कि सरकार विश्व. विद्यालय टाउनशिप की अवधारणा को धरातल पर विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय टाउनशिप की आवधारणा का उद्देश्य यह है कि एक ही स्थान पर छात्र ध छात्राओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास व स्टार्टअप की व्यवस्था उपलब्ध हो। कार्यशाला में महाविद्यालय के सभी संकायों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने कहा कि ऐसी कार्यशाला से छात्र- छात्राओं के तकनीकी ज्ञान में वृद्धि होती है एवं इस तरह के कार्यक्रम उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं साथ ही बताया कि सरकार की विश्वविद्यालय टाउनशिप की अवधारणा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतू मिल का पत्थर साबित होगी।

अंत में इंस्ट्टीयूट इनोवेशन काउंसिल के अध्यक्ष डाद्द नवनीत वर्मा ने उपस्थित शिक्षकों एवं सभी छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. मोनिका रूहेला, ओमकार सिंह, डा. वर्तिका गुप्ता, मोनिका पंवार, नीरज कुमार, शिवांगी वशिष्ठ, शाजिया रहबर, शिवांगी, नितिन गोयल, कृष्ण कुमार आदि का योगदान रहा।

## एक नजर

### चलती स्कूटी बनी आग का गोला



**नांगल सोती।** मायापुरी निवासी करतार सिंह का युवा पुत्र शिवांत कुमार आज सुबह अपने घर से नांगल अपनी दुकान खोलने के लिए आ रहा था। नांगल-चंदक मार्ग पर हनुमान मंदिर के सामने शिवांश की इलैक्ट्रिक स्कूटी में अचानक ध्ुआं निकलने लगा। देखते ही देखते स्कूटी कुछ ही सेकंड में आग का गोला बनकर राख बन गई। हालांकि इस दौरान चालक शिवांत कुमार ने कूद कर अपनी जान बचा ली, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। कम खर्च और कम दूरी के आवागमन के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक स्कूटी का चलन बीते कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। वहीं ये स्कूटी कम दामों पर ग्रामीणों क्षेत्रों में खूब बेची जा रही है। जानकारी के अनुसार जुगाड से बनी सस्ती स्कूटी लोगों की पहली पसंद बनी है। सस्ती होने के कारण बिना कंपनी की जुगाड से बनी स्कूटी लोग खूब खरीद रहे है। लिथियम आयन बैटरियां मोबाइल फोन और इलैक्ट्रिक वाहनों में प्रयोग की जाती है। ये बैटरियां अत्यध्कि गर्म होने, डैमेज होने और ओवरचार्जिंग के चलते फट जाती है और आग पकड़ लेती है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान



**धमपुर।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समिति की संरक्षक निर्मला कौशिक संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक व उपासना कौशिक द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति की कुछ विशेष नारी शक्ति को सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ संस्था की संरक्षक डॉ. रश्मि रावल द्वारा शारदे माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रश्मि रावल, अंशु दीक्षित, गरिमा छाबड़ा आदि को संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, संस्था की संरक्षक निर्मला कौशिक, शशिबाला शर्मा द्वारा सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# पिस्टल-तमंचा व कारतूस के साथ दो दबोचे

## डॉ. राजकुमार हत्याकांड के बाद धामपुर में अवैध असलहों पर शिकंजा

शाह टाइम्स संवाददाता



**धामपुर।** नगीना में हुए चर्चित डॉ. राजकुमार हत्याकांड के बाद अवैध असलहों की तलाश में जुटी पुलिस को धामपुर क्षेत्र में बड़ी सफलता मिली है। थाना धामपुर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान दो युवकों को अवैध असलहा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल, एक तमंचा 315 बोर और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

दरअसल, नगीना क्षेत्र में डॉ. राजकुमार की हत्या के मामले में पकड़े गए शूटर विकास ने पूछताछ में खुलासा किया था कि उसने हत्या में इस्तेमाल होने वाले असलहा धामपुर निवासी राजन से खरीदे थे। इस खुलासे के बाद पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर धामपुर पुलिस सक्रिय हो गई और अवैध हथियारों की सप्लाई से जुड़े लोगों की तलाश शुरू कर दी गई।

सूत्रों से मिले सुरागों के आधार पर पुलिस यह पता लगाने में जुटी थी कि राजन द्वारा किन-किन लोगों को हथियार बेचे गए हैं और किन लोगों ने उनसे असलहे खरीदे हैं। इसी कड़ी में पुलिस लगातार संदिग्ध लोगों पर नजर रखे हुए थी।

इसी दौरान 9 मार्च 2026 को थाना धामपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक अवैध असलहों के साथ सुंगमल फार्म हाउस के पास ट्यूबवेल के निकट खड़े हैं और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों युवकों को दबोच लिया। पकड़े गए युवकों ने पूछताछ में अपने नाम विनीत कुमार पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम मौजमपुर जैतरा थाना धामपुर जिला बिजनौर तथा शमीम उर्फ माइकल उर्फ मेवा पुत्र सजाउद्दीन निवासी ग्राम उमरी कला थाना कांठ जिला मुरादाबाद बताए। तलाशी के दौरान विनीत कुमार के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर और 150 रुपये नकद बरामद हुए। वहीं माइकल उर्फ मेवा के पास से एक देशी पिस्टल 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर और 250 रुपये नकद बरामद किए गए।

पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह तमंचा और पिस्टल राजन निवासी धामपुर से खरीदे थे और इन्हें आगे बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने जब असलहों के संबंध में लाइसेंस तलब किया तो आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बरामद असलहों को नियमानुसार सील कर सुरक्षित रखा गया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मृदुल कुमार, उपनिरीक्षक सजिद अली, हेड कांस्टेबल इमरान सिंह, कांस्टेबल अशोक कुमार समेत पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि डॉ. राजकुमार हत्याकांड से जुड़े अवैध हथियारों के नेटवर्क की भी गहनता से जांच की जा रही है और इसमें शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# रातो-रात कटे पेड़, कार्रवाई पर उठे सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**झालू।** नगर के गंगोडा रोड क्षेत्र में छह हरे और फलदार आम के पेड़ों के अवैध कटान का मामला सामने आने के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। खेत में खड़े आम के पेड़ों को राता. -रात काट दिए जाने से क्षेत्र में रोष का माहौल है, वहीं कार्रवाई के बाद भी आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम न उठाए जाने की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार गंगोडा रोड स्थित एक खेत में खड़े छह हरे आम के पेड़ों पर लकड़ी तस्करों ने आरी चला दी। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए तीन मोटरसाइकिल जब्त कर लीं। प्रारंभिक कार्रवाई से लोगों को उम्मीद जगी कि पेड़ काटने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी, लेकिन बाद की स्थिति ने कई सवाल खड़े कर दिए।

स्थानीय लोगों के अनुसार वन विभाग ने आरोपियों से करीब 40 हजार रुपये प्रतिकर वसूला। इसके बाद आरोपियों को छोड़ दिए जाने की चर्चा सामने आई। इतना ही नहीं, कार्रवाई के दौरान जब्त की गई मोटरसाइकिलें भी बाद में विभागीय आदेश के बाद वापस कर दी गईं। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

बताया जा रहा है कि जिस खेत में पेड़ काटे गए उसमें तीन लोगों की हिस्सेदारी है। इनमें से दो हिस्सेदारों को यह तक पता नहीं चल पाया कि उनके खेत में खड़े पेड़ कब काट लिए गए। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित पक्ष ने पुलिस और वन विभाग से शिकायत की, लेकिन अभी तक उन्हें ठोस राहत नहीं मिल सकी है। पीड़ित किसान का कहना है कि वर्षों से पाले-पोसे गए फलदार आम के पेड़ों को काटकर उसे भारी नुकसान पहुंचाया गया है।

कानूनी रूप से हरे पेड़ों का अवैध कटान गंभीर अपराध माना जाता है। भारतीय वन अधिनियम 1927 और उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत बिना अनुमति पेड़ काटने पर जुर्माने के साथ कारावास तक का प्रावधान है। इसके बावजूद यदि केवल प्रतिकर लेकर आरोपियों को छोड़ दिया जाता है, तो कानून के पालन पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

# अगला लक्ष्य ओलंपिक गोल्ड : सूर्या

**● कहा : पिछले महीने का सफर बेहद शानदार रहा हालांकि इसकी शुरुआत वैसी नहीं हुई जैसी चाहते थे**




**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत को उसका तीसरा टी-20 विश्व कप खिताब जिताने के बाद, सूर्यकुमार यादव ने अब 2028 ओलंपिक गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने का लक्ष्य तय किया है। सूर्यकुमार ने अहमदाबाद में रविवार को फाइनल के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जाहिर है कि पिछले एक महीने का सफर बेहद शानदार रहा है। हालांकि इसकी शुरुआत वैसी नहीं हुई जैसी हम चाहते थे, लेकिन यह भी खेल का ही एक हिस्सा है। शुरुआत से लेकर आज तक का यह सत्र बहुत खास रहा है और एक टीम के रूप में हमने जो कुछ भी हासिल किया है, मुझे लगता है कि वह आपके सामने ही है (ट्रॉफी)। इसलिए, मैं इससे बहुत खुश हूं और अब हमारा अगला लक्ष्य ओलंपिक गोल्ड है, और हमारी टीम इसी के लिए काम करेगी। पेरिस 1900 ओलंपिक के बाद पहली बार इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) द्वारा क्रिकेट को रोस्टर में शामिल किए जाने के बाद, 2028 में 14 से 29 जुलाई के बीच पुरुष और महिला दोनों वर्गों में छह-छह टीमें ओलंपिक मेडल के लिए भिड़ेंगी। मौजूदा आईसीसी टी-20 रैंकिंग के आधार पर, पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं में भारत का एशिया से क्वालीफाई करना तय है। सभी मैच लॉस एंजेलिस से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमोना शहर में एक अस्थाई और विशेष रूप से बनाए गए वेन्यू, फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। भारतीय पुरुष टीम फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी और टी-20 विश्व कप खिताब की मौजूदा चैंपियन है। सूर्यकुमार ने रोहित शर्मा की कप्तानी में बारबाडोस में मिली 2024 टी-20 विश्व कप जीत को एक टर्निंग पॉइंट माना। सूर्यकुमार ने कहा कि 2024 के बाद सब कुछ बदल गया। हमने 2024 में एक अलग तरह का क्रिकेट खेला और वहीं से हम समझ गए कि इस टीम को आगे कैसे काम करना है, कैसे खेलना है।

# गौतम गंभीर, सूर्यकुमार यादव ने जीत का श्रेय निडर क्रिकेट को दिया

**● कीवियों पर 96 रन की शानदार जीत सूर्या, गंभीर की प्रेरणा देने वाली लीडरशिप में एक ऐतिहासिक जीत थी**




**अहमदाबाद, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड पर भारत की 96 रन की शानदार जीत, कप्तान सूर्यकुमार यादव और हेड कोच गौतम गंभीर की प्रेरणा देने वाली लीडरशिप में एक ऐतिहासिक जीत थी। इसमें निडर क्रिकेट का ऐसा स्टाइल दिखाया गया जिसने शुरुआती शक को दूर करके इसे दुनिया भर में जबरदस्त दबदबे में बदल दिया। जीत के बाद, टीम ट्रॉफी के साथ अहमदाबाद के हनुमान टेकरी मंदिर गई, जो टीम और फैंस दोनों के लिए जीत के स्पिरिचुअल और इमा. शनल महत्व को दिखाता है। भारत टी-20 वर्ल्ड कप टाइटल को सफलतापूर्वक बचाने, तीसरी चैंपियनशिप जीतने और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में घरेलू मैदान पर ऐसा करने वाला पहला देश बन गया, जहां 86,000 से ज्यादा फैंस ने अग्रेसिव क्रिकेट का मास्टरक्लास देखा। कोच गंभीर, जिन्होंने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से भारत के बदलाव को लीड किया है, ने टीम की फिलॉसफी को शॉर्ट में बताया कि हाई रिस्क, हाई रिवॉर्ड ही इस टी-20 फॉर्मेट में खेलने का एकमात्र तरीका है। अगर आप क्रिकेट का कोई गेम हारने से डरने लगेंगे, तो आप कभी नहीं जीत पाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि टीम ने लगातार बड़े टोटल का टारगेट रखा, और कंजर्वेटिव खेलने के बजाय 250-260 का स्कोर बनाना पसंद किया। गंभीर ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी टीम की बहादुरी पर भी जोर दिया कि अगर आप सेमीफाइनल और फाइनल में 250 से ज्यादा रन बनाते हैं तो यह दिखाता है कि हमने टूर्नामेंट में किस तरह की क्वालिटी, बहादुरी और हिम्मत दिखाई। उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार की लीडरशिप की तारीफ की और पर्सनल तारीफ को कम करके आंका। सूर्य के साथ मेरी सिंपल फिलॉसफी यह है कि माइलस्टोन मायने नहीं रखते, ट्रॉफी मायने रखती हैं। इंडियन क्रिकेट में हम बहुत लंबे समय से माइलस्टोन के बारे में बात करते आ रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि जब तक मैं यहां हूं, हम माइलस्टोन के बारे में बात नहीं करेंगे। सूर्यकुमार, जिन्होंने एक एकजुट टीम कल्चर बनाया है, ने खिलाड़ियों का साथ देने और भरोसे पर गंभीर की भावनाओं को दो. हराया कि उनका बस चले, तो वो खुद बैटिंग करने आ जाएं, उन्होंने गंभीर की टीम-फर्स्ट वाली सोच के बारे में कहा, जिससे कोच का मिलकर योगदान देने पर फोकस दिखा। कप्तान ने फाइनल से पहले दबाव में हिम्मत रखने की भी अपील की कि मुश्किल हालात में हिम्मत रखो - टीम के लिए यही आसान मैसेज है, जिससे निडर सोच को और मजबूत किया गया जो भारत के कैंपेन की पहचान बन गई। कई खिलाड़ियों ने मुश्किल समय में लीडरशिप की गाइडेंस का सहारा लिया। युवा ओपनर अभिषेक शर्मा, जिन्होंने फाइनल में 52 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया, ने माना कि सूर्यकुमार और गंभीर से मिले हौसले ने उन्हें मैच पर असर डालने वाले परफॉर्मेंस के रास्ते में खुद पर शक दूर करने में मदद की। स्टार परफॉर्मर संजू सैमसन, जिन्हें उनकी जबरदस्त पारियों के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया, ने अपने पर्सनल सफर के बारे में बताया कि भगवान ने मेरे लिए कुछ अलग प्लान किया था, उन्होंने अपनी वापसी और भारत के रिकॉर्ड टोटल में उनके योगदान को माना, जो टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। फाइनल में भारत का पूरा दबदबा दिखा, जिसमें जबरदस्त बैटिंग और जबरदस्त बॉलिंग के दम पर 255-5 का टोटल बनाया गया, जसप्रीत बुमराह के 4-15 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड 159 पर रुक गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई नेशनल हस्तियों ने

## संक्षिप्त खेल समाचार

### इंडियन प्रीमियर लीग 28 मार्च से शुरु

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का सत्र अब दो दिन देरी 28 मार्च से शुरू कर 31 मई तक चलेगा। दिसम्बर 2025 में आईपीएल की ओर से सभी फेंच. इजी को बताया था कि 2026 एडिशन 26 मार्च से शुरू होगा। हालांकि, अब शुरू होने की तारीख बदलकर 28 मार्च कर दी गई है और ग्रैंड फिनाले 31 मई को होगा। आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल अगले हफ्ते 2026 सीजन के पूरे कार्यक्रम को अंतिम रुप देने के लिए बैठक कर सकती है। खबर है कि यह देरी असम, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से जुड़ी है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के होम ग्राउंड कोलकाता और चेन्नई पर असर पड़ेगा।

### नीता अंबानी ने टीम इंडिया को बधाई दी

**अहमदाबाद, वार्ता।** नीता अंबानी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी और इस जीत को पूरे देश के लिए बहुत गर्व का पल बताया। उन्होंने एक बयान में कहा कि आज रात, एक अरब से ज्यादा दिल गर्व और खुशी से धड़क रहे थे। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने और इतिहास में तीन बार खिताब जीतने वाली पहली टीम बनने पर हमारे मैन इन ब्लू को दिल से बधाई। अपने घरेलू मैदान पर, अपने जोशीले फैंस के सामने यह हासिल करना, इस जीत को और भी खास बनाता है। अंबा. नी ने आगे कहा कि निडर जोश, जबरदस्त हिम्मत और पक्के विश्वास के साथ, हमारे खिलाड़ियों ने दुनिया को दिखाया कि भारत की नीली जर्सी पहनने का असली मतलब क्या है। यह जीत हर उस भारतीय की है जिसने स्टैंड से, अपने घरों से और दुनिया के हर कोने से तालियां बजाईं। आज रात, तिरंगा और ऊंचा और चमकेगा, और पूरा देश इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाएं।

# गंभीर, द्रविड़ व लक्ष्मण को समर्पित ये जीत

**● इस जीत पर जय शाह , मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को भी धन्यवाद कहा**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने 2026 टी-20 विश्व कप की जीत को उनसे पहले कोच रहे राहुल द्रविड़ और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को समर्पित किया है। इसके अलावा उन्होंने मुख्य चनयकर्ता अजीत अगरकर और बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह को भी धन्यवाद कहा है।

अहमदाबाद में रविवार को न्यूजीलैंड को हराते हुए खिताब जीतने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर ने कहा कि मुझे लगता है कि सबसे पहले मुझे ए ट्रॉफी राहुल भाई को समर्पित करनी चाहिए, और फिर वीवीएस लक्ष्मण भाई को भी, क्योंकि राहुल भाई ने अपने कार्यकाल में भारतीय टीम को इस परिस्थिति में रहने लायक बनाया और इसके लिए मुझे उन्हें धन्यवाद कहना चाहिए। लक्ष्मण बंद दरवाजे के पीछे निस्वार्थ भाव से भारतीय क्रिकेट के लिए काफी कुछ कर रहे हैं क्योंकि सीओई भारतीय क्रिकेट की पाइपलाइन है। अजीत को भी धन्यवाद कहना चाहिए क्योंकि उनकी काफी आलोचना होती है, लेकिन वह अपना काम पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं। अंत में मैं जय (शाह) भाई को भी धन्यवाद कहूंगा क्योंकि जब मैं अपने कार्यकाल के सबसे बुरे दौर में था तो बहुत सारे लोगों को फोन मेरे पास नहीं आया था, चाहे वह न्यूजीलैंड सीरीज के बाद हो या फिर दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाद जिस एक व्यक्ति का मुझे फोन आया वह जय भाई ही थे। इस काम के लिए मेरे ऊपर भरोसा जताने पर मैं उन्हें धन्यवाद कहूंगा क्योंकि मुझे अच्छे से याद है कि जब मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी तब मेरे पास किसी फ्रेंचाइजी के साथ भी मुख्य कोच का अनुभव नहीं था। लेकिन फिर भी मेरे ऊपर भरोसा जताने पर मैं इन लोगों को धन्यवाद कहना चाहूंगा। मेरा मानना है कि जब तक वे लोग हैं भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है। भले ही गंभीर को एक विज. ेता टीम मिली थी, लेकिन उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ मिलकर इसे एक निडर टीम में तब्दील कर दिया।

गंभीर का कहना है कि यदि बड़े ईनाम हासिल करने हैं तो टीम को निडरता के साथ क्रिकेट खेलनी होगी। पहली बात तो ये है कि खिलाड़ियों ने मुझे जिताया है। मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि आप उतने ही अच्छे कोच होते हैं जितने अच्छे आपके खिलाड़ी होते हैं। सारा क्रेडिट खिलाड़ियों को मिलना चाहिए, जिस पेशेवर तरीके से और खास तौर से साहस के साथ उन्होंने ए टूर्नामेंट खेला। जैसा कि कप्तान कहते हैं कि हम द्विपक्षीय सीरीज और आईसीसी टूर्नामेंट्स दोनों में अलग-अलग तरह से खेलते थे। इस एक चीज को हम बदलना चाहते थे और मुझे भरोसा है कि सभी ने यह देखा। यदि आप सेमीफाइनल और फाइनल में 250 से अधिक रन बना देते हैं तो ए आपकी क्वालिटी के साथ ही साहस को भी दिखाता है जिससे आपने टूर्नामेंट खेला है। टी-20 फॉर्मेट में सबसे अहम बात ए है कि हम हारने से डरते नहीं हैं।

क्योंकि जब आप हारने से डरते हैं तो कभी जीत नहीं पाते। मेरा हमेशा मानना रहा है कि इस फॉर्मेट में 'हाई रिस्क हाई रिवार्ड' सबसे अहम चीज है। यदि हम 110-120 पर आउट हो जाते तो भी मैं खुश रहता। लेकिन हमारा लक्ष्य हमेशा 250 रन बनाने का है। हम 160-170 वाली क्रिकेट नहीं खेलना चाहते हैं। मेरे हिंसाब से हम लंबे समय तक वैसा खेल चुके हैं। हम साउथ अफ्रीका से 100 (76) रनों से हारे थे। लेकिन हमारी सोच कभी नहीं बदली। हमारा माइंडसेट वैसा ही रहा।

# विश्वकप में मेरा बेस्ट निकल कर आया : संजू




**● कहा : न्यूजीलैंड सीरीज के बाद मुझे लगा था कि मेरे सपने टूट गए**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने अहमदाबाद में फाइनल में इतिहास रच दिया, वह अपने घर में टी-20 वर्ल्ड कप का टाइटल जीतने वाली पहली टीम बन गई और कुल मिलाकर तीसरी बार ट्रॉफी उठाई। जियो हॉटस्टार के 'हायर मैच सेंटर लाइव' पर बात करते हुए, ईशान किशन, वरुण चक्रवर्ती और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन ने अपनी वापसी और भारत के शानदार टाइटल जीतने के बाद की भावनाओं पर बात की।

संजू सैमसन ने अपने इमोशंस के बारे में डिटेल में बताया। उन्होंने कहा कि यह मेरे दिमाग में था, लेकिन जब हम डेढ़ साल पहले वेस्ट इंडीज में वर्ल्ड कप खेल रहे थे, तो मैं ऐसा कुछ करने के बारे में सोच रहा था, सोच रहा था और प्रैक्टिस कर रहा था। लेकिन न्यूजीलैंड सीरीज के बाद, मुझे लगा कि मेरे सपने टूट गए। मुझे लगता है कि भगवान के अपने प्लान थे और मैं बहुत शुक्रगुजार हूं। न्यूजीलैंड सीरीज के बाद मैं टूट गया था और मैंने खुद को ऐसा महसूस होने दिया कि मैं टूट गया हूं। मैं चार-पांच दिनों तक अपने बिस्तर से बिल्कुल नहीं उठा। मैं बैटिंग नहीं कर सका। मैं पूरी तरह से सिस्टम से बाहर हो गया था। मैं खुश नहीं था और मैंने ऐसा बिहेव किया जैसे मैं खुश नहीं हूं। मैंने खुद को इमोशंस महसूस करने दिए। इसलिए, मैंने इस बात को मान लिया कि मुझे जो मौके मिले, मैंने उनका इस्तेमाल नहीं किया। मैं खुद के साथ रियलिस्टिक था। मैंने उन इमोशंस से लड़ाई नहीं की और मैंने कॉन्फिडेंट होने का दिखावा नहीं किया। एक बार जब मैंने सच मान लिया, तो मैं थोड़ा जल्दी ठीक हो गया। टूर्नामेंट के बीच में वापसी ने उन्हें कैसे आजाद किया, इस पर सैमसन ने कहा कि मैं जिम्बाब्वे गेम से पहले जिम में गौती भाई से मिला था, और वहीं उन्होंने मुझसे कहा, 'संजू, तैयार रहो, तुम अगला गेम खेलने वाले हो।' मैं 100 परसेंट तैयार था। मन ही मन मैंने कहा, 'हां, अब बात करते हैं, मैं इसी का इंतजार कर रहा था।' लेकिन मैं एक बहुत सच्ची बात शेयर करना चाहता हूं, मुझे स्क्वॉड में अपने टीममेट्स के साथ मुकाबला करना पसंद नहीं है। एक बार जब हम किसी मकसद के लिए साथ मिलकर लड़ते हैं, तो मैं अपना बेस्ट देता हूं। न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान, हमेशा यही होता था, 'क्या मैं टीम का हिस्सा बनूंगा या नहीं?' जब मैं जगह के लिए लड़ रहा होता हूं तो मैं कभी अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाता। लेकिन जब मौका आया, तो हम एक साथ एक गोल, वर्ल्ड कप के लिए लड़ रहे थे, इसलिए मुझे खुशी है कि आखिर में सब ठीक हो गया। ईशान किशन ने इंडियन टीम में वापसी के अपने सफर के बारे में बताया कि सच कहूं तो, जिस पल मैं टीम से बाहर हुआ, वह मेरे लिए एक लंबा सफर था।

# पिछले कुछ महीनों से, मैं सचिन सर के लगातार संपर्क में हूं : सैमसन

**● संजू सैमसन का 2026 एक ऐसी स्क्रिप्ट की तरह रहा है जो आमतौर पर ड्रामाटिक, फॉर्मूला वाली फिल्मो की तरह रही**

**अहमदाबाद, वार्ता।** संजू सैमसन का 2026 एक ऐसी स्क्रिप्ट की तरह रहा है जो आमतौर पर ड्रामाटिक, फॉर्मूला वाली फिल्मों के लिए होती है, जिसमें इतने उतार-चढ़ाव होते हैं कि आप पूरे समय इमोशनली जुड़े रहते हैं।

हाल ही में 31 जनवरी को, वह तिरुवनंतपुरम में अपने घरेलू दर्शकों के सामने एक उदास इंसान की तरह दिखे, जब ईशान किशन ने ओपनर-कीपर के तौर पर उनकी वर्ल्ड कप की जगह छीन ली। सैमसन 2025 की शुरुआत से ही बैटिंग में खराब फॉर्म से जूझ रहे थे, और शुभमन गिल को कुछ समय के लिए जगह देने के लिए उन्हें मिडिल-ऑर्डर में भेजा गया था। सिलेक्टर्स ने उस फैसले को पलट दिया और उन्हें फिर से टॉप पर रख लिया, लेकिन रन अभी भी उनके हाथ से निकल रहे थे और किशन ने उन्हें बाहर कर दिया, जिस तरह की बैटिंग इस टीम ने इस वर्ल्ड कप साइकिल में की है। तो वहीं, अपने घरेलू मैदान पर एक डरावनी रात में, उन्होंने टूर्नामेंट से ठीक पहले टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने का अपना सपना अपनी उंगलियों के बीच से फिसलते देखा। सैमसन ने कहा कि मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड सीरीज के ठीक बाद, मैं टूट गया था। मैं पूरी तरह से पागल हो गया था। मैं ऐसा था 'ठीक है, मेरे सपने टूट गए हैं। मैं और क्या कर सकता हूं? लेकिन ए शब्द रविवार की एक बहुत खुशी भरी रात को आए, जहां उन्होंने निराशा से खुशी का पूरा चक्कर पूरा किया, उनके सपनों की वर्ल्ड कप रातों में से तीसरी रात भारत की जीत के साथ खत्म हुई। सैमसन ने उम्मीद के मुताबिक वर्ल्ड कप की शुरुआत बेंच पर की और तभी आए जब उन्हें एक ग्रुप गेम में बीमार अभिषेक शर्मा की जगह लेनी पड़ी। अभिषेक के ठीक होने के बाद बिब वापस पहन लिया गया। लेकिन इंडिया के टॉप-थ्री बल्लेबाज ऑफ-स्पिन के खिलाफ स्ट्रगल कर रहे थे, जिससे उन्हें सैमसन को वापस लाकर इसे तोड़ना पड़ा। इस बार ज्यादा कॉन्फिडेंट सैमसन के मौके का फायदा उठाने के संकेत मिले, जब उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 गेंदों पर तेजी से 24 रन बनाए। उनकी बैटिंग पावर का असली रिस्टोरेशन कोलकाता के ईडन गार्डन्स में हुआ, जहां उन्होंने वेस्ट इंडीज के खिलाफ लगभग नॉकआउट गेम में 50 गेंदों में 97 रन बनाए।

# सात्विक-चिराग पेश करेंगे भारतीय चुनौती




**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से शुरू होने वाले स्विस ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। पुरुषों की युगल बैडमिटन रैंकिंग में चौथे नंबर पर रहने वाले सात्विक-चिराग को बर्मिंघम में पहले राउंड में मलेशिया के कांग खाई जिग और एरॉन ताई की दुनिया की 33वें नंबर की टीम ने चौंका दिया। मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन स्विस ओपन में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे। उन्होंने यह टूर्नामेंट 2023 में जीता था। पूर्व चैंपियन पीवी सिंधु, सुपर 300 मीट में नहीं खेलेंगी। सिधु की गैरमौजूदगी में, महिला एकल में भारतीय टीम को अगुवाई करने की जिम्मेदारी मालविका बंसोड़ और उन्नति हुड्डा पर होगी। तन्वी शर्मा और अनमोल खरब भी क्वालिफायर से शुरुआत करने के बाद प्रभावित करना चाहेंगी। पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन भी ऑल इंग्लैंड ओपन के फाइनल तक की मुश्किल दौड़ के बाद स्विस ओपन में नहीं खेलेंगे।

# क्रिकेट जगत ने भारत को सराहा

**● धोनी ने लिखा : अहमदाबाद में इतिहास रचा गया, टीम , सपोर्ट स्टाफ और फैंस को बहुत-बहुत बधाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट जगत के कई जाने-माने लोगों ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में ऐतिहासिक जीत के बाद भारत को बधाई दी।

भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में टीम की कोशिश और हेड कोच गौतम गंभीर की लीडरशिप की तारीफ की। धोनी ने लिखा कि अहमदाबाद में इतिहास रचा गया, टीम और सपोर्ट स्टाफ को, और दुनिया भर में भारतीय क्रिकेट टीम के सभी फैन्स को बहुत-बहुत बधाई। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई। कोच साहब, आप पर मुस्कान बहुत अच्छी लग रही है। मुस्कान के साथ इंटेंसिटी एक जबरदस्त कॉम्बो है। बहुत बढ़िया। मजे करो, दोस्तों। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन जय शाह ने एक्स पर टूर्नामेंट और भारत की कामयाबी की तारीफ की। अब तक के सबसे ग्लोबल और आसान आईसीसी इवेंट का क्या जबरदस्त फिनाले था! भारत को बधाई, जो लगातार दो ज्20 वर्ल्ड कप टाइटल जीतने वाली पहली टीम बनी। सूर्यकुमार यादव और पूरी टीम और स्टाफ को शाबाशी। न्यूजीलैंड की पुरुष नेशनल क्रिकेट टीम को भी उनके शानदार कैंपेन के लिए बधाई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने कहा कि यह जीत वर्ल्ड क्रिकेट में भारत के दबदबे को दिखाती है।उन्होंने लिखा कि इतिहास रचा गया, इतिहास फिर से लिखा गया। देश टीम इंडिया की इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मना रहा है जिसने हमारे टी-20 वर्ल्ड कप को कामयाबी से बचाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव, हेड कोच गौतम गंभीर और टीम इंडिया के हर सदस्य को उनके निडर क्रिकेट और कभी हार न मानने वाले रवैए के लिए दिल से बधाई और सलाम। हेड कोच गंभीर ने भी जीत का जश्न मनाने के लिए एक्स का सहारा लिया।

उन्होंने लिखा कि यह सिर्फ भगवान का प्लान नहीं था, यह 1-4 अरब भारतीयों का प्लान था! हर खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियन है। भारत के पूर्व कप्तान विराट को. हली ने टीम के कैरेक्टर और अग्रे. सिव अप्रोच की तारीफ की। को. हली ने पोस्ट किया कि चैंपियंस। अहमदाबाद में टीम इंडिया की जबरदस्त जीत। पूरे टूर्नामेंट में हमने जो जबरदस्त क्रिकेट खेला, उसका कोई मुकाबला नहीं। मुश्किल हालात में लड़ते रहने और एक बार फिर वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए लड़कों ने शानदार कैरेक्टर दिखाया। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने लगातार दो जीत को एक ऐतिहा. सिक कामयाबी बताया। तेंदुलकर ने लिखा कि लगातार दो बार वर्ल्ड कप जीतना, पहली बार किसी टीम ने टी-20 फॉर्मेट में ऐसा किया है। ट्रॉफी के पूरी तरह से हकदार और सही विजेता। हमारी टीम का क्या शानदार परफॉर्मेंस रहा और क्रिकेट का एक खास अंदाज दिखा। पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी टीम को बधाई दी, फाइनल और पूरे टूर्नामेंट के दौरान कई खिलाड़ियों के परफॉर्मेंस की तारीफ की। युवराज ने पोस्ट किया कि लगातार दो वर्ल्ड चैंपियन! वर्ल्ड कप बचाने के लिए हिम्मत चाहिए और सूर्यकुमार यादव की लीडरशिप वाली इस टीम ने सबसे बड़े स्टेज पर असली इरादे से खेला। कोच गौतम गंभीर और पूरे सपोर्ट स्टाफ को भी बधाई।

# क्रिकेट में डीआरएस का नया नाम धोनी रोहित और सूर्यकुमार

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट में डीआरएस को डिसीजन रिव्यू सिस्टम के नाम से जाना जाता है लेकिन भारत की अहमदाबाद में टी-20 विश्वकप जीत के बाद इसे अब नया नाम मिल गया है। डीआरएस को अब धोनी, रोहित और सूर्यकुमार के नाम से जाना जाएगा। एम एस धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में पहला टी-20 विश्वकप जीता था जबकि रोहित शर्मा ने 2024 में 17 साल बाद भारत को टी-20 विश्वकप चैंपियन बनाया। सूर्यकुमार यादव ने 2026 में टी-20 विश्वकप का खिताब अपने नाम कर भारत को तीसरी ऐतिहासिक सफलता दिलाई। इस तरह डी फॉर धोनी, आर फॉर रोहित और एस फॉर सूर्यकुमार कुल मिलाकर डीआरएस बनता है। सांख्यिकीविद श्रीकांत पोद्दार ने बेंगलुरु से यूनीवार्ता को यह दिलचस्प जानकारी देते हुए बताया भारत की जीत ने डीआरएस का नाम ही बदल दिया है। उन्होंने बताया कि भारत ने आठ मार्च को यह खिताब जीता है। मार्च साल का तीसरा महीना है भारत ने अपना पहला विश्वकप 1983 में जीता था। भारत की मौजूदा जीत में भी 83 का अंक आता है। क्रिकेट में डीआरएस का कोई आधिकारिक बदला हुआ नाम नहीं है, लेकिन प्रशंसकों और दिग्गजों द्वारा इसे अक्सर मजाकिया या व्यंग्यात्मक रूप से नए नाम दिए जाते हैं।

### रमजान मुबारक



**इक्कीसवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.12 |
| | शिया | 5.04 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.26 |
| | शिया | 6.39 |

**मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।**
**कुरआन करीम**

# महिला आयोग सदस्या ने की जनसुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती सपना कश्यप ने महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई करते हुए उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



श्रीमती कश्यप आज सर्किट हाउस सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस, बाल विवाह मुक्त अभियान, समापन एवं जनसुनवाई का कार्यक्रम में महिलाओं की शिकायतें सुन रही थी। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मान पत्र देकर सम्मनित करते हुए महिला कल्याण विभाग द्वारा संचा. लित विभिन्न योजनाओं यथा- बेटी बचाओ बेटी पढाओं योजना के अन्तर्गत 10 नवजात बालिकाओं को बधाई पत्र व बेबी किट देकर बेटी के जन्म पर उत्साहवर्धन किया गया। इसी के साथ जनपद की इण्टर मीडिएट व हाईस्कूल की टॉपर बालि. काओं को डेमो चेक व सम्मान पत्र, टी-शर्ट व कैप देकर सम्मानित किया गया। उत्तप्र. मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को सम्मान पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रायल, नई दिल्ली द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के समापन के अन्तर्गत बाल विवाह की रोकथाम हेतु अभियान में विशेष सहायोग प्रदान करने वाली महिलाओं को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के तृतीय चरण में उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती सपना कश्यप द्वारा जननुवाई कार्यक्रम के तहत महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई करते हुए उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल 13 प्रकरणों पर श्रीमती कश्यप द्वारा सुनवाई की गयी तथा प्राप्त प्रकरणों के त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त शिकायती प्रकरणों में 11 प्रकरण पुलिस विभाग (घरेलू हिंसा), 01 पैसों के लेन-देन से सम्बन्धित तथा 01 प्रकरण मा० शिक्षा विभाग से सम्बन्धित प्राप्त हुआ हैं। जनसुनवाई के उपरान्त जिला प्रोब. ेशन अधिकारी द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूक करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलायी गयी।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अजय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुश्री अर्चना, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्रीमती सुमन गौतम, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नगर निगम श्रीमती संगीता गुप्ता के साथ-साथ अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा में 3977 में से 3685 परीक्षार्थी शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परिषदीय परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत 7 मार्च को जनपद में दोनों पालियों में परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुईं।

प्रथम पाली में हाईस्कूल उर्दू विषय की परीक्षा में पंजीकृत 987 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 905 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 82 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट उर्दू व पंजाबी विषय की परीक्षा में पंजीकृत 414 परीक्षार्थियों में से 387 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 27 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र एवं तर्कशास्त्र विषयों की परीक्षा में पंजीकृत 2576 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2393 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 183 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट को मिलाकर कुल 3977 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 3685 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 292 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की हाईस्कूल परीक्षा 41 तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा 11 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित हुई, जबकि द्वितीय पाली की इंटरमीडिएट परीक्षा 72 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न कराई गई। जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्रों पर तैनात रहे।

सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं चार विभागीय सचल दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जनपद के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शुचितापूर्वक एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा समाप्त होने के उपरांत संकलन केन्द्र पर लिखित उत्तर पुस्तिकाओं के सीलबंद बंडल समुचित सुरक्षा व्यवस्था के साथ जमा कराए गए।

# बीसी सखी के साथ मनाया महिला दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डिजिटल सेवा प्रदाता बीएलएस ई-सर्विसेज ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बीसी सखी को सशक्त बनाते हुए यह दिन मनाया। बीसी सखी उत्तर प्रदेश में वित्तीय समावेशन के विस्तार की रीढ़ हैं। इस कार्यक्रम में महिला ग्राहकों ने भी भाग लिया, जहां बीसी सखी ने उन्हें विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया।



इस पहल के माध्यम से बीएलएस ई-सर्विसेज के विस्तृत बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट नेटवर्क में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को रेखांकित किया गया। महिला सीएसपी अब बदलाव की मजबूत वाहक बनकर उभर रही हैं, जो खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में वंचित समुदायों तक आवश्यक बैंकिंग और डिजिटल सेवाएं पहुंचा रही हैं। इस अवसर पर सीओओ लोकनाथ पांडा ने कहा, हल बीएलएस ई-सर्विसेज में हमारा मानना है कि जमीनी स्तर पर महिलाओं को सशक्त बनाए बिना एक समावेशी वित्तीय व्यवस्था का निर्माण संभव नहीं है। हमारी महिला सीएसपी केवल सेवा प्रदाता ही नहीं हैं, बल्कि अपने समुदायों में नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए ग्रामीण भारत में बैंकिंग और डिजिटल सेवाओं की पहुंच को बदल रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हमें उनके समर्पण और समाज पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव को सम्मानित करने पर गर्व है।

## जीत का जश्न मनाया

**गंगोह।** टी-20 विश्वकप में भारत की तीसरी बार जीत पर पूरा नगर व क्षेत्र जश्न में मनाया गया। श्इंडिया ड्ढइंडिया ड्ढइंडिया के नारों से गूंज उठा। हाथों में तिरंगा लिए लोग ढोल की थाप पर झूमते नजर आए, कई जगह आतिशबाजी हुई और लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की।

नगर व क्षेत्र में टी20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के ऊपर भारत की जीत पर युवाओं ने जमकर जश्न मनाया। क्रिकेट प्रेमी तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे आए। जैसे ही भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से पराजित कर खिताब अपने नाम किया, वैसे ही सड़कों, बाजारों में क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ रही। हाथों में तिरंगा लिए लोग ढोल की थाप पर झूमते नजर आए, कई जगह आतिशबाजी हुई और लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की। न्यूजीलैंड टीम की अंतिम विकेट गिरते ही जश्न का माहौल बन गया।

# सपा महानगर की बैठक में मजबूती से चुनाव लड़ने का निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा महानगर कार्यकारिणी की आयोजित बैठक में अगामी होने वाले 2027 चुनाव को विचार मथंन किया गया, इस दौरान एसआईआर में कार्य करने वाले सभी बीएलओ का सहयोग करने पर कार्यकर्ताओं को आभार जताते हुए चुनाव में जीत लक्ष्य निर्धारित कर कार्य में जुट जाने का आह्वान किया गया।



आज महानगर कैंप कार्यालय पर महानगर की आयोजित मासिक बैठक में सभी बीएलओ और एस आई आर में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का महानगर अध्यक्ष ने हाजी नवाब अंसारी ने आभार प्रकट कर अगामी 2027 में होने वाले विधान सभा चुनाव में मजबूती से चुनाव में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सब की मेहनत के बल पर एस आई आर में हमने बड़ी सफलता हासिल की है। कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के फर्जी 7 नंबर फार्म के षड्यंत्र भी तोड़ने का काम किया, जिससे किसी भी मौजूद व्यक्ति का वोट नहीं काटने दिया है। उन्होंने कहा कि अगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को समाजवादी पार्टी मजबूती के साथ लड़कर अपनी सरकार बनाने का काम करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनना है। टिंकू अरोड़ा ने महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी की कार्यशैली की जमकर सरहाना की। उन्होंने कहा सहारनपुर महानगर में संगठन को जोडकर मजबूत करने का काम महानगर अध्यक्ष बड़ी बखूबी से कर रहे है। महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर महानगर महासचिव राजीव अग्रवाल, इस्लाम देवबंदी, शादाब अंसारी अकरम खान, पारस तगड़ा, सलीम अहमद, सलीम अख्तर, नफीस खलीफा, अनस अंसारी मोहसिन मालिक, आशीष, राजकुमार, सनी आदि लोग मौजूद रहे।

# 850 बड़े बकायादारों को भेजे कुर्की नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम के राजस्व विभाग ने बडेे बकायादारों से वसूली में तेजी लाने के लिए कुर्की के नोटिस जारी करने शुरु कर दिए हैं। करीब साढेे आठ सौ बकायादारों को कुर्की नोटिस भेजे गए है। निगम अधिकारियों ने बताया कि भवनों को कुर्क करने के बाद उनकी नीलामी की प्रक्रिया शुरु की जायेगी। शहर के सात बकायादारों की सम्पत्तियों को निगम द्वारा सील भी किया गया है।

नगर निगम द्वारा बकाया टैक्स वसूली के लिए भवनों को सील करने व कुर्की आदि की सख्त कार्रवाई शुरु कर दी गयी है। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर अभी तक करीब साढेे आठ सौ बडे बकायादारों को कुर्की नोटिस भेजे गए हैं और अभी अन्य को भी भेजे जा रहे हैं। उन्होंने ऐसे सभी बकायादारों से अपील की है कि वे कुर्की की कार्रवाई से बचने के लिए बकाया टैक्स तत्काल जमा कराएं।

उन्होंने बताया कि भवनों को कुर्क करने के बाद उनकी नीलामी की प्रक्रिया भी शुरु की जायेगी।

उन्होंने बताया कि अंबाला रोड, खात्ताखेड़ी, दिल्ली रोड व नखासा बाजार में भवन स्वामियों द्वारा बकाया जमा न करने पर आठ सम्पत्तियों को सील करने की कार्रवाई की गयी है।

# डीआईजी एसएसपी का परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी 14 मार्च एवं 15 मार्च को आयोजित होने वाली उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2026 परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया।



आज पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकअभिनंदन सिंह ने पुलिस अधीक्षक नगर यातायात एवं अन्य अधिकारियों के साथ रामपुर मनिहारान क्षेत्र के गोचर महाविद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास द्वार, परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, अभ्यर्थियों की चेकिंग व्यवस्था तथा पुलिस बल की तैनाती से संबंधित तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ रखा जाए तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, नकल या अव्यवस्था को सख्ती से रोका जाए। साथ ही अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

# 28 मार्च को निकलेगी शोभायात्रा

**गंगोह।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा श्रीराम नवमी पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा 28 मार्च को निकाली जाएगी। शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए तैयारियां की जा रही है।

कार्यक्रम आयोजक संस्था श्रीराम जन्मोत्सव समिति के मंत्री विजेंद्र शर्मा व अरविंद टेबक ने बैठक के बाद बताया कि भगवान राम के जन्मदिन कार्यक्रम 26 मार्च से ही शुरू होगे। इस दिन सर्राफा बाजार स्थित सनातन धर्म सभा में दोपहर ठीक 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्म दिवस पर विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन महल तला स्थित महिला कीर्तन भवन में अखंड राम नाम का जाप होगा। राम बाग मार्ग स्थित बालाजी धाम में भगवान राम का गुणगान शुरू होगा। इसके अलावा नगर व क्षेत्र के सभी मंदिरों में इस अवसर पर आयोजित किए जाएंगे। विजेंद्र शर्मा व अरविंद टेबक ने बताया कि भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा 28 मार्च को सर्राफा बाजार स्थित सनातन धर्म सभा से निकाली जाएगी। शोभा यात्रा नगर के पूर्व निर्धारित मार्गो से होती हुई यही पर समाप्त होगी। शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए तैयारियां की जा रही है। बैंड बाजे, झांकियों के अलावा विभिन्न स्थानों से आई कीर्तन मंडलियां भी शामिल होगी।




## महिला का हमलावर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** महिला पर हमला कर गम्भीर रूप से घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।आगे की कार्वाही शुरू कर दी गई है।

गौरतलब है कि मौहल्ला सराय निवासी अहकाम पुत्र इकराम ने अपनी पत्नि निशा के ऊपर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शाहबाज पुत्र वहीद व उसकी पत्नि को नामजद करते हुए तहरीर दी थी।पूरी घटना की वीडियो भी पुलिस को दी थी।यह वीडियो फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गए थे।घटना का वीडियो देख कर कस्बे में विभिन्न चर्चाएं शुरू हो गई थी।पीड़ित का कहना था कि उन्होंने पुलिस को दिन के समय ही आरोपी द्वारा दी गई धमकी की लिखित में जानकारी दी गई।

# महानगर के 32 हजार भवन स्वामियों ने जीआईएस नोटिसों पर नहीं की आपत्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा जीआईएस सर्वे के आधार पर महानगर के करीब साढे 37 हजार भवन स्वामियों को स्वकर प्रपत्र के साथ नोटिस भेजे गए थे। इनमें से मात्र पांच हजार भवन स्वामियों ने ही आपत्ति करते हुए स्वकर प्रपत्र जमा कराये हैं। बाकि जिन साढे 32 हजार भवन स्वामियों ने स्वकर प्रपत्र नहीं भरे है। नगर निगम द्वारा उनके एकतरफा बिल जारी किये गए हैं।

कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि महापौर डॉ. अजय कुमार और नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर जीआईएस सर्वे के नोटिसों के साथ भवन स्वामियों को स्वकर प्रपत्र भेजे गए थे, ताकि यदि सर्वे के दौरान भवन की माप में कोई त्रुटि आ गयी हो तो उसे ठीक कराया जा सके।

उन्होंने बताया कि महानगर के करीब साढेे37 हजार भवन स्वामियों को स्वकर प्रपत्र के साथ नोटिस भेजे गए थे। इनमें से मात्र पांच हजार भवन स्वामियों ने ही आपत्ति करते हुए स्वकर प्रपत्र जमा कराये हैं। बाकि सब भवन स्वामियों के एकतरफा बिल जारी कर दिए गए है जो निगम के पोर्टल पर उपलब्ध है।

उन्होंने भवन स्वामियों से अनुरोध किया है कि यदि किसी भवन स्वामी को बिल प्राप्त नहीं हुआ तो वह नगर निगम कार्यालय से या गूगल पर निगम की वेबसाइट पी टैक्स एसएनएन डॉट कॉम पर अपना पीटीआई या भवन संख्या डालकर सर्च कर बिल प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि भवन स्वामी 31 मार्च तक संशोधित बिल पर 20 प्रतिशत की छूट का लाभ भी प्राप्त कर कसते है। इसके बाद कोई छूट देय नहीं होगी।

कर अधीक्षक ने बताया कि जिन आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के स्वकर प्रपत्र नोटिस के साथ निगम द्वारा भेजे जा रहे हैं उनमें से यदि किसी भवन स्वामी को नोटिस पर आपत्ति है तो वह स्वकर प्रपत्र भरकर निगम में जमा करा सकता है और अपने प्रथम संशोधित बिल पर 20 प्रतिशत की छूट का लाभ प्राप्त कर सकता है।

**चरस के साथ पकडा:बेहट।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।बेहट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि वे पुलिस बल को साथ लेकर क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे इसी बीच एक व्यक्ति कलसिया से गांव टोली सड़क के बाएं तरफ कच्ची पटरी की और से आता दिखाई दिया पुलिस को संदेह होने उसे रोका और उसकी तलाशी ली,पुलिस को तलाशी के दौरान उसके पास से 150 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई।







# कार्यशाला में एआई पर छात्राओं से संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुन्ना लाल एंड जय नारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज, के गृह विज्ञान विभाग एवं इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता प्रो. रविंद्र कुमार सैनी, डीन ऑफ एक्टरनल अफेयर्स, हरिद्वार विश्वविद्यालय, रूड़की के आगमन पर इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के सभी सदस्यों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। प्रो. रविंद्र कुमार सैनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में एआई के माध्यम से शोध कार्यों को अधिक प्रभावी, सटीक और सरल बनाया जा सकता है तथा एआई टूल्स का उपयोग संचार कौशल के विकास, वेबसाइट निर्माण, संगीत रचना, सांख्यिकीय विश्लेषण, शोध परियोजनाओं की तैयारी, ग्राफ निर्माण, भाषा की समझ तथा प्रॉम्प्ट के प्रभावी उपयोग में किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी बताया कि एआई के माध्यम से पत्र लेखन, कविता रचना, पुस्तक लेखन आदि कार्य भी आसानी से किए जा सकते हैं। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. अनुपम बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि एआई आने वाले समय में शोध के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला है और विद्यार्थियों को इसके उपयोग में दक्ष होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में इन्क्यूबेशन काउंसिल की अध्यक्ष प्रो रत्ना त्रिवेदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की आईआईसी की उपाध्यक्ष डॉ रीता बोरा, सदस्य असिस्टेंट प्रोफेसर शिखा सिंह, कुमारी आकांक्षा, दीपाली सिंह एवं सभी प्रवक्ताएं व छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लेने वाली छात्राओं ने एआई से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे जिसका मुख्य वक्ता ने सरल भाषा में उत्तर दिया एवं प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की अध्यक्ष एवं गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो सीमा रानी द्वारा किया किया।












शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 10 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संघर्ष के परिणाम

पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने पूरे क्षेत्र की स्थिति को अस्थिर कर दिया है। इस संघर्ष का प्रभाव केवल सुरक्षा और कूटनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और आपूर्ति प्रणालियों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। विशेष रूप से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे कई देशों की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो अनेक देशों को महंगाई और खाद्य असुरक्षा जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कुछ इसी तरह की परिस्थितियां पहले रूस और यूक्रेन के युद्ध के दौरान भी देखने को मिली थीं, जब वैश्विक बाजार में खाद्यान्न और उर्वरकों की आपूर्ति पर गहरा असर पड़ा था। ईरान और इजरायल के बीच जारी संघर्ष ने पश्चिम एशिया की स्थिरता को प्रभावित किया है, जिसके कारण तेल और गैस की आपूर्ति में व्यवधान पैदा हो रहा है। इसका असर अब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी दिखाई देने लगा है। हालांकि ऊर्जा आपूर्ति पर असर की चर्चा अधिक हो रही है, लेकिन इसके साथ एक और गंभीर संकट उभरता दिखाई दे रहा है, जो उर्वरकों की आपूर्ति से जुड़ा हुआ है। यदि उर्वरकों की सप्लाई लंबे समय तक बाधित रहती है तो इसका सीधा प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ेगा और दुनिया के कई हिस्सों में खाद्य संकट और महंगाई की स्थिति पैदा हो सकती है। पश्चिम एशिया को वैश्विक स्तर पर उर्वरक उत्पादन का एक महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। दुनिया में निर्यात होने वाले यूरिया का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते से होकर गुजरता है। इसके अलावा दुनिया में इस्तेमाल होने वाले सल्फर का करीब 45 प्रतिशत भी इसी मार्ग से परिवहन किया जाता है। यूरिया कृषि के लिए सबसे ज्यादा उपयोग में आने वाला उर्वरक है और अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर पैदा होने वाले लगभग आधे अनाज के उत्पादन में इसकी अहम भूमिका होती है, लेकिन वर्तमान हालात में होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की सख्त निगरानी और बढ़ते सैन्य तनाव के कारण जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। इससे उर्वरकों की आपूर्ति श्रंखला धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही है और हर गुजरते दिन के साथ स्थिति और अधिक चिंताजनक बनती जा रही है। करीब चार वर्ष पहले जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ था, तब भी वैश्विक बाजार में इसी तरह की स्थिति पैदा हो गई थी। उस समय दो बड़े झटके देखने को मिले थे पहला गेहूं की आपूर्ति में अचानक कमी और दूसरा उर्वरकों की कीमतों में तेज वृद्धि। रूस और यूक्रेन मिलकर दुनिया के कुल गेहूं निर्यात का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा प्रदान करते हैं। युद्ध के शुरुआती दौर में जब इन दोनों देशों से निर्यात रुक गया था, तब वैश्विक बाजार में गेहूं की भारी कमी महसूस की गई थी। हालांकि कुछ समय बाद रूस से गेहूं और उर्वरकों का निर्यात फिर से शुरू हो गया था। इसके साथ ही भारत जैसे देशों ने भी गेहूं के निर्यात में बढ़ोतरी करके वैश्विक आपूर्ति को संतुलित करने की कोशिश की थी। लेकिन वर्तमान संकट की प्रकृति कुछ अलग है, क्योंकि इस बार समुद्री मार्ग ही बाधित हो रहे हैं, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पर अधिक गहरा असर पड़ने की आशंका है। इस संघर्ष का एक और गंभीर पहलू यह है कि ईरान ने क्षेत्र के कुछ अन्य देशों में स्थित ऊर्जा और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाया है, जिससे उत्पादन गतिविधियों पर असर पड़ा है। समुद्री मार्ग से होने वाले यूरिया व्यापार में कतर की ऊर्जा कंपनी फंजंतम्द्मतहल की लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी मानी जाती है।

## आत्मनिर्णय का अधिकार होना चाहिए



जब संसद के बजट सत्र का अंतराल हुआ था तब परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन आज युद्ध जैसे हालात बन जाने के कारण देश के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं, ऐसे संकट के समय संसद और सरकार की प्राथमिकताएं भी उसी के अनुरूप तय होनी चाहिए, इस समय सबसे पहले युद्ध की स्थिति में भारत का स्पष्ट पक्ष और राय सामने रखने की जरूरत है, इसके साथ ही विदेश नीति को किसी दबाव में गिरवी रखने का सवाल भी गंभीर है, भारत की परंपरागत स्वतंत्र विदेश नीति हमेशा देशहित को ध्यान में रखकर चलती रही है, तेल जैसी महत्वपूर्ण आपूर्ति के मामले में भी भारत को आत्मनिर्णय का अधिकार होना चाहिए, यदि किसी विदेशी दबाव या अमेरिकी आदेश के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं तो इससे देश की संप्रभुता और आत्मनिर्भरता पर सवाल उठते हैं। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# टी-20 क्रिकेट : टीम इंडिया का वर्चस्व

## सोने सा सैमसन और जस्सी जैसा कोई नहीं







नासिर राना

भारतीय टीम ने टी-20 क्रिकेट में अद्भुत खेल दिखाते हुए फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड जैसी सशक्त टीम को एक तरफा मात देकर लगातार दूसरी बार T-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीती जो अपने आप में अभी तक एक विश्व कीर्तिमान भी है क्योंकि अभी तक कोई भी टीम लगातार दो बार T-20 में विश्व चैंपियन नहीं बन सकी है हालांकि टीम इंडिया ने इस फॉर्मेट में तीसरी बार वर्ल्ड कप जीता है सबसे पहले महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2007, 2024 में रोहित शर्मा की कैप्टनशिप में और अब 2026 में सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में एक नया सूर्योदय हुआ है। यूं तो हम पहले भी कई बार चैंपियन बन चुके हैं मगर इस बार की जीत के मायने बिल्कुल अलग है। नॉक आउट मैचों में टीम इंडिया ने जो बेमिसाल प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी टीमों को इतना रन टारगेट दिया कि अपनी बारी आने से पहले ही सेमीफइनल में इंग्लैंड और फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड पूरी तरह हार मान बैठी थी। सेमीफाइनल में इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के सामने 254 रनों का टारगेट और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 256 रनों का लक्ष्य भारतीय टीम ने दिया था। यह टीम इंडिया की प्रतिबद्धता कड़ी मेहनत और कुशलता का प्रमाण है कि लगातार दो बार 120 गेंदों में 250 प्लस का स्कोर बनाना हर किसी टीम के बूते की बात नहीं है। इसके अलावा सुपर 8 का वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो वाले मैच में टीम इंडिया का 195 रनों का चेस भी अपने आप में टीम इंडिया की उपलब्धि बयान करता है। भारत की मौजूदा T-20 क्रिकेट टीम में एक से बढ़कर एक स्टार खिलाड़ी है इस टीम को देखकर 1980 के दशक की वेस्टइंडीज टीम, 2000 के बाद की रिकी पोंटिंग के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की याद दिलाती है।

टीम इंडिया की मौजूदा खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस बल्लेबाजी, क्षेत्ररक्षण या गेंदबाजी के क्षेत्र में दुनिया की तमाम टीमों को बौना साबित करती है बल्लेबाजी में जहां सलामी जोड़ी के रूप में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन तीसरे स्थान पर ईशान किशन ने अपनी उपस्थित इंटरनेशनल मंच पर दिखाकर सबको हैरान कर दिया है क्योंकि क्योंकि तीनों की बैटिंग स्टाइल पावर प्ले खत्म होने के बाद भी 10 रन प्रति ओवर से ज्यादा रहती है जिससे विपक्षी टीम में लगातार दबाव में बिखरती जाती है और टीम इंडिया निखरती जाती है इनके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, शिवम दुबे व हार्दिक पांडया जैसे हार्ड हीटर टीम में मौजूद है जो किसी भी लक्ष्य को भेद सकते हैं वहीं दूसरी और गेंदबाजी की बात अगर की जाए तो दुनिया का नंबर एक गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती स्पिन गेंदबाजी की अगवाई करते हैं तो वही दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजी की कमान अपने हाथों में खुद लेकर टीम के लिए संकटमोचक साबित होते हैं सेमीफाइनल में और फाइनल में मिली जीत का आधार भी जसप्रीत बुमराह ही रहे हैं। दुनिया की तमाम क्रिकेट एक्सपर्ट भी मानते हैं कि पिच सपाट हो या उछाल भरा हो जसप्रीत बुमराह दुनिया के किसी भी विकेट पर विपक्षी बल्लेबाजों को धराशाई कर देते हैं।

**यह टीम इंडिया की प्रतिबद्धता कड़ी मेहनत और कुशलता का प्रमाण है कि लगातार दो बार 120 गेंदों में 250 प्लस का स्कोर बनाना हर किसी टीम के बूते की बात नहीं है। इसके अलावा सुपर 8 का वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो वाले मैच में टीम इंडिया का 195 रनों का चेस भी अपने आप में टीम इंडिया की उपलब्धि बयान करता है। भारत की मौजूदा टी-20 क्रिकेट टीम में एक से बढ़कर एक स्टार खिलाड़ी है इस टीम को देखकर 1980 के दशक की वेस्टइंडीज टीम , 2000 के बाद की रिकी पोंटिंग के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की याद दिलाती है।**

संजू सैमसंग की वेस्टइंडीज के खिलाफ 97 की नाबाद पारी सेमी फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 89 और फाइनल में भी न्यूजीलैंड के खिलाफ तेज तर्रार 89 रनों की पारी हमेशा क्रिकेट इतिहास में याद रखी जाएगी। सूर्य कुमार यादव की यह टीम क्रिकेट की दुनिया में कई दशक तक याद रखी जाएगी। याद रखे जाने के कई महत्वपूर्ण कारण ये हैं कि जो भारतीय खिलाड़ी बल्लेबाजी कर रहे हैं वो नेक्स्ट लेवल बेटिंग कही जा सकती है। अब से 20 वर्ष पूर्व 2005 में जब टी-20 क्रिकेट की शुरुआत हुई, तब 150 रनों का लक्ष्य बहुत बड़ा माना जाता था। जैसे-जैसे फटाफट क्रिकेट का दौर बढ़ता गया, वैसे-वैसे ही इस फॉर्मेट में रन टारगेट भी बढ़ता चला गया। मौजूदा दौर में यदि कोई टीम अभी भी 200 रन बना लेती है, तो सामने वाली टीम को मैच जीतने में पसीने छूट जाते हैं, जबकि टीम इंडिया ने इस चुनौती को और बड़ा कर दिया है। पिछले दो-तीन वर्षों से देखने में आ रहा है कि टीम इंडिया 240 से 260 रनों का टारगेट कई बार प्रतिद्वंद्वी टीमों को दे चुकी है।

# शीतला अष्टमी : भक्ति, स्वास्थ्य व समर्पण का संगम

**शीतला माता से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक प्रसिद्ध कथा के अनुसार, एक गांव में एक महिला ने शीतला माता की पूजा न करके ताजा भोजन बनाया और अपने परिवार को खिलाया। माता शीतला इस पर कुपित हो गईं और उस गांव में चेचक का प्रकोप फैल गया। जब गांव वालों ने पश्चाताप कर माता की विधिवत पूजा की और बासी भोजन ग्रहण किया तो रोग समाप्त हो गया। इस घटना के बाद से लोग शीतला अष्टमी पर बासी भोजन खाने की परंपरा का पालन करने लगे। एक अन्य कथा के अनुसार, एक बार भगवान शिव और माता पार्वती ने देवी शीतला से उनके प्रभाव के बारे में पूछा।**



श्वेता गोयल

शीतला अष्टमी, जिसे 'बसोड़ा' के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे विशेष रूप से भारत के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार होली के बाद चौत्र मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है और मुख्य रूप से देवी शीतला माता की उपासना के लिए समर्पित है, जिनको लेकर मान्यता है कि वे चेचक, फोड़े-फुंसी, त्वचा संबंधी रोगों तथा अन्य संक्रामक बीमारियों से रक्षा करती हैं। पंचांग के अनुसार शीतला अष्टमी का व्रत इस साल 11 मार्च 2026 को रखा जाएगा। चौत्र मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी 11 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 1:54 बजे से प्रारंभ होकर अगले दिन 12 मार्च को भोर के समय 4:19 बजे तक रहेगी, ऐसे में उदया तिथि के अनुसार शीतला अष्टमी 11 मार्च को मनाई जाएगी। शीतला अष्टमी का मुख्य उद्देश्य शीतला माता की पूजा करना है, जिन्हें रोगों से मुक्ति और स्वास्थ्य प्रदान करने वाली देवी माना जाता है। इस दिन लोग बासी भोजन का भोग लगाकर और शीतला माता की पूजा करके उनसे आशीर्वाद मांगते हैं। चूंकि इस दिन बासी भोजन खाने की परंपरा है, इसीलिए कई स्थानों पर इसे बसोड़ा पर्व के रूप में जाना जाता है। शीतला माता की पूजा में बासी भोजन का भोग लगाया जाता है, जिसे एक दिन पहले बनाया जाता है। इस भोजन में आमतौर पर मीठे चावल, दही, पूड़ी और सब्जी शामिल होती हैं।

### पुराणों में शीतला अष्टमी की महिमा

पुराणों में भी शीतला अष्टमी की महिमा उल्लेखित है। स्कंद पुराण, भविष्य पुराण और देवी भागवत जैसे ग्रंथों में देवी शीतला की महत्ता का उल्लेख किया गया है। शीतला माता को रोग-निवारण करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है और उन्हें शांत, सौम्य और वात्सल्यपूर्ण स्वरूप में देखा जाता है। उनकी सवारी गधा मानी जाती है और उनके हाथों में झाड़ू तथा कलश होता है, जो स्वच्छता और रोग निवारण का प्रतीक हैं। शीतला अष्टमी का धार्मिक के साथ सांस्कृतिक और ऐतिहा. सिक महत्व भी है। यह त्योहार हमें हमारी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं से जोड़ता है और हमें स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की याद दिलाता है तथा यह भी स्मरण कराता है कि हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना चाहिए। शीतला माता की पूजा करने से हमें स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व का अहसास होता है। शीतला माता की पूजा करने से रोगों से मुक्ति मिलती है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इस पर्व की शुरुआत प्राचीन काल में हुई मानी जाती है, जब समाज में संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए विशेष पूजा-पद्धतियों को अपनाया गया। चेचक जैसी बीमारियों से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए शीतला माता की आराधना की जाने लगी। मान्यता है कि जो भक्त इस दिन विधिपूर्वक व्रत रखते हैं और माता की पूजा करते हैं, उन्हें रोगों से मुक्ति मिलती है तथा परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

### लोक परंपराएं और धार्मिक मान्यताएं

शीतला अष्टमी के साथ कई लोक परंपराएं जुड़ी हुई हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न रूपों में प्रचलित हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में यह पर्व विशेष उत्साह के साथ मनाया जाता है। राजस्थान में तो शीतला माता के बड़े-बड़े मंदिर हैं, जहां इस दिन श्रद्धालु विशेष रूप से दर्शन करने जाते हैं। इस दिन घरों में चूल्हा जलाने की मनाही होती है क्योंकि माना जाता है कि बासी भोजन में शीतलता होती है, जो शरीर को ठंडक प्रदान करती है और बीमारियों से बचाती है। इस दिन विशेष रूप से महिलाएं अपने घर की सफाई करती हैं और रोगों से बचाव के लिए शुद्धता बनाए रखने का संकल्प लेती हैं। कई स्थानों पर लोग इस दिन गधे की पूजा भी करते हैं क्योंकि गधे को शीतला माता का वाहन माना जाता है। कुछ स्थानों पर इस दिन गधों को स्नान कराकर उन्हें भोजन खिलाने की परंपरा भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खुद को फुटबॉल का पेले कहने वाले ओली की गति सबसे बुरी



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल का चुनाव परिणाम आ चुका है। काठमांडू के पूर्व मेयर जो एक उच्च शिक्षित इंजिनियर के साथ साथ रैपर भी हैं,इनकी सुनामी में कम्युनिस्ट नेता प्रचंड को छोड़ सबके सब लापता हो गए। एमाले नेता और चार बार के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली कहते थे कि दुनिया में कोई मां का लाल नहीं है जो उन्हें हटा सके,केपी ओली आज द केपी ओली कहते हुए वे खुद को फुटबाल का पेले मानते थे। झापा क्षेत्र संख्या पांच से केपी ओली 50,000 अधिक के अंतर चुनाव सारे हैं। हराया कौन है? वही 35 वर्षीय गबरू जवान जिले दुनिया वालेन शाह के नाम से जाना रही है।

काठमांडू का मेयर रहते टाइम मैगजीन ने इस शख्स को दुनिया के सौ बड़ी शख्सियतों में सुमार कर बड़ी से बड़ी शख्सियतों को चौंका दिया था। नेपाल में विरोधी तो उपहास तक उड़ाने लगे। इस सबसे बेफिक्र बालेन शाह चुपचाप अपना काम करते रहे। बताने की जरूरत नहीं कि 2023 में वे काठमांडू जैसे नेपाल के सबसे बड़े महानगर का मेयर निर्दल चुनाव लड़ कर जीते थे। ठीक 6 महीने पूर्व जेन जी आंदोलन का बड़ा चेहरा बनकर उभरे बालेन शाह चुनाव की घोषणा के बाद पूर्व गृहमंत्री रवि लामी छाने की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हुए और एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को नेपाल की राजनीति से करीब कघ्रीब रुखसत कर दिया। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अंदरूनी लहर में सभी पुरानी पार्टियां अपना अस्तित्व बचाने को जूझते हुए दिखाई पड़ीं। सबसे बड़ी व पुरानी पार्टी नेपाली कांग्रेस के हिस्से में महज 18 सीटें आई। इसके नीचे बाकी सभी पार्टियां रहीं। 275 के संसद में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 185 सदस्यों के बीच दस पांच सदस्यों वाली ए पार्टियां करेंगी क्या,अब इस पर बहस शुरू हो गई है। नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझ कर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की .ढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है जहां उनमें पलायन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रभावशाली लोगों के बच्चों तक ही सीमित सुख और अ"याशी पूर्ण जीवन शैली की आग धधक रही थी। देखा जाए तो चुनावी लहर इसे ही कहते हैं जहां किसी के पक्ष में सहानुभूति की जगह बदले की आग थी जिसकी लपटों में नेपाल की एक से एक पुरानी पार्टियां जलकर राख हो गई। यहां नेपाली कांग्रेस भी भस्म हुई तो कम्युनिस्ट पार्टियां भी स्वाहा हो गई। नेपाल से कम्युनिस्ट पार्टियों का खात्मा भारत के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है।

चुनाव प्रारंभ होने के कुछ दिन बाद तक राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को शहरी प्रभाव वाली पार्टी कहकर इसके सीमित क्षेत्रों तक सिमटने का कयास लगाया जा रहा था और चार बार के प्रधानमंत्री ओली को धूल चटाते हुए एतिहासिक मतों के अंतर से जीते काठमांडू के पूर्व मेयर और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री का चेहरा रहे बालेन शाह को कड़े मुकाबले में फंसना बताया जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों के सारे के सारे अनुमान धरे के धरे रह गए। चुनाव नतीजों में हर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सुनामी से यह साफ हो गया है कि राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल को पहली मर्तबा प्रचंड बहुमत की सरकार नसीब होने जा रहा है। इस चुनाव परिणाम से सर्वाधिक खुश नेपाल के वे 70 प्रतिशत युवा हैं जिन्होंने एतिहासिक बदलाव की इबारत लिखी। सरकार बालेन शाह के नेतृत्व में बनना तय है। पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने ने बालेन शाह को पार्टी में शामिल होते ही प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया था। नेपाल की राजनीति में पत्रकार से राजनेता बने रवि लामी छाने की इस चुनावी बिसात की तारीफ हर ओर हो रही है। नई सरकार में रवि लामी छाने गृहमंत्री होंगे,यह भी तय है। सरकार गठन के पूर्व उन्होंने लंबे समय तक सरकार में रहे राजनीतिक दलों से 40 साल का हिसाब लेने का बयान देकर पुरानी राजनीतिक दलों में खलबली मचा दी है। उनका यह बयान भ्रष्टाचार के विरुद्ध खुली जंग के ऐलान के रूप में देखा जा रहा है।

बता दें कि नेपाली कांग्रेस हो या एमाले, घूम फिर कर सरकार इन्हीं के नेतृत्व में बनती रही है। देखा जाए तो 2008 के बाद नेपाल में सरकार सरकार का खेल ऐसा चला कि ए जनता की ताकत को ही भूल गए। ए लोग केवल अपने और अपने परिवार के विकास तक ही सीमित रहे। एमाले और नेपाली कांग्रेस के एक से एक बड़े नेताओं के हाथ भ्रष्टाचार से सने हुए हैं। जैसा कि रवि लामी छाने ने कहा, यदि वे इस पर अमल कर ले गए तो यकीन मानिए, एमाले और नेपाली कांग्रेस के ढेर सारे बड़े नेता सलाखों के पीछे होंगे। मुमकिन यह भ्रष्टाचार के खिलाफ इस मुहिम में इस बार नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा भी न बच पाएं। इन दोनों पर भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप है। ओली सरकार में बहुत कम दिनों तक गृहमंत्री रहे रवि लामी छाने की छवि एक सख्त गृहमंत्री की उभर कर जनता के सामने आई थी। उन्होंने एक से एक राजनीतिक भ्रष्टाचार को उजागर कर जनता में अपनी छवि ईमानदार नेता की बना ली थी। अमरीकी पृष्ठभूमि के रवि लामी छाने का रुख भारत के प्रति कैसा होता है यह देखना दिलचस्प होगा। हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने चुनाव परिणाम में पार्टी की बढ़त के बीच काठमांडू में मीडिया के सवालों के जवाब में साफ कहा कि भारत से मधुर संबंध को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है। उसे साथ लेकर नेपाल को आगे बढ़ाएंगे, लेकिन बालेन शाह जो हैं तो चीन के खिलाफ लेकिन भारत के प्रति उनके रुखघ्को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है क्योंकि बतौर मेयर उनका अपने कक्ष में ग्रेटर नेपाल का लगाया मानचित्र भारत को खटकता रहा क्योंकि इस नक्शे में भारत के कई इलाकों को नेपाली भू-क्षेत्र दर्शाया गया है। खैर तब वे मेयर थे अब वे एक ऐसे राष्ट्र के प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं जिसका संबंध भारत से केवल खानापूर्ति जैसा नहीं है, दोनों के बीच रोटी बेटी का सदियों पुराना रिश्ता है ही, दोनों देश भौगोलिक, रीत रिवाज और सांस्कृतिक सभ्यता की दृष्टिकोण से भी एक दूसरे से जुड़े हैं। भारत नेपाल के संबंधों को नजदीक से जानने वालों द्वारा दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी संधियों और समझौते की पुनर्समीक्षा की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल नेपाल की संभावित बालेन सरकार इसे लेकर शायद ही कोई जल्दबाजी दिखाएं। माना कि वे राजनीति के मजे मजाए खिलाड़ी न हों लेकिन एक उच्च शिक्षित शख्सियत तो हैं ही। वेशक वे नेपाल के अबतक के इतिहास में सबसे कम उम्र 35 वर्ष के प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं लेकिन यह उनके सरकार चलाने में आड़े आए,ऐसी सोच ठीक नहीं है। बालेन शाह से नेपाल के युवाओं और महिलाओं को काफी उम्मीदें हैं। वे जेन जी आंदोलन का प्रमुख चेहरा थे। आज उनकी इस बात को लेकर तारीफ हो रही है कि जो शख्स नेपाल के दुश्वारियों को भांप कर सरकार अपदस्थ करने का माद्दा रखता हो, उसके सरकार चलाने में किसी संशय की गुंजाइश नहीं है। ऐसे चुनाव परिणाम की आशा विपक्षी दलों को नहीं थी। पुरानी कोई भी पार्टी विपक्ष के लायक भी सीटें जीतने की स्थिति में नहीं आ पाई। इसी चुनाव में नेपाली कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष गगन थापा की भी परीक्षा हो गई। सबसे बुरे दौर में नेपाली कांग्रेस आ खड़ी हुई। बालेन शाह के नेतृत्व में बनने जा रही नेपाल की पूर्ण बहुमत की सरकार के काम काज के तरीकों पर दुनिया की नजर रहना स्वाभाविक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जंग के बीच ईरान में नए युग की शुरुआत

## अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई बने ईरान के नए सर्वोच्च नेता, पिता अयातुल्ला अली खामेनेई का लेंगे स्थान



■ ईरानी सेना अधिकारियों और जनता ने खामेनेई के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली है

**तेहरान/नई दिल्ली।** अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया है। वह अपने पिता अयातुल्ला अली खामेनेई का स्थान लेंगे, जो 28 फरवरी को इजरायल-अमेरिका के हवाई हमले में मारे गए थे। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) ने बताया कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की विशेषज्ञों की परिषद (असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स) ने सोमवार तड़के अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामेनेई को इस्लामिक क्रांति का तीसरा नेता घोषित किया। एक बयान में, परिषद ने कहा कि अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई की 'शहादत' के तुरंत बाद, युद्ध की स्थिति, दुश्मन की धमकियों और असेंबली के कार्यालयों पर बमबारी के बावजूद, उन्होंने नया नेता चुनने में कोई संकोच नहीं किया। बयान में कहा गया कि अपने संवैधानिक और आंतरिक कर्तव्यों के अनुरूप, परिषद ने तेजी से एक असाधारण सत्र बुलाने और उत्तराधिकारी नियुक्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए। आठ सितम्बर 1969 को मशहद में जन्मे मोजतबा खामेनेई, अली खामेनेई के दूसरे बेटे हैं। 88 सदस्यीय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने अमेरिका और इजरायल के साथ युद्ध शुरू होने के एक सप्ताह से कुछ अधिक समय बाद उन्हें इस्लामिक गणराज्य का नया सर्वोच्च नेता नामित किया है। अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद, तीन सदस्यीय एक अस्थायी नेतृत्व परिषद ने नया नेता चुने जाने तक देश का नेतृत्व किया। इस परिषद में जिसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और न्यायपालिका प्रमुख गुलामहुसैन मोहसेनी-एजेई शामिल थे। एमएनए के अनुसार, ईरानी सेना, अधिकारियों और जनता ने खामेनेई के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली है। सोमवार तड़के जारी बयानों में, ईरान के अधिकारियों और संगठनों ने नए चुने गए नेता के प्रति अपनी वफादारी की घोषणा की। ईरान के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने खामेनेई के प्रति निष्ठा जताते हुए एक बयान में पुष्टि की कि वे दुश्मनों की साजिशों के खिलाफ खड़े रहेंगे और देश की रक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। शिया धर्मगुरु खामेनेई (56) ईरानी सत्ता के गलियारों में सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक हैं और उन्हें शक्तिशाली 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) का करीबी माना जाता है। ईरान की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने ईरानी लोगों से नए चुने गए नेता के पीछे खड़े होने और 'एकता बनाए रखने' का आग्रह किया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि खामेनेई का बेटा उन्हें 'अस्वीकार्य' होगा। उन्होंने कहा था कि यदि नियुक्ति उनकी इच्छा के अनुसार नहीं हुई, तो ईरान का नया नेता ज्यादा समय तक नहीं टिक पाएगा।

## नामीबिया से आई चीता 'ज्वाला' ने कुनो राष्ट्रीय उद्यान में दिया पांच शावकों को जन्म

**नई दिल्ली।** नामीबिया से आई चीता 'ज्वाला' ने मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच शावकों को जन्म दिया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस जन्म के साथ, भारत में जन्मे स्वस्थ शावकों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत की चीता संरक्षण यात्रा में यह एक और महत्वपूर्ण सफलता है। यादव ने इसे 'प्रोजेक्ट चीता' के लिए अत्यंत गर्व का क्षण बताया और कहा कि यह उपलब्धि पशु चिकित्सकों, फील्ड स्टाफ और इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों के समर्पित प्रयासों को दर्शाती है। उन्होंने यह भी बताया कि इन शावकों के जन्म के साथ भारत में चीतों की कुल संख्या 53 हो गई है।



नई दिल्ली। ईरानी सांस्कृतिक केंद्र और दूतावास के दौरे के दौरान पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती बात करते हुए।

## चीन ने 'ताइवान की स्वतंत्रता' की मांग करने वाले अलगाववादियों को कड़ी सजा दी

**बीजिंग।** चीन ने 2025 में 'ताइवान की स्वतंत्रता' की मांग करने वाले कट्टर अलगाववादियों को कड़ी सजा दी है। सुप्रीम पीपुल्स कोर्ट ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। राष्ट्रीय संसद सत्र में विचार-विमर्श के लिए जमा की गई रिपोर्ट के अनुसार, चीन में अलगाव रोधी कानून को सख्ती से लागू किया गया है। सुप्रीम पीपुल्स प्रोक्यूरेटोरेट ने उसी दिन समीक्षा के लिए जमा की गई अपनी वर्क रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए अलगाववाद को भड़काने के अपराधों के लिए कट्टर 'ताइवान की स्वतंत्रता' के अलगाववादियों को कानून के अनुसार सजा दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिगो के खराब रोस्टर प्रबंधन के कारण काहिरा में फंसे 250 यात्री

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो की रोस्टर प्रबंधन में विफलता एक बार फिर सामने आई है, लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट को पायलट-ड्यूटी से संबंधित नियमों के कारण काहिरा में उतारना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि उड़ान संख्या 6ई 2 लंदन से मुंबई जा रही थी, लेकिन पायलट की ड्यूटी की अधिकतम सीमा का उल्लंघन हो रहा था, इसलिए उड़ान को मिस्र की राजधानी काहिरा में उतारा गया। उन्होंने बताया कि उड़ान काहिरा से मंगलवार सुबह मुंबई के लिए उड़ान भरेगी। उड़ानों की ट्रैकिंग करने वाली एजेंसी फ्लाइट रडार के अनुसार, यह उड़ान भारतीय समय के अनुसार, सोमवार तड़के 3:05 बजे लंदन से रवाना हुई थी।

### अमेरिका के दूत स्टीव विटकॉफ इजरायल जाएंगे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद, उद्यमी जेरेड कुशनर मंगलवार को इजरायल जाएंगे। मीडिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों नेता दौरे के दौरान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलेंगे।

### बेल्जियम के लिएज में सिनेगॉग के बाहर धमाका

**ब्रुसेल्स।** बेल्जियम के लिएज शहर में एक सिनेगॉग (यहुदी उपासना स्थल) के पास विस्फोट हुआ। बेल्गा समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में स्थानीय पुलिस के हवाले से जानकारी दी गई है कि सोमवार को हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन इमारत को नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट के अनुसार, यह विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:00 बजे (03:00 जीएमटी) हुआ। धमाके के कारण इमारत की खिड़कियों के शीशे टूट गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। सिनेगॉग के सामने वाली सड़क की घेराबंदी कर दी गई है और मामले की जांच जारी है।

# पश्चिम एशिया में युद्ध का कोई उद्देश्य साफ नहीं: जैक सुलिवन

## पूर्व अमेरिकी एनएसए ने ईरान से जंग पर जताई चिंता, ट्रम्प की रणनीति की आलोचना की



■ अमेरिकी संसद में एच-1बी प्रतिबंध खत्म करने को विधेयक पेश, डोनाल्ड ट्रम्प को चुनौती
■ ट्रम्प प्रशासन की वेनेजुएला में पहले की कार्रवाई से गलत सबक लेने की भी आलोचना की

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष अब अपने दसवें दिन में प्रवेश कर चुका है। इसके बाद भी ये संघर्ष कम होने के बजाय और भयावह रूप लेता नजर आ रहा है। इसी बीच अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन के ईरान के साथ युद्ध को लेकर चिंता व्यक्त की है। साथ ही ट्रम्प की ईरान के साथ युद्ध नीति की आलोचना भी की है। उन्होंने कहा है कि युद्ध एक स्पष्ट रणनीतिक उद्देश्य के बिना भटक सकता है, भले ही अमेरिकी सैन्य अभियान सामरिक स्तर पर सफल दिख रहे हों।

सुलिवन ने सीएनएन के शो 'फरेद जकारिया जीपीएस' में कहा कि अमेरिकी सेना बहुत कुशल, साहसी और पेशेवर है, लेकिन युद्ध का अंतिम उद्देश्य अब भी साफ नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह युद्ध अमेरिकी सैनिकों के लिए खतरा पैदा कर रहा है, और अब तक सात सैनिकों की जान जा चुकी है। उनका कहना है कि प्रशासन ने युद्ध के लिए कई अलग-अलग वजहें बताई हैं, लेकिन कोई स्पष्ट रणनीति नहीं है, और यह समय के साथ बदलती रहती हैं। सुलिवन ने आगे कहा कि युद्ध के शुरुआती एक हफ्ते से भी ज्यादा समय बाद अस्पष्ट रणनीति एक गंभीर जोखिम है। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन की वेनेजुएला में पहले की कार्रवाई से गलत सबक लेने की भी आलोचना की। उनका कहना है कि इससे यह संदेश जा सकता है कि अमेरिका कहीं भी, किसी भी समय सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकता है। इसके साथ ही सुलिवन ने चेतावनी दी कि इस युद्ध के अनपेक्षित भू-राजनीतिक परिणाम हो सकते हैं, जिससे खासकर रूस को फायदा होगा।

उन्होंने कहा कि रूस अमेरिकी सैनिकों के ठिकानों की जानकारी हासिल कर ईरान को मदद दे सकता है। इसके अलावा पूर्व सलाहकार ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू करने का फैसला यूक्रेन के लिए अमेरिका के समर्थन को कमजोर करता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह युद्ध भू-राजनीति में खतरनाक मिसाल बना सकता है, और चीन इसे यह सोचकर देख सकता है कि ताइवान पर सैन्य कार्रवाई करने की उसकी क्षमता बढ़ गई है। सुलिवन ने निष्कर्ष निकाला कि युद्ध के बिना स्पष्ट रणनीति के जारी रहने से न सिर्फ अमेरिकी सैनिक खतरे में हैं, बल्कि यह दुनिया भर में बड़े देशों के लिए गलत संदेश भी भेज सकता है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा एच-1बी वीजा से संबंधित लागू किए गए कड़े प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में एक नया विधेयक पेश किया गया है। डेमोक्रेटिक सांसद बोनी वाटसन कोलमैन ने यह विधेयक पेश कर राष्ट्रपति ट्रम्प के उस फैसले को निरस्त करने की मांग की है, जिसमें एच-1बी वीजा पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियुक्त करने वाले नियोक्ताओं पर सख्त वेतन शर्तें और भारी शुल्क लगाए गए थे। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सितम्बर 2025 में एक ऐसे फैसले की घोषणा की थी, जिसके तहत एच-1बी वीजा कर्मचारियों के लिए अनिवार्य वेतन स्तर को काफी बढ़ा दिया गया और ऐसे कर्मचारियों को रखने वाले नियोक्ताओं पर एक लाख डालर का शुल्क भी लगाया गया। इस फैसले का उद्देश्य कथित तौर पर अमेरिकी श्रमिकों के हितों की रक्षा करना था। हालांकि, डेमोक्रेटिक सांसद कोलमैन का मानना है कि यह 'अल्पदृष्टि वाली घोषणा' अमेरिकी नियोक्ताओं, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और शोध संस्थानों के लिए बड़ी बाधाएं खड़ी कर रही है। ये संस्थान उच्च कौशल वाले पेशेवरों पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं। कोलमैन ने जोर देकर कहा कि एच-1बी वीजा प्रोग्राम कभी भी घरेलू वर्कफोर्स का विकल्प नहीं रहा है, बल्कि यह अमेरिकी और वैश्विक प्रतिभा के बीच एक सेतु का काम करता है, जो देश की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करता है। एच-1बी वीजा प्रोग्राम अमेरिकी नियोक्ताओं को उन विशेष क्षेत्रों में विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जहाँ कुशल श्रमिकों की कमी होती है। विशेष रूप से टेक्नोलाजी, इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में इस कार्यक्रम की महत्ता सर्वविदित है। कोलमैन के विधेयक को कई लोगों का समर्थन मिला है। समर्थकों का कहना है कि अधिक वेतन सीमा और महंगे शुल्क के कारण कार्यक्रम को कड़ा बनाने से उन संस्थानों के लिए आवश्यक प्रतिभा को आकर्षित करना मुश्किल हो गया है, जो नवाचार (इनोवेशन) और महत्वपूर्ण सेवाओं को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने से पहले नेतन्याहू से भी बात होगी: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ जारी संघर्ष को कब समाप्त करना है इसका निर्णय इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मिलकर लिया जाएगा।

'द टाइम्स ऑफ इजराइल' के साथ एक टेलीफोन साक्षात्कार में अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि वर्तमान सैन्य कार्रवाई से पहले ईरान इजराइल को नष्ट करने के करीब था। उन्होंने कहा कि ईरान इजराइल और उसके आसपास की हर चीज को तबाह करने जा रहा था। हमने मिलकर काम किया है। हमने उस देश को नष्ट कर दिया है जो इजराइल को मिटाना चाहता था।" यह पूछे जाने पर कि क्या अभियान को रोकने का अधिकार पूरी तरह से अमेरिका के पास है या इस निर्णय में इजराइल का भी समान प्रभाव है, ट्रम्प ने संकेत दिया कि दोनों नेता एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह कुछ हद तक आपसी है। हम बात कर रहे हैं। मैं सही समय पर फैसला लूंगा, लेकिन हर बात को ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि अंतिम फैसला उनका होगा, लेकिन नेतन्याहू के विचारों पर भी विचार किया जाएगा। जब ट्रम्प से पूछा गया कि यदि अमेरिका अपनी तरफ से कार्रवाई रोक देता है, तो क्या इजराइल स्वतंत्र रूप से सैन्य अभियान जारी रख सकता है, तब उन्होंने इस संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसकी आवश्यकता होगी। ये टिप्पणियां तब आई हैं जब व्हाइट हाउस ने सुझाव दिया है कि यह संघर्ष चार से छह सप्ताह तक चल सकता है, हालांकि ट्रम्प ने किसी विशिष्ट समय सीमा की घोषणा नहीं की है। यह लड़ाई 28 फरवरी को अमेरिकी-इजरायली सैन्य अभियान के साथ शुरू हुई थी। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। यह साक्षात्कार ईरान द्वारा मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता चुने जाने की घोषणा के कुछ ही समय बाद हुआ।

## पाक में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में करीब 20 आतंकी ढेर किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मुठभेड़ में करीब 20 आतंकियों को ढेर कर दिया है।

खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने पांच अलग-अलग खुफिया अभियानों में 13 आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना की मीडिया विंग आईएसपीआर ने रविवार को बताया कि ये अभियान 6 और 7 मार्च को चलाए गए थे। सबसे बड़ी कार्रवाई बाजौर जिले में हुई, जहां भीषण गोलाबारी के बाद पांच आतंकियों को ढेर कर दिया गया। इसके अलावा बन्नू, डेरा इस्माइल खान, खैबर और दक्षिण वजीरिस्तान जिलों में हुई मुठभेड़ों में आठ अन्य आतंकी मारे गए। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने रविवार रात पंजाब प्रांत में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के चार आतंकवादियों को मार गिराया। पंजाब पुलिस के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) के अनुसार, पंजाब का डेरा गाजी खान जिला एक बड़े आतंकवादी हमले से बाल-बाल बच गया, क्योंकि 'फितना अल-खवारिज' (टीटीपी) के चार आतंकवादी सीमावर्ती गांव जोतार के पास सीटीडी के साथ गोलीबारी में मारे गए। इलाके में लगभग 15 आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद एक खुफिया ऑपरेशन चलाया, जिन्होंने डीजी खान में पुलिस चेकपाइंट और अन्य सरकारी ठिकानों पर हमला करने की योजना को अंतिम रूप दिया था।

## फिलीपींस के बाद अब इंडोनेशिया खरीदने जा रहा है ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल एक बार फिर सुर्खियों में है और फिलीपीन्स के बाद इंडोनेशिया भी अपने सशस्त्र बलों के लिए यह मिसाइल प्रणाली खरीदने जा रहा है। इंडोनेशिया की मीडिया रिपोर्टों में वहां के रक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि उसने ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की खरीद को अंतिम रूप दे दिया है। लंबे समय से चली आ रही बातचीत के बाद इस सौदे को अंतिम रूप दिया गया है। हालाकि अभी इस बारे में कोई औपचारिक अनुबंध नहीं हुआ है।

# ईरान की मदद क्यों नहीं कर रहे हूती विद्रोही

## 10 दिन बाद भी जंग से दूर शिया लड़ाके, समर्थन में सिर्फ बयान दे रहे ईरान के सहयोगी माने जाते हैं यमन के हूती विद्रोही

■ अक्टूबर 2023 में गाजा जंग शुरू होने के बाद कई बार इजरायल और हूती विद्रोही एक-दूसरे पर हमला कर चुके हैं
■ पिछले साल जून में इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन जंग चली थी

**तेहरान।** इजरायल और अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव फैल गया है। इस जंग में ईरान, इजरायल, सऊदी, लेबनान, यूएई जैसे मिडिल ईस्ट के कुल 12 देश शामिल हो चुके हैं। हालांकि जंग के 10 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक यमन इससे दूर है। यमन में हूती विद्रोही रहते हैं जो कि ईरान के सहयोगी माने जाते हैं।

अक्टूबर 2023 में गाजा जंग शुरू होने के बाद कई बार इजरायल और हूती विद्रोही एक-दूसरे पर हमला कर चुके हैं। पिछले साल जून में इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन जंग चली थी, तब भी हूती विद्रोही इस जंग में शामिल थे। हालांकि इस बार 28 फरवरी से जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले शुरू किए, तब से अब तक हूती विद्रोहियों ने ईरान का समर्थन केवल बयानों के जरिए ही किया है। हालांकि यह साफ नहीं है कि वे आगे भी इस जंग से दूर रहेंगे या नहीं। यमन अभी तक इजरायल और अमेरिका के हमलों से बचा हुआ है। अल जजीरा के मुताबिक एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि हूती जंग में हिस्सा लेंगे। फिलहाल उनका इससे दूर रहना किसी रणनीति से जुड़ा हो सकता है। मिडिल ईस्ट मामलों पर नजर रखने वाले लुका नेवोला ने अल जजीरा से कहा कि हूती विद्रोहियों की सबसे बड़ी प्राथमिकता यह है कि अमेरिका और इजरायल की सीधी जवाबी कार्रवाई से बचा जाए। पिछले साल अगस्त में इजरायल ने यमन में हवाई हमले किए थे, जिनमें हूती सरकार के कम से कम 12 सीनियर मेंबर मारे गए थे। इनमें प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी और आर्मी चीफ मोहम्मद अल-घुमारी भी शामिल थे। यह हूती विद्रोहियों के लिए बहुत बड़ा नुकसान था। अमेरिका तथा इजरायल के साथ टकराव में उनकी सबसे बड़े नुकसान में से एक माना गया था। अहमद अल रहावी की मौत 28 अगस्त 2025 को सना (यमन) में इजरायली एयरस्ट्राइक में हुई थी। इस घटना और पिछले साल हुए अन्य हमलों के बाद हूती लीडरशिप अब ज्यादा सतर्क हो गया है। उन्हें डर है कि अगर वे बड़ा कदम उठाते हैं तो उनके नियंत्रण वाले इलाकों पर भारी हवाई हमले हो सकते हैं। नेवोला के मुताबिक हूती विद्रोहियों को इजरायल की खुफिया क्षमता से भी डर है और उन्हें आशंका है कि उनकी टॉप लीडरशिप को निशाना बनाया जा सकता है।

# ईरान जंग से कच्चा तेल 2022 के बाद सबसे महंगा

## अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 115 डॉलर के पार निकला, एक्सपर्ट बोले: 150 डॉलर तक पहुंच सकती हैं कीमत




■ दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है, सऊदी अरब, इराक व कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम साढ़े तीन साल के हाई पर पहुंच गए हैं। आज यानी 9 मार्च को कारोबार के दौरान ये 25 प्रतिशत बढ़कर 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। हालांकि बाद में ये थोड़ा नीचे आया और ये अब 105 डॉलर के करीब है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन जंग से कच्चा तेल 100 डॉलर के पार निकला था।

क्रूड आयल बढ़ने की सबसे बड़ी वजह 'स्ट्रेट आफ होर्मुज' का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 प्रतिशत हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। ईरान खुद इसी रूट से एक्सपोर्ट करता है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के जवाब में, ईरान ने कतर, सऊदी अरब और कुवैत की आयल फैसिलिटीज पर ड्रोन हमले किए हैं। इन हमलों के कारण इन देशों को अपने उत्पादन में कटौती करनी पड़ी है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने धमकी दी है कि वे क्षेत्र के अन्य ऊर्जा ठिकानों को भी निशाना बनाएंगे। 2 मार्च को ईरान ने ड्रोन से सरकारी तेल कंपनी सऊदी अरामको की तेल रिफाइनरी रास तनूरा पर हमला किया था। यह दुनिया की सबसे बड़ी तेल और गैस कंपनियों में से एक है। ब्रेंट क्रूड आज 10प्रतिशत से ज्यादा चढ़कर 105 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेड कर रहा है। 28 फरवरी को शुरू हुई जंग के बाद से 10 दिन में कच्चा तेल करीब 50प्रतिशत महंगा हो चुका है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन जंग के दौरान ये 100 डॉलर के पार निकला था। जानकारों का मानना है कि तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता है। ये 5 से 6 रुपये लीटर तक महंगा हो सकता है। हालांकि भारत सरकार का कहना है कि हमारे पास पर्याप्त तेल है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह बैकअप इतना है कि अगर सप्लाई पूरी तरह रुक भी जाए तो भी देश की पूरी सप्लाई चेन 7 से 8 हफ्तों तक आसानी से चल सकती है। यानी आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल और दूसरे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की कमी की ज्यादा चिंता नहीं है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट ने 6 मार्च को बताया था कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट दी जा रही है। इसके लिए अमेरिकी ट्रेजरी विभाग की ओर से भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है। रूस-यूक्रेन युद्ध के शुरू होने के बाद भारत ने रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदना शुरू किया था, लेकिन अमेरिका भारत पर इसकी खरीद रोकने का दबाव बनाता रहा है।

## नेपाल संसदीय चुनाव में 14 महिलाओं की जीत

**काठमांडू।** नेपाल में हाल ही में संपन्न संसदीय चुनाव में 14 महिलाएं संसद के लिए चुनी गई हैं, जो कुल सीटों का करीब आठ प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। इनमें से 13 सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने जीत दर्ज की है, जबकि एक सीट नेपाली कांग्रेस के खाते में गई है। यह आंकड़ा पिछले चुनावों की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। वर्ष 2022 के चुनाव में केवल 9 महिला उम्मीदवार ही जीत पाई थीं, जो कुल सीटों का करीब 5.45 प्रतिशत थीं। नेपाल के संविधान में संसद में महिलाओं के लिए कम से कम 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व का प्रावधान है, लेकिन अब तक राजनीतिक दल इस लक्ष्य को पूरा करने में सफल नहीं हो पाए हैं। प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत इस बार 14 महिलाओं की जीत के साथ उनका प्रतिनिधित्व लगभग 8.48 प्रतिशत तक पहुंचा है। नेपाल की प्रतिनिधि सभा में कुल 275 सीटें हैं। इनमें से 165 सदस्य प्रत्यक्ष चुनाव के जरिए चुने जाते हैं, जबकि 110 सदस्य आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से संसद में आते हैं। इस बार चुनाव में कई महिला उम्मीदवारों ने बड़े नेताओं को हराकर जीत हासिल की।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108